राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in

# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 14
अंक : 172
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
रविवार 18 मई 2025
मूल्य :2 /-
RNI No .UPHIN/2014/55236






मुख्य अपडेट
पेज 3 किसानों की चकबंदी की जमीन पर यमुना प्राधिकरण का कब्जा
पेज 4 यूपी में तुर्किये का बायकॉट, 1300 करोड़ का व्यापार बंद
पेज 6 रोस्टन चेज बने वेस्टइंडीज के नए कप्तान, 2016 में किया था डेब्यू


## संक्षिप्त खबरें

### सूरत में सुरक्षा एजेंसी के मालिक का अपहरण कर हत्या

**सूरत।** गुजरात के सूरत में एक सुरक्षा एजेंसी के मालिक के अपहरण और हत्या का मामला सामने आया है। अपहरणकर्ताओं ने उनके परिवार से तीन करोड़ रुपए की फिरौती मांगी थी। वहीं, किडनैपिंग के पांचवें दिन यानी 16 मई को सिक्योरिटी एजेंसी के मालिक चंद्रभान दुबे का शव एक बोरे में दो टुकड़ों में मिला। पुलिस को एक रिक्शा चालक पर शक है, जो किडनैपिंग वाले दिन उन्हें अपने रिक्शा से ले गया था। मृतक चंद्रभान के भतीजे नेहाल दुबे ने बताया कि चंद्रभान माताप्रसाद दुबे सूरत में सुरक्षा एजेंसी चलाते थे। वे 12 तारीख को रिक्शा से जाने के बाद लापता हो गए थे।

### हरियाणा में 237 बांग्लादेशी पकड़े

**हरियाणा।** हरियाणा के तीन जिलों- नूंह, झज्जर और हांसी में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों के खिलाफ पुलिस ने बड़े पैमाने पर कार्रवाई की है। नूंह में पुलिस ने दो दौर की छापेमारी में 125 बांग्लादेशियों को पकड़ा, जो बिना वैध दस्तावेजों के ईंट भट्टों पर मजदूरी कर रहे थे। झज्जर जिले के भदानी गांव में एक निजी ईंट भट्ठे से 47 बांग्लादेशी नागरिकों को हिरासत में लिया गया, जिनमें महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। वहीं हांसी में पुलिस ने हांसी-तोशाम रोड स्थित कोहिनूर ईंट भट्ठे से 26 बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा है, जबकि 12 मई को भी इसी इलाके से 39 को हिरासत में लिया गया था।



### हैप्पी मॉर्निंग


पति दारू पीकर रात को घर देरी से पहुंचा, तो पत्नी हाथ में झाड़ू लेकर सामने खड़ी थी...!
पति- कितना काम करेगी तू...? ला ये झाड़ू मुझे दे दे, रात के दो बजे हैं, सोना नहीं है क्या...? कुछ तो अपना ख्याल कर पगली...!
ये सुनकर बेचारी पत्नी की आंखों में आंसू आ गए...!



### शायरी

किए गए हर कर्म का, मिले यहीं परिणाम।
जो करता सत्कर्म तो, उसका होता नाम।।

### अर्थसार



सेंसेक्स:
82,330.59
-200.15 (0.24%)
निफ्टी:
25,019.80
-42.30

### मौसम




अधिकतम : 40 डिग्री से0
न्यूनतम : 29 डिग्री से0
सूर्योदय सोमवार : 5 : 38
सूर्यास्त रविवार : 7 : 07

# आपरेशन सिंदूर- पाकिस्तान की पोल खोलेगा 59 सदस्यों का डेलिगेशन

## इनमें 51 सांसद-नेता, 8 राजदूत, 33 देश जाएंगे; थरूर को अमेरिका जाने वाले ग्रुप की कमान

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने शनिवार देर रात 59 सदस्यों वाले डेलिगेशन की घोषणा की है। इसमें 51 नेता और 8 राजदूत हैं। एनडीए के 31 और 20 दूसरे दलों के हैं, जिसमें 3 कांग्रेस नेता भी हैं।




ये डेलिगेशन दुनिया के बड़े देशों, खासकर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सदस्य देशों का दौरा करेगा। वहां ऑपरेशन सिंदूर और पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद पर भारत का रुख रखेगा। डेलिगेशन कब रवाना होगा, फिलहाल इसकी जानकारी सामने नहीं आई है। हालांकि, डेलिगेशन के 23 या 24 मई को भारत से रवाना होने की बात कही जा रही है। इस डेलिगेशन को 7 ग्रुप में बांटा गया है। हर ग्रुप में एक सांसद को लीडर बनाया गया है। प्रत्येक ग्रुप 8 से 9 सदस्य हैं। इनमें 6-7 सांसद, सीनियर लीडर (पूर्व मंत्री) और राजदूत शामिल हैं।

सभी डेलिगेशन में कम से कम एक मुस्लिम प्रतिनिधि को रखा गया है। चाहे वह राजनेता हो गया राजदूत हो। कांग्रेस सांसद शशि थरूर को अमेरिका सहित 5 देश जाने वाले डेलिगेशन की कमान सौंपी गई है।

ग्रुप 1 की कमान भाजपा सांसद बैजयंत पांडा, ग्रुप 2 की जिम्मेदारी भाजपा के रविशंकर प्रसाद, ग्रुप 3 जूडीयू के संजय कुमार झा, ग्रुप 4 शिवसेना सांसद श्रीकांत शिंदे, ग्रुप 5 शशि थरूर, ग्रुप 6 डीएमके सांसद कनिमोझी और ग्रुप 7 की जिम्मेदारी NCP-SCP सांसद सुप्रिया सुले के हाथ है। केंद्रीय संसदीय मंत्री किरेन रिजिजू ने एक्स पोस्ट में लिखा- एक मिशन, एक संदेश, एक भारत। 7 सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल जल्द ही ऑपरेशन सिंदूर के तहत प्रमुख देशों से मिलेंगे, जो आतंकवाद के खिलाफ हमारे सामूहिक संकल्प को दर्शाता है।

# अजियो-मिंत्रा ने तुर्किये ब्रांड्स बेचना बंद किया

**नई दिल्ली।** भारत में तुर्किये का बायकॉट लगातार बढ़ता जा रहा है। ट्रैवल एजेंसियों और व्यापारी संगठनों के बाद देश के प्रमुख ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म मिंत्रा और रिलायंस की स्वामित्व वाली एजीयो ने भी तुर्किये का प्रोडक्ट बेचना बंद कर दिया है। इन प्लेटफॉर्म्स पर ये ब्रांड अब आउट ऑफ स्टॉक हो गए हैं। फ्लिपकार्ट सब-ब्रांड मिंत्रा सभी तुर्किये ब्रांड्स की बिक्री को अस्थायी रूप से बंद कर दिया है। इसमें अलीबाबा की स्वामित्व वाली ट्रेंडयोल भी शामिल है। यह वुमन सेगमेंट में सबसे ज्यादा बिकने वाला इंटरनेशनल वेस्टर्न वियर लेबल है।

इसी तरह, रिलायंस ने कोटन, एलसी वाइकिकी और मावी सहित सभी तुर्किये कपड़ा ब्रांड अपने पोर्टफोलियो से हटा लिया है।

## विरोध प्रदर्शन




अमात्रा होम्स के निवासियों ने ग्रेटर नोएडा में प्राधिकरण के कार्यालय के बाहर सोसायटी के बिल्डर और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।

# राहुल का आरोप-जयशंकर ने हमले से पहले पाकिस्तान को बताया

**श्रीनगर।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर विदेश मंत्री एस जयशंकर के बयान को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा। राहुल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर निजी न्यूज चैनल का वीडियो शेयर करते हुए कहा, हमारे हमले की शुरुआत में पाकिस्तान को जानकारी देना अपराध है। विदेश मंत्री ने सार्वजनिक रूप से माना है कि भारत सरकार ने ऐसा किया। राहुल ने इस पर सवाल खड़े करते हुए कहा, उन्हें किसने अधिकृत किया, इसके परिणामस्वरूप हमारी वायुसेना ने कितने विमान खो दिए। न्यूज एजेंसी ने विदेश मंत्रालय के हवाले से इसका जवाब देते हुए कहा, तथ्यों को गलत तरीके से पेश किया जा रहा है। विदेश मंत्री ने कहा था कि ऑपरेशन सिंदूर के शुरुआती फेज में जानकारी नहीं, चेतावनी दी थी।

# दिल्ली-एनसीआर में बारिश, दीवार गिरने से 4 की मौत

## 50 किमी की रफ्तार से चली हवा, मेट्रो स्टेशन का शेड उड़ा

**नई दिल्ली।** मौसम विभाग के मुताबिक शनिवार को देश के 24 राज्यों में आंधी-बारिश और तूफान का अलर्ट जारी किया गया था। इसका असर राजधानी दिल्ली में नजर आया। जहां शनिवार दोपहर कई इलाकों में जोरदार बारिश हुई। 50 किमी की रफ्तार से हवाएं चलीं। जिसके कारण अशोक नगर मेट्रो स्टेशन का शेड उखड़ गया। आंधी-बारिश के दिल्ली के नवी करीम इलाके में एक निर्माणाधीन बिल्डिंग की दीवार गिर गई। इसमें दबने से 4 मजदूरों की मौत हो गई। मौसम विभाग के अनुसार दोपहर 3 बजे तक लगभग 1 मिमी बारिश दर्ज की गई।





इधर, उत्तर प्रदेश के नोएडा में तेज हवाओं के कारण पेड़ उखड़ गए। दिल्ली-एनसीआर के महारानी बाग, मयूर विहार, गाजियाबाद और नोएडा में बारिश के कारण गर्मी से राहत मिली।

ओडिशा में बारिश और तेज गर्मी का कहर है। शुक्रवार को बिजली की चपेट में आने से 6 महिलाओं समेत 9 लोगों की मौत हुई। इनमें से ज्यादातर लोग खुले मैदान में थे। राजस्थान में भी तेज गर्मी पड़ रही है। मौसम विभाग के अनुसार, 3-4 और ऐसी ही गर्मी रहेगी। जोधपुर-बीकानेर संभाग में धूलभरी आंधी भी चल सकती है।

मध्यप्रदेश में अगले 4 दिन आंधी-बारिश के साथ हीटवेव का अलर्ट है। आज 21 शहरों में आंधी-बारिश की चेतावनी है।

शुक्रवार को ग्वालियर, खजुराहो और नौगांव में अधिकतम तापमान 45 से ज्यादा रहा।

# दिल्ली में आप के 15 पार्षदों ने इस्तीफा दिया

## एमसीडी में अलग गुट बनाने की घोषणा; मुकेश गोयल तीसरे मोर्चे का नेतृत्व करेंगे



नई दिल्ली। दिल्ली में आम आदमी पार्टी को एक बार फिर से बड़ा झटका लगा है। दिल्ली नगर निगम में आप के 15 नगर पार्षदों ने इस्तीफा दे दिया है। इन्होंने इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी नाम से तीसरा मोर्चा बनाने की घोषणा भी कर दी है।

मुकेश गोयल नए मोर्चे का नेतृत्व करेंगे। इस्तीफा देने वाले अन्य पार्षदों में हेमचंद गोयल, हिमानी जैन, रुनाक्षी शर्मा, उषा शर्मा, अशोक पांडेय, राखी यादव, साहिब कुमार, राजेश कुमार लाडी, मनीषा, सुमन अनिल राणा, देविंदर कुमार और दिनेश भारद्वाज शामिल हैं। दिल्ली नगर निगम में नंवबर, 2022 से अप्रैल, 2025 तक आप सत्ता में थी। इस साल 25 अप्रैल को नगर निगम के चुनाव हुए थे, लेकिन आप ने चुनाव बहिष्कार कर दियाï भाजपा और कांग्रेस के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें भाजपा उम्मीदवार राजा इकबाल सिंह ने 133 वोटों के साथ जीत हासिल की। कांग्रेस को महज 8 वोट ही मिले थे।

### पार्षदों ने कहा- जनता से किए वादे पूरा नहीं कर पाए

आप के पार्षदों ने एक प्रेस रिलीज के जरिए इस्तीफा देने की जानकारी थी। इसमें 13 पार्षदों के सिग्नेचर हैं और लिखा है, हम सभी पार्षद एमसीडी में साल 2022 में आप की टिकट से चुने गए थे। हालांकि, 2022 में चुनाव जीतने के बावजूद पार्टी का शीर्ष नेतृत्व एमसीडी को ठीक से नहीं चला पाया। बड़े नेताओं का पार्षदों से आपस में समन्वय न के बराबर रहा, जिसके कारण पार्टी विपक्ष में आ गई। जनता से किए गए वादे को पूरा न कर पाने के कारण हम पार्षद पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे रहे हैं।

# पाक के लिए जासूसी के आरोप में यूट्यूबर गिरफ्तार

## 3 बार पाकिस्तान जा चुकी, दुश्मन के एजेंट्स को भारत की खुफिया जानकारियां भेजने का शक

**हिसार।** पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में हरियाणा की यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा को गिरफ्तार किया गया है। हिसार पुलिस ने शनिवार को ज्योति को कोर्ट में पेश किया, जहां पुलिस को 5 दिन की रिमांड मिल गई। हिसार पुलिस के मुताबिक, 15 मई को डीएसपी जितेंद्र कुमार के नेतृत्व में एक टीम ने ज्योति को उनके घर से हिरासत में लिया। आईबी की टीम ज्योति से पूछताछ कर रही है। हिसार पुलिस के मुताबिक, ज्योति पाकिस्तान की खुफिया एजेंसियों के संपर्क में थी। सोशल मीडिया के माध्यम से भारत की गोपनीय जानकारी भेज रही थी।



ज्योति तीन बार पाकिस्तान की यात्रा कर चुकी है, जिसके कारण भारत की सुरक्षा एजेंसियों की उस पर नजर थी। वह श्रद्धालुओं के जत्थे के साथ 2 बार पाकिस्तान जा चुकी थी। इसके अलावा एक बार करतारपुर साहिब के दर्शन करने गई थी। ज्योति के खिलाफ हिसार के सिविल लाइन थाने में मामला दर्ज किया गया है। पिछले एक हफ्ते के दौरान हरियाणा से पुलिस ज्योति के अलावा 3 पाकिस्तानी जासूस गिरफ्तार कर चुकी है। इनमें पानीपत से नोमान इलाही, कैथल से देविंदर सिंह और नूंह से अरमान शामिल है। इसके अलावा, पंजाब के मालेरकोटला से 2 और जालंधर से एक जासूस गिरफ्तार किया जा चुका है। पहले वह गुरुग्राम की एक निजी कंपनी में काम करती थी, लेकिन कोविड के दौरान उसे नौकरी से हटा दिया गया।

# राजस्थान में 900 से ज्यादा बांग्लादेशी-रोहिंग्या पकड़े गए

## अवैध रूप से रह रहे लोगों ने मूल निवास सर्टिफिकेट तक बनवाए, विशेष विमान से पश्चिम-बंगाल भेजे जाएंगे

**जयपुर।** बांग्लादेश और रोहिंग्या से आए लोगों (घुसपैठिए) का फर्जीवाड़ा पकड़ा गया है। इन लोगों ने राजस्थान के मूल निवासी होने का प्रमाण पत्र तक बनवा लिया। इनके पास से ऐसे दस्तावेज बड़े पैमाने में मिल हैं। ये दस्तावेज गलत तरीके से बनाए गए हैं। ऐसे एक हजार से अधिक बांग्लादेशी-रोहिंग्या को पकड़ा गया है। इनको प्रदेश के अलग-अलग जिलों के 24 से अलग शेल्टर होम में रखा गया है। इनको विशेष विमान से पश्चिम बंगाल भेजा जाएगा। वहां से बांग्लादेश और म्यांमार के लिए रवाना किया जाएगा।

### 148 लोगों को 15 मई को भेजा गया

राजस्थान में अवैध रूप से रह रहे ऐसे ही 148 लोगों को 15 मई को पश्चिम बंगाल भेजा जा चुका है। राजस्थान पुलिस और जिला प्रशासन ने अपने-अपने इलाकों में रह रहे बांग्लादेशियों को चिह्नित कर जिले के डिटेंशन सेंटर पर शिफ्ट कर दिया है।

डिटेन किए गए लोगों के पास भारत के मूल निवासी होने का वैध प्रमाण पत्र नहीं मिला है। सूत्रों की मानें तो इनके पास से जो भी सर्टिफिकेट मिले हैं, वो फर्जी हैं। ये दस्तावेज आखिर किसकी मिलीभगत से बने हैं, इसकी जांच चल रही है।

उधर, एक-दो दिन में कुछ और लोगों को वापस भेजने की तैयारी की गई है।

पश्चिम बंगाल से सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के माध्यम से इनको इनके देश भेजा जाएगा।

### बांग्लादेश और म्यांमार से अवैध रूप से आए

30 अप्रैल को राजस्थान सरकार ने बांग्लादेशी और रोहिंग्याओं के खिलाफ विशेष अभियान शुरू किया था। इसके बाद जिलों में एक टास्क फोर्स बनाई गई थी। इसका काम मजदूर मिलने वाली जगहों पर सर्च करना और दस्तावेजों की जांच करना था। इसके बाद पुलिस टीम के सामने यह जानकारी आई की बांग्लादेश और म्यांमार से बहुत अधिक संख्या में अवैध रूप लोग आए हैं। इनमें महिलाओं की संख्या अधिक और पुरुषों की संख्या कम मिली।

# केदारनाथ में एयर एंबुलेंस हेलिकॉप्टर क्रैश, सभी यात्री सुरक्षित

## लैडिंग के वक्त हुआ हादसा, 9 दिन पहले 6 लोगों की गई थी जान

**रुद्रप्रयाग।** उत्तराखंड के केदारनाथ में शनिवार को एयर एंबुलेंस हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया। हेलिकॉप्टर में तीन लोग सवार थे- पायलट, डॉक्टर और नर्स। तीनों सुरक्षित हैं। बताया जा रहा कि हेलिकॉप्टर ऋषिकेश एम्स से मरीज लेने केदारनाथ आ रहा था। लैंडिंग से वक्त अचानक बेकाबू होकर जमीन पर गिर गया। हादसा हेलिकॉप्टर का टेल बान टूटने से हुआ।

एम्स के पीआरओ संदीप कुमार ने बताया- संजीवनी एयर एंबुलेंस हेलिकॉप्टर एक मरीज को लेने के लिए केदारनाथ गया था। मरीज को एयर एंबुलेंस से रेस्क्यू कर अस्पताल पहुंचाया जाना था, लेकिन हेलीपैड से कुछ दूर पहले ही हेलिकॉप्टर में कोई दिक्कत आने की वजह से उसकी इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई।

वहीं, रुद्रप्रयाग के जिला पर्यटन अधिकारी राहुल चौबे ने बताया- पायलट की सूझबूझ से बड़ा हादसा टल गया। लैंडिंग के दौरान एयर एंबुलेंस के पीछे का हिस्सा टूट गया था, जिस वजह से वह अचानक नीचे गिर गया।

### 9 दिन पहले 6 लोगों की हुई थी मौत

उत्तराखंड के उत्तरकाशी में 8 मई को हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया। हादसे में पायलट समेत 6 लोगों की मौत हो गई थी। मृतकों में बरेली की रहने वाली मां-बेटी भी हैं।

## पुलिसिंग का रिव्यू

### 589 में से 145 रिव्यू में फेल हुए, भड़के कमिश्नर ने लगाई क्लास

# वाराणसी के 50 दरोगा एफआईआर तक नहीं लिख पाते

**वाराणसी।** यूपी में कमिश्नरेट लागू होने के बाद पहली बार वाराणसी में पुलिसिंग का रिव्यू किया गया। इसमें कई सब इंस्पेक्टर की पोल खुल गई।

रिव्यू में 589 दरोगा शामिल हुए। इनमें 145 ऐसे निकले, जो 75 में 25 नंबर भी नहीं ला सके।

रिव्यू में सामने आया कि 50 से ज्यादा दरोगा एफआईआर तक नहीं लिख पाते। 6 दरोगा 'स्टार परफॉर्मर' बने, इन्हें पुरस्कृत किया जाएगा। वहीं, फेल होने वालों को विभागीय कार्रवाई की चेतावनी दी गई। पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल ने कहा- रिव्यू से ही सबकी रिपोर्ट तैयार की जाएगी।




### वाराणसी पुलिस कमिश्नर ने किया रिव्यू

पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल ने अपने कैंप कार्यालय में शुक्रवार की देर शाम मंथली रिव्यू किया। उन्होंने बताया- कमिश्नरेट में तैनात सब इंस्पेक्टर के मासिक कार्य के आधार पर उनकी परफार्मेंस रिपोर्ट तैयार की गई है।

### एक महीने के लिए पुलिस लाइन किया अटैच

589 सब इंस्पेक्टर में 145 न्यूनतम अंक 33 प्रतिशत भी नहीं पा सके। इन सभी को एक माह के लिए पुलिस लाइन में अटैच कर प्रशिक्षण कराया जाएगा। 100 दरोगा ऐसे निकले, जिन्हें पब्लिक डीलिंग नहीं आती है। वहीं, 444 ने संतोषजनक अंक पाए। कार्यशैली में सुधार के प्रशिक्षण के साथ परेड और फुट पेट्रोलिंग भी कराई जाएगी। इसके अलावा रिव्यू के आधार पर फेल दरोगा के परफॉर्मेंस में सुधार के लिए प्रत्येक दिन 10-10 दरोगा की पुलिस कमिश्नर खुद काउंसलिंग करेंगे। कामकाज के ढर्रे में सुधार न होने पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

75 प्रतिशत से अधिक अंक पाने वाले सब इंस्पेक्टर में मंडुवाडीह थाने के राजदर्पण तिवारी व अमरजीत कुमार, रोहनिया थाने के विकास कुमार मौर्य, चेतगंज थाने की मीनू सिंह, कोतवाली थाने की निहारिका साहू और रामनगर थाने की अंशू पांडेय शामिल हैं।

## संपादकीय

# भारत-पाकिस्तान युद्ध : पीओके पर कब्जे का सही अवसर



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव का इतिहास लंबा और जटिल रहा है। कश्मीर, विशेष रूप से पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके), दोनों देशों के बीच तनाव का प्रमुख केंद्र रहा है। हाल के वर्षों में, विशेष रूप से अप्रैल 2025 में पहलगाम आतंकी हमले के बाद, भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से पाकिस्तान और पीओके में आतंकी ठिकानों पर सटीक हमले किए। इस हमले ने 27 लोगों की जान ले ली थी, जिसमें ज्यादातर हिंदू पर्यटक शामिल थे। इस घटना ने एक बार फिर पीओके को भारत के नियंत्रण में लाने की चर्चा को तेज कर दिया। कई विशेषज्ञों का मानना है कि यह पीओके पर कब्जा करने का एक सुनहरा अवसर था, जिसे भारत ने पूरी तरह से भुनाया नहीं।

पहलगाम हमले के बाद भारत ने तेजी से कार्रवाई करते हुए ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया, जिसमें नौ आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया। भारतीय सेना ने दावा किया कि इस ऑपरेशन में 100 से अधिक आतंकवादी मारे गए। इस कार्रवाई ने न केवल भारत की सैन्य ताकत को प्रदर्शित किया, बल्कि पाकिस्तान को यह संदेश भी दिया कि आतंकवाद के खिलाफ भारत अब और चुप नहीं बैठेगा। हालांकि, कुछ रणनीतिक विशेषज्ञों, जैसे डॉ. भारत कर्नाद, का मानना है कि यह ऑपरेशन केवल प्रतीकात्मक था और इसका उपयोग हाजी पीर दर्रा या स्कार्दू जैसे रणनीतिक क्षेत्रों को वापस लेने के लिए किया जा सकता था। हाजी पीर दर्रा, जो 1965 के युद्ध में भारत ने जीता था, लेकिन बाद में ताशकंद समझौते में वापस कर दिया गया, आतंकवादियों के लिए घुसपैठ का प्रमुख मार्ग है। इसे वापस लेने से भारत कश्मीर में आतंकवाद को काफी हद तक नियंत्रित कर सकता था।


पीओके को भारत में शामिल करने का विचार केवल सैन्य दृष्टिकोण से ही नहीं, बल्कि राजनीतिक और कूटनीतिक दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 2024 में कहा था कि पीओके के लोग स्वयं भारत में शामिल होना चाहेंगे, क्योंकि जम्मू-कश्मीर में विकास और शांति की स्थिति में सुधार हो रहा है। यह बयान भारत की उस नीति को दर्शाता है, जो बल प्रयोग के बजाय स्थानीय लोगों के समर्थन पर आधारित है। हालांकि, पहलगाम हमले के बाद भारत के पास एक मजबूत सैन्य कार्रवाई के माध्यम से पीओके के कुछ हिस्सों, विशेष रूप से हाजी पीर और स्कार्दू, पर कब्जा करने का अवसर था। इससे न केवल पाकिस्तान को एक मजबूत संदेश जाता, बल्कि यह भारत की रणनीतिक स्थिति को भी मजबूत करता।

दूसरी ओर, कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि भारत ने सही समय पर संयम बरता। एक पूर्ण पैमाने पर युद्ध दोनों देशों के लिए विनाशकारी हो सकता था, विशेष रूप से यह देखते हुए कि दोनों देश परमाणु शक्ति संपन्न हैं। 10 मई 2025 को अमेरिका की मध्यस्थता से हुए संघर्ष विराम ने स्थिति को और बिगड़ने से रोक दिया। फिर भी, यह तर्क दिया जा सकता है कि भारत ने इस अवसर का उपयोग लाइन ऑफ कंट्रोल (एलओसी) को और प्रभावी ढंग से नियंत्रित करने के लिए किया जा सकता था।

अंत में, पहलगाम हमले के बाद भारत के पास पीओके के कुछ हिस्सों को वापस लेने का एक अनूठा अवसर था। ऑपरेशन सिंदूर ने भारत की ताकत दिखाई, लेकिन रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर कब्जा करने में कमी रह गई। भविष्य में, भारत को ऐसी घटनाओं का उपयोग न केवल आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई के लिए, बल्कि अपनी क्षेत्रीय अखंडता को मजबूत करने के लिए भी करना चाहिए।

# भारत की वॉटर स्ट्राइक से बिलबिलाने लगा पाकिस्तान

डॉ. आशीष वशिष्ठ



भारत और पाकिस्तान के बीच 65 साल पहले हुई इस जल संधि के तहत दोनों देशों के बीच नदियों के जल प्रबंधन को लेकर समझौता हुआ था। नदियों को बांटने का ये समझौता कई युद्धों, मतभेदों और झगड़ों के बावजूद 65 वर्षों से अपने स्थान पर यथावत रहा।

22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तान द्वारा पोषित और प्रेषित आतंकियों ने निर्दोष नागरिकों का धर्म पूछकर नृशंस हत्या की। पहलगाम में आतंकी हमले के बाद ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से भारत ने जहां पाकिस्तान को सैन्य मोर्चे पर तबाह कर दिया वहीं, उससे पहले सिंधु जल समझौते को स्थगित करने के फैसले से पानी की एक-एक बूंद के लिए तरसा दिया है। भारत ने सिंधु जल संधि को ऐसे समय में निलंबित किया है जब पाकिस्तान पहले से ही जल संकट का सामना कर रहा है। पाकिस्तान के सिंध और पंजाब प्रांत में छह नई नहरें बनाने की योजना भी विवादों में फंसी है।

इतिहास के आलोक में अगर बात की जाए तो सिंधु जल समझौते के अंतर्गत भारत और पाकिस्तान के बीच सिंधु घाटी को 6 नदियों में विभाजित करने को लेकर नौ साल तक वार्ता चली और भारत के प्रथम प्रधानमंत्री रहे जवाहर लाल नेहरू और पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति अयूब खान के मध्य 19 सितंबर 1960 में सिंधु जल संधि विश्व बैंक की मध्यस्थता से कराची में समझौता हुआ।

इस संधि के तहत सिंधु बेसिन की तीन पूर्वी नदियों रावी, ब्यास और सतलुज का पानी भारत को आवंटित किया गया। वहीं तीन पश्चिमी नदियों सिंधु, झेलम और चिनाब के जल का 80 फीसदी हिस्सा पाकिस्तान को आवंटित किया गया। समझौते में जिस तरह से जल का बंटवारा किया गया उससे तत्कालीन भारत के प्रधानमंत्री और सरकार की रीति—नीति का समझा जा सकता है। पीएम नेहरू ने देशहित की बजाय पाकिस्तान के हितों का अधिक ध्यान रखा। यह संधि पाकिस्तान में कृषि और हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट के लिए बहुत अहम है और पाकिस्तान में 80 प्रतिशत सिंचाई के पानी की आपूर्ति इन्हीं नदियों के पानी से होती है। कई शहरों के लिए पेयजल की आपूर्ति भी इस नदी से की जाती है।

भारत और पाकिस्तान के बीच 65 साल पहले हुई इस जल संधि के तहत दोनों देशों के बीच नदियों के जल प्रबंधन को लेकर समझौता हुआ था। नदियों को बांटने का ये समझौता कई युद्धों, मतभेदों और झगड़ों के बावजूद 65 वर्षों से अपने स्थान पर यथावत रहा। लेकिन जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए हमले में 26 लोगों के मारे जाने के बाद भारत ने जिन कड़े कदमों की घोषणा की उनमें यह सबसे बड़ी कार्रवाई माना जा रहा है। भारत द्वारा संधि को निलंबित करना इसकी स्थापना के बाद से पहली बार है, जो सीमा पार आतंकवाद से जुड़ी जल कूटनीति में बदलाव का संकेत है। यह भारत के दृष्टिकोण में बदलाव को दर्शाता है।

2016 में उरी में भारतीय सेना के एक शिविर पर हमले के बाद डेढ़ सप्ताह बाद हुई एक समीक्षा बैठक में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था, खून और पानी एक साथ नहीं बह सकते हैं। प्रधानमंत्री मोदी के इस बयान का इशारा सिंधु जल समझौते की ही ओर था। 2019 में पुलवामा में सुरक्षाबलों पर हमले के बाद केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने बयान देते हुए कहा था, सरकार ने पाकिस्तान को पानी के वितरण को रोकने का फैसला किया है। अगस्त 2019 में भारत के तत्कालीन जल संसाधन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा था, सिंधु जल संधि का उल्लंघन किए बिना पाकिस्तान को जाने वाले पानी को रोकने के लिए काम शुरू हो गया है।

भारतीय सेना से करारी शिकस्त के बाद पाकिस्तान अब पानी को लेकर भारत के सामने गिड़गिड़ाने लगा है। पाकिस्तान की सरकार ने 14 मई को भारत के जल शक्ति मंत्रालय को चिट्ठी लिखकर सिंधु जल समझौते को स्थगित करने को लेकर दोबारा विचार करने की अपील की है। वहीं, एक महत्वपूर्ण बात और भी है कि पाकिस्तान की ये अपील तब की गई जब भारत चिनाब नदी पर बगलिहार और सलाल जलविद्युत परियोजनाओं में फ्लशिंग और डिसिल्टिंग का काम शुरू कर दिया है।

पाकिस्तान के जल संसाधन सचिव सय्यद अली मुर्तज़ा ने भारत को लिखी चिट्ठी में कहा, सिंधु जल समझौता स्थगित होने की वजह से पाकिस्तान में खरीफ की फसल के लिए पानी का बड़ा संकट खड़ा हो गया है।

पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार ने 13 मई को कहा कि अगर भारत सिंधु जल संधि को फिर से शुरू नहीं करता है और हमारी तरफ आने वाले पानी को मोड़ने की कोशिश करता है तो दोनों देशों के बीच लागू हुआ संघर्ष विराम खतरे में पड़ सकता है।

सिंधु जल संधि पर चर्चा के लिए पाकिस्तान की ये पेशकश उसकी छटपटाहट को साफ दिखा रही है। यह पहली बार नहीं था जब भारत सरकार ने 1960 में दोनों देशों के बीच हुई इस संधि में बदलाव की मांग की थी। दो साल पहले भारत ने पाकिस्तान को इस संबंध में नोटिस भेजा था लेकिन इस नोटिस में सिर्फ बदलावों के बारे में बात की गई थी। हालांकि अगस्त 2024 में भेजे नोटिस में भारत ने बदलावों के साथ-साथ समझौते की समीक्षा करने की भी बात की थी। इसमें सीमा पार से आतंकवादी गतिविधियों का भी उल्लेख किया गया था।

इसमें भी भारत की ओर से कहा गया था कि सीमा पार से आतंकवाद इस समझौते के सुचारू रूप से संचालन में बाधा है। लेकिन पाकिस्तान ने इस पर कोई उत्तर नहीं दिया, अब जबकि भारत ने समझौते को स्थगित कर दिया है तो पाकिस्तान घुटनों पर आ गया है।

15 मई को एक कार्यक्रम में संवाददाताओं ने विदेश मंत्री एस. जयशंकर से जब सिंधु जल समझौते को लेकर प्रश्न किया, तो उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि यह समझौता अभी निरस्त ही रहेगा। भारत सरकार इस पर पुनर्विचार करने के लिए तैयार नहीं है और इस मामले में पाकिस्तान के साथ बातचीत नहीं होगी। विदेश मंत्री के ताजा बयान से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्र के नाम संबोधन में स्पष्ट कर चुके हैं कि खून और पानी साथ नहीं बह सकते हैं।

सिंधु जल संधि के निलंबन से पाकिस्तान की जल सुरक्षा को खतरा है, क्योंकि इसकी 80 प्रतिशत कृषि भूमि इन नदियों पर निर्भर है। इस व्यवधान से खाद्य सुरक्षा, नगरीय जल आपूर्ति और विद्युत उत्पादन पर प्रभाव पड़ेगा साथ ही पाकिस्तान के सकल घरेलू उत्पाद में सिंधु नदी तंत्र के 25 प्रतिशत योगदान के कारण आर्थिक अस्थिरता भी उत्पन्न होगी। नदी प्रवाह डेटा को रोकने की भारत की क्षमता से पाकिस्तान की सुभेद्यता और बढ़ जाएगी तथा बाढ़ तत्परता और जल संसाधन प्रबंधन में बाधा उत्पन्न होगी। भावार्थ यह है कि आने वाले समय में पाकिस्तान में जल संकट से सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक समस्याएं बढ़ना तय है। पाकिस्तान के पंजाब और सिंध प्रांत में जल बंटवारे को लेकर पुराना विवाद है। वर्तमान जल संकट ये विवाद और गहराएगा।

भारत अब अपने हिस्से की तीनों नदियों रावी, ब्यास और सतलुज के जल को अपने लिए प्रयोग करने की योजना बना रहा है। इस पर तुरंत काम शुरू कर दिया गया है। इसके अलावा, मध्यकालिक और दीर्घकालिक योजनाओं को भी अंतिम रूप दिया जा रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार, भारत के इन कदमों से पाकिस्तान को लंबे समय में नुकसान पहुंचना अवश्यम्भावी है।

राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने स्पष्ट तौर पर कहा कि पाकिस्तान से बात होगीः तो टेररिज्म पर होगीः पाकिस्तान से बात होगी..तो पीओके पर होगी। अब पाकिस्तान को यह तय करना है कि वो आतंकवादियों का साथ देगा या फिर अपने प्यासे खेतों और नागरिकों की प्यास बुझाने के लिये शांति और शालीनता के मार्ग का चुनाव करेगा।


# इतनी भी आसान नहीं यमुना की सफाई

यमुना की सफाई का मुद्दा बीते विधानसभा चुनाव में इतना उछाला गया था कि वह शिक्षा, सुरक्षा व रोजगार की तरह जनता व सरकार दोनों ने ही गंभीरता से लिया। बताया यह भी जाता है कि यमुना की सफाई का मुद्दा आम आदमी पार्टी की हार का एक मुख्य कारण भी रहा। बीजेपी सरकार ने शपथ भी नहीं ली थी और सबसे पहले यमुना की सफाई शुरू करते ही वहां आरती भी शुरू कर दी। चुनाव के रिजल्ट के अगले दिन ही यमुना की सफाई व आरती करने का वीडियो जारी कर दिया था। बहरहाल, दिल्ली में बीजेपी की सरकार बने लगभग दो महीने हो चुके और सरकार इस मामले को लेकर अपनी उपस्थिति दर्ज करवा रही है। बीते सप्ताह यमुना की सफाई के लिए दिल्ली जल बोर्ड ने ऑपरेशन साहिबी रिवर बोर्ड गठित कर काम भी तुरंत शुरू किया है।

अधिकारियों के अनुसार यमुना में जितनी गंदगी है उसकी करीब 50 फीसदी से अधिक नजफगढ़ ड्रेन से आती है। यदि इसे साफ कर दिया जाता है तो यमुना में गंदगी अपने आप कम हो जाएगी। इसलिए नजफगढ़ ड्रेन में जितने भी सब-ड्रेन आकर मिलते हैं उन सभी को ट्रैप करने का प्लान बनाया गया है। पहले चरण में तिमारपुर से पंजाबी बाग के बीच लगभग 10 किलोमीटर लंबे स्ट्रेच में मिलने वाले 23 ड्रेन को ट्रैप किया जाएगा। जैसा कि सरकार बनते ही बीजेपी इस मुद्दे को हल्के में नहीं ले रही वैसे ही विपक्ष भी इस पर हर बार अपनी प्रतिक्रिया देने में पीछे नहीं हट रहा। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने बीजेपी की रेखा गुप्ता सरकार को काउंटर करते हुए कहा कि यमुना की सफाई को लेकर किए गए दावे पूरी तरह खोखले साबित हो रहे हैं। यादव ने कहा कि यमुना के 7 मुख्य स्टेशनों से लिए गए पानी के नमूनों की जांच रिपोर्ट में यह पाया गया कि यमुना का पानी न तो पीने योग्य है और न ही नहाने के लायक। दरअसल, अब केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा कराई गई पानी की गुणवत्ता जांच ने सच्चाई बता दी। रिपोर्ट के अनुसार दिल्ली के सातों स्थानों पर जल गुणवत्ता बेहद खराब पाई गई है। देखा जाए तो इस समय आम आदमी पार्टी व कांग्रेस के पास तमाम अन्य मुद्दे भी हैं लेकिन यमुना सफाई पर ही राजनीति केन्द्रित है। समझ में यह आता है कि यमुना सफाई का मुद्दा अहम इसलिए भी है कि यमुना से कई तरह की आस्थाएं जुड़ी हैं। जब भी छठ पर्व आता है तो पूर्वांचली यमुना के कई हिस्सों पर पूजा करते हैं। जब ये लोग वहां स्नान करते थे तो पानी नहाने व आचमन के योग्य नहीं होता था। दिल्ली में रह रहे पूर्वांचली हमेशा इसका विरोध करते रहे लेकिन यदि अब भी स्थिति वैसी रही तो बीजेपी के लिए भी एक नकारात्मक संदेश जा सकता है। उत्तरी पूर्वी दिल्ली के सांसद मनोज तिवारी ने पहले से छठ की पूजा के लिए अलग से घाट बनाए थे लेकिन वहां के लोगों का कहना था कि पानी स्वच्छ नहीं था और लोगों में बहुत नाराजगी भी थी लेकिन फिर भी लोगों ने विधानसभा चुनाव में बीजेपी के चोटी के नेताओं पर भरोसा किया और यमुना सफाई के आधार पर वोट दिया। बीजेपी सरकार ने यमुना की सफाई के लिए 500 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। इसमें 250 करोड़ रुपये सीवर ट्रीटमेंट प्लान और 250 करोड़ रुपये वाटर ट्रीटमेंट प्लान पर खर्च करने की बात कही है। यदि वाकई ईमानदारी से इतना बड़ा बजट लग जाए तो निश्चित तौर पर यमुना को लेकर दिल्ली की तस्वीर बदल जाएगी लेकिन यह बात भी तय है कि इसमें समय लगेगा। इसके अलावा दिल्ली सरकार के सामने एक बड़ी चुनौती यह भी है कि यमुना खादर में अवैध तरीके से रहे लोगों को हटाकर कहां स्थापित किया जाए? ज्ञात हो कि बीते वर्ष जब दिल्ली में बाढ़ आई थी तो हजारों लोग खादर से निकल कर सड़कों पर आ गए थे और कई जानवर भी मर गए थे जिसको देखकर आम आदमी पार्टी सरकार के हाथ-पांव फूल गए थे।

# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3533




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की ओर जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए, किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:

5+6+7+8+9=35
4+6+7+8+9=34
5+7+8+9=29
6+7+8+9=30

काकुरो - 3532 का हल



## हंसी के फूव्वारें

एक अभिनेत्री ने ब्यूटी-क्लीनिक की मालकिन से अपने चेहरे के दाग को मिटाने का रेट पूछा.

'पांच सौ रुपये लगेंगे !'
'पांच सौ तो ज्यादा हैं !'
'फिर ?'
'कोई सस्ता तरीका बताइए !'
'सस्ता नहीं मुफ्त का तरीका है.'
'कृपया जल्दी बताइये !'
' घूंघट निकालना शुरू कर दीजिए! आपका काम मुफ्त में बन जायेगा.'

□ □ □

एक आंखों के डाक्टर ने अपने एक सर्जन मित्र को नजर का चश्मा बनाकर दिया. संयोग से उसी दिन आंखों के डाक्टर को उसी सर्जन से अपना ऑपरेशन करवाना पड़ा.

फिर जब वह ऑपरेशन टेबल पर लेट गया तो सर्जन चश्मा लगाकर बोला- 'रेडी ! मैं तैयार हो गया हूँ ! अब तुम बताओ कि तुम कहां हो?'

आंखों का डाक्टर तुरन्त मेज से कूद पड़ा.

□ □ □


प्रशंसिका: ''आपके उपन्यास का अंतिम सीन बहुत अच्छा है.''

उपन्यासकार: ''उपन्यास के आरंभ के विषय में आपका क्या विचार है?''

प्रशंसिका: ''मैं उसे अभी पढ़ना शुरू करने वाली हूँ.''

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली- 3533



**बायें से दायें:-**

१. 'दिल ने ये कहा हैदिल से' गीत वाली अक्षयकुमार, शिल्पा की फिल्म-४
४. देवआनंद, जैकी, गोविंदा, रेखा की 'इस तरह देखो ना' गीत वाली फिल्म-३
६. 'ना कजरे की धार' गीत वाली अक्षयकुमार, रवीना की फिल्म-३
१०. अनिल, माधुरी दीक्षित की 'आँखों के आगे पीछे' गीत वाली फिल्म-५
१३. 'आदमी मुसाफिर है' गीत वाली संजीव कुमार, सुलक्षणा की फिल्म-५
१४. अतिन भल्ला, संदली की 'साँवली सी इक लड़की' गीत वाली फिल्म-२
१८. 'हुन हुना रे हुन हुना' गीत वाली विकास भल्ला, काजोल की फिल्म-३
१९. गोविंदा, मनीषा की 'ठहरो तो सही सोचो तो जरा' गीत वाली फिल्म-४
२०. एम. एफ. हुसैन की फिल्म 'मीनाक्सी' की नायिका कौन है-२
२१. 'बाबुल का ये घर बहना' गीत वाली मिथुन, रंजीता, पद्मिनी की फिल्म-२
२२. ऋषिकपूर, पद्मिनी की 'मेरी किस्मत में तू नहीं' गीत वाली फिल्म-४
२४. 'मेरी शादी का खयाल' गीत वाली राजेश खन्ना, टीना की फिल्म-३
२६. विवेक, दीया मिर्जा की बाबूजी जरा धीरे' गीत वाली फिल्म-२
२७. 'जब चाहा जजबात से खेले' गीत वाली चंदनदास का गजल एलबम-२
२८. मिथुन, रंभा की 'पीलो इश्क दी विस्की' गीत वाली फिल्म-२
२९. 'सच कहते हैं हं' गीत वाली अक्षयकुमार, करिश्मा की फिल्म-४
३०. फिल्म 'राजा जानी' में धर्मेन्द्र के साथ नायिका कौन थी-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. नवीन निश्चल, प्राण, रेखा की फिल्म-२
२. 'मोहब्बत हुई हुई' गीत वाली फिल्म-२
३. विश्वजीत, वहीदा रहमान की फिल्म-३
५. 'ऐ जिंदगी गले लगा' गीत वाली फिल्म-३
७. दीनो मारिया, बिपाशा बसु की फिल्म-२
८. विवेक ओबेराय, अंतरा की 'खल्लास बचके तू रहना रे' गीत वाली फिल्म-३
९. 'करवटें बदलते' गीत वाली संजीव, राजेश खन्ना, मुमताज की फिल्म-२,१,३
११. 'लंबूजी लंबूजी' गीत वाली फिल्म-२
१२. अभिषेक, भूमिका चावला की फिल्म-२
१५. फिल्म 'सब से बड़ा खिलाड़ी' में अक्षयकुमार के साथ नायिका कौन थी-३
१६. शत्रुघ्न, हेमा, मिथन की 'बचके मेरी जान बचके' गीत वाली फिल्म-४
१७. 'मैं तो हर मोड़ पर' गीत वाली अनिल धवन, रेहाना सुलतान की फिल्म-३
२१. राजेश, शर्मिला, राखी की 'मेरे दिल में आज' गीत वाली फिल्म-२
२२. 'ओ मेरी चूड़ियाँ बजी' गीत वाली संजयकपूर, तब्बू की फिल्म-२
२३. फिल्म 'बरसात की रात' के संगीतकार कौन थे-३
२४. विनोद खन्ना, योगिता बाली की फिल्म-२
२५. फिल्म 'बागी' में सलमान खान के साथ नायिका कौन थी-३
२६. उमादेवी का गाया गीत 'अफसाना लिख रही हूँ' किस फिल्म का है-२
२७. नसीरूद्दीनशाह, अतुल अग्निहोत्री पूजा भट्ट की फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 3532



## सूडोकु -3533

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | | | | | | 4 | |
| | | 5 | | 3 | | | 7 | |
| | | | | | 8 | | | 2 |
| | | | | | 1 | 9 | | |
| | 2 | | | | | | 8 | |
| | | 6 | 7 | | | | | |
| 1 | | | 4 | | | | | |
| | 9 | | | 2 | | 5 | | |
| | 8 | | | | | | | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -3532 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 9 | 3 | 1 | 7 | 8 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 5 | 7 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 |

## शब्द पहेली - 3533



**बाएँ से दाएँ**

1.सेवक,दास-3
3.निवास करना-3
5.खुजली-2
6.परोपकारी-5
9.प्याला,जाम-2
11.टोंटी,नलका-2
12.आनंद,जूस-2
13.प्रतिज्ञा,शपथ-3
16.सिमरन,सुमरन-3
18.सुअर-3
20.पेन,लेखनी-3
22.कमल,जलज-3
23.क्रोध,गुस्सा-2
24.पाश,फंदा-2
25.शोषण करना-3
28.गौरव,प्रशंसा-3
30.सूत कातने का साधन-3
31.गौरव-3
33.देवर्षि-3
35.अंधकार-2
36.यमराज-2
38.अलमस्त-2
40.सलाह देने वाला-5
41.बीता दिन-2
42.रसदार-3
43.इंद्रियों को जीतने वाला-3

**ऊपर से नीचे**

1.उर्वरक-2
2.विशाल,श्रेष्ठ-3
3.धनवान,संपन्न-3
4.घ्राणेद्रिय,इज्जत-2
5.दैत्य,असुर-3
7.मायाजाल-3
8.उद्धार,पार लगाना-3
10.शरण,आश्रय-3
14.चूर-चूर,ढहा-5
15.टोंटी,नलका-2
17.युद्ध,संग्राम-2
18.दूल्हा-2
19.राजपुत्र-5
21.मद्रास का समुद्र तट-3
22.नीले रंग का बहुमूल्य रत्न-3
26.मित्र,दोस्त.मीत-2
27.हूर,अप्सरा
29.मेहंदी-2
30.शीर्ष,पराकाष्ठा-3
31.इसमें पौधा लगाते हैं-3
32.पीहर,नैहर-3
34.युक्तिवाद,पैरवी-3
35.टब,परात,तगारी-3
37.इच्छा-3
39.परत,तह-2
41.कदर,सम्मान-2

शब्द पहेली -3532 का हल



# ग्रेटर नोएडा में किसानों को राहत

## बैकलीज में लिपिकीय त्रुटि सुधार के लिए सीईओ को मिला अधिकार, समिति करेगी जांच

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की 139वीं बोर्ड बैठक में किसानों के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। बैठक में किसानों के बैकलीज प्रकरणों में लिपिकीय त्रुटियों को सुधारने का अधिकार सीईओ को दिया गया है।



उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव और नोएडा-ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के चेयरमैन मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को यह बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीईओ एनजी रवि कुमार समेत कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। मुख्य सचिव ऑनलाइन माध्यम से जुड़े।

नए निर्णय के अनुसार, लाभार्थी का नाम और एरिया जैसी लिपिकीय त्रुटियों को सुधारने के लिए सीईओ एक समिति का गठन करेंगे। यह समिति अभिलेखों की जांच करेगी। समिति की संस्तुति के आधार पर सीईओ त्रुटियों को सुधार सकेंगे।

इस फैसले से किसानों को राहत मिलेगी। अब हर छोटी त्रुटि के लिए बोर्ड बैठक का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। इससे बैकलीज प्रक्रिया में तेजी आएगी और किसानों के मामलों का जल्द निपटारा हो सकेगा।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण बोर्ड ने शनिवार को एक और अहम फैसला लिया है। प्राधिकरण बोर्ड ने कर्मचारी राज्य बीमा निगम का हॉस्पिटल ग्रेटर नोएडा में बनाने के लिए 5000 रुपये प्रति वर्ग की दर से जमीन आवंटित करने पर सहमति दे दी है। यह हॉस्पिटल ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क-5 में 29300 वर्ग मीटर भूखंड पर बनेगा।

ग्रेटर नोएडा के उद्यमी ईएसआईसी हॉस्पिटल बनाने के लिए आए दिन प्राधिकरण के समक्ष मांग उठाते रहते हैं। सीईओ एनजी रवि कुमार ने ईएसआईसी के हवाले से बताया कि यह अस्पताल तीन साल में बनकर तैयार होगा। इसे बनाने में करीब 550 करोड़ रुपये खर्च होंगे।

इसके बन जाने से ग्रेटर नोएडा और आसपास कंपनियों व फैक्ट्रियों में काम करने वालों इजाज कराने की सुविधा हो जाएगी। जिले में अभी तक ईएसआईसी का एक मात्र हॉस्पिटल नोएडा के सेक्टर 24 में बना है।

# किसानों की चकबंदी की जमीन पर यमुना प्राधिकरण का कब्जा

**ग्रेटर नोएडा के आछेपुर में किसानों की पंचायत, भूमिहीन परिवारों को प्लॉट देने की मांग**

एजेंसी

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के गांव आछेपुर में किसानों ने शनिवार को पंचायत का आयोजन किया। पंचायत की अध्यक्षता कृपाल सिंह ने की, जबकि संचालन अनिल चौधरी ने किया।

किसान नेता मनवीर तेवतिया ने बताया कि चकबंदी के दौरान किसानों से चकरोड़ और नालियों के लिए 10 प्रतिशत जमीन ली गई थी। यह जमीन अब यमुना प्राधिकरण ने अपने कब्जे में ले ली है।

उन्होंने मांग की कि इस जमीन को भूमिहीन किसानों और मजदूर परिवारों को आवासीय प्लॉट के रूप में दिया जाए।

पंचायत में किसानों ने प्राधिकरण पर आरोप लगाया कि वह केवल उन लोगों की जमीन का निस्तारण कर रहा है, जिन्होंने अथॉरिटी की जमीन पर अतिक्रमण कर बाउंड्री वॉल बना रखी है। किसानों का कहना है कि इस अतिक्रमण में प्राधिकरण के कुछ अधिकारी भी शामिल हैं।

किसान अब गांव-गांव जाकर किसान जनगणना और जमीन की वास्तविक स्थिति की गणना कर रहे हैं। इस गणना की रिपोर्ट मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री को भेजी जाएगी।

पंचायत में त्रिलोक मास्टर, राजवीर सिंह, आनंद दरोगा, नीरज मलिक, मनोज भाटी, गजेंद्र फौजी, धर्म सिंह, कल्लू सिंह और जगदीश समेत कई किसान मौजूद थे।

# 20 किलो गांजे के साथ तस्कर गिरफ्तार

## उड़ीसा से माल लाकर एनसीआर में करता था सप्लाई, एक साथी फरार



**नोएडा। वकार सैफी।** कोतवाली 63 पुलिस ने मादक द्रव्य पदार्थों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत एक गांजा तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से 20 किलो गांजा बरामद किया है। आरोपी अपने साथियो के साथ मिलकर नोएडा एनसीआर में गांजा की सप्लाई किया करता था। पुलिस ने बताया कि आरोपी स्विफ्ट कार का इस्तेमाल गांजे की तस्करी और सप्लाई लिए के लिए करता था। बता दे कि कोतवाली पुलिस 63 पुलिस के गिरफ्त में खड़ा विशाल पुत्र तेजपाल एक शातिर किस्म का गांजा तस्कर है। जिसके तार उड़ीसा के गाजा तस्करो के साथ जुड़े हैं। विशाल उड़ीसा से भारी मात्रा में गांजा की सप्लाई लेकर आता था। माध्यम से दिल्ली और एनसीआर में इसकी सप्लाई करता था। एडीसीपी सेंट्रल नोएडा ने बताया पुलिस को मिली एक इनपुट के बाद विशाल को मैट्रो पिलर नं0-36 के पास से गिरफ्तार किया गया है। एडीसीपी सेंट्रल नोएडा ने बताया कि विशाल के पास से 20 किलो 800 ग्राम गांजा बरामद किया गया जिसकी बाजार में कीमत करीब तीन लाख रुपये है।

विशाल अपने अन्य साथी के साथ मिलकर उड़ीसा से गांजा लाकर नोएडा सहित समस्त एनसीआर क्षेत्र में सप्लाई करता था। इसके लिए स्विफ्ट कार इस्तेमाल गांजा तस्करी में किया जाता था। है।

# नोएडा में तेज हवाओं के साथ झमाझम बारिश

## पेड़ और बिजली के खंभे गिरे, डीएम चौराहे पर रेड लाइट गिरने से कई गाड़ियां डैमेज





**गौतम बुद्ध नगर।** नोएडा, ग्रेटर नोएडा और आसपास के क्षेत्रों में शनिवार दोपहर करीब 3 बजे मौसम में अचानक बदलाव आया। भीषण गर्मी के बाद आसमान में काले बादल छाए और तेज हवाओं के साथ जोरदार बारिश शुरू हो गई।

बारिश के दौरान तेज हवाओं ने कई जगह नुकसान पहुंचाया। शहर में कई स्थानों पर पेड़ गिर गए। बिजली के खंभे और होर्डिंग्स भी गिरने की सूचना है। डीएम चौराहे पर रेड लाइट गिरकर एक गाड़ी पर जा गिरी, जिससे वाहन को नुकसान पहुंचा। इन घटनाओं से यातायात व्यवस्था प्रभावित हुई।

मौसम विभाग के अनुसार, अगले कुछ घंटों तक मौसम ऐसा ही बना रह सकता है। बारिश से तापमान में गिरावट आई है। इससे लोगों को आने वाले दिनों में गर्मी से राहत मिलने की संभावना है। पिछले कुछ दिनों से तेज गर्मी झेल रहे नोएडावासियों के लिए यह बारिश राहत लेकर आई है।

सड़कों पर जमा हुए पानी से यातायात कुछ समय के लिए प्रभावित रहा। हालांकि, तेज हवाओं से वातावरण में आई ठंडक का लोगों ने स्वागत किया।

ग्रेटर नोएडा में आंधी ने भारी तबाही मचाई है। सेक्टर 151 स्थित जेपी अमन सोसायटी में तेज आंधी और तूफान से सफल स्टोर का पूरा स्ट्रक्चर उड़ गया। घटना कल शाम की है। सोसायटी के एक निवासी ने ऊपरी मंजिल से आंधी का वीडियो बना रहा था। इसी दौरान कैमरे में स्टोर का स्ट्रक्चर हवा में उड़ता हुआ कैद हो गया।

इससे पहले इसी आंधी से जेपी अमन सोसायटी के कई फ्लैट्स को भी नुकसान पहुंचा था। सौभाग्य से इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

दूसरी तरफ ग्रेटर नोएडा वेस्ट की अजनारा होम सोसाइटी में शुक्रवार शाम को एक हादसा हुआ था। तेज आंधी के दौरान हाई राइज बिल्डिंग से प्लास्टर का एक हिस्सा टूटकर नीचे खड़ी कार पर गिर गया। हादसे में कार का शीशा टूट गया और वाहन को काफी नुकसान पहुंचा। सौभाग्य से कार में कोई व्यक्ति मौजूद नहीं था। घटना के बाद सोसाइटी के निवासियों ने सोशल मीडिया पर इस मुद्दे को उठाया।

उनका कहना है कि नोएडा की सोसाइटियों में इस तरह की घटनाएं आम हो गई हैं। पहले भी कई सोसाइटियों में ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं। निवासी अब सोसाइटी का स्ट्रक्चर ऑडिट कराने की मांग कर रहे हैं। उनका आरोप है कि न तो सोसाइटी प्रबंधन और न ही प्राधिकरण इस समस्या पर ध्यान दे रहा है। निवासियों का कहना है कि अगर प्लास्टर किसी व्यक्ति पर गिरता तो जान का खतरा हो सकता था।

# नाइजीरियाई नागरिकों की अवैध शराब पार्टी का भंडाफोड़

## नोएडा में रेस्टोरेंट संचालिका समेत दो गिरफ्तार, विदेशी और हरियाणा मार्का शराब जब्त

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा में आबकारी विभाग और सूरजपुर थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए अवैध शराब पार्टी का भंडाफोड़ किया है। यूपीएसआईडीसी के बी84 Abode Guest Houses में छापेमारी के दौरान दो नाइजीरियाई नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। शुक्रवार रात मुखबिर की सूचना पर टीम ने छापेमारी की। रेस्टोरेंट में बिना अनुमति के शराब पार्टी चल रही थी। टीम को देखकर कुछ अफ्रीकी मूल के लोग भागने लगे।



पुलिस ने रेस्टोरेंट की संचालिका कैसेंड्रा और उसके सहयोगी विक्टर को मौके पर ही पकड़ लिया। दोनों नाइजीरिया के रहने वाले हैं। संचालिका की निशानदेही पर एक टोयोटा कार भी जब्त की गई। कार में से भारी मात्रा में शराब बरामद हुई। इसमें 179 बोतल शराब, 24 कैन किंगफिशर बीयर, 50 कैन बुडवाइजर बीयर और 10 बोतल समायरा रेड वाइन शामिल हैं। इसके अलावा हरियाणा मार्का की 2 बोतल एब्सोल्यूट वोडका, 2 बोतल जॉनी वॉकर ब्लैक लेबल और 2 बोतल जॉनी वॉकर रेड लेबल भी बरामद की गईं। दोनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम और विदेशी नागरिक अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। उन्हें जेल भेज दिया गया है।

# सेना के जवाबी कार्रवाई के समर्थन में तिरंगा यात्रा

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट में भारतीय सेना के समर्थन में विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में गौतम बुद्ध नगर के जिला प्रभारी मंत्री कुंवर ब्रजेश सिंह ने भी हिस्सा लिया। यह यात्रा ऑपरेशन सिंदूर के संदर्भ में आयोजित की गई।

कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों ने 26 भारतीय नागरिकों की हत्या की थी। इसके जवाब में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर चलाया। सेना ने इस ऑपरेशन में आतंकी ठिकानों को नष्ट किया। साथ ही पाकिस्तान के 11 बेस को भी तबाह कर दिया।

यह ऑपरेशन अभी स्थगित है, समाप्त नहीं हुआ है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने इस यात्रा के दौरान सेना के प्रति समर्थन जताया। कार्यक्रम में शामिल लोगों ने कहा कि पूरा देश सेना के साथ खड़ा है। उन्होंने यह भी कहा कि जरूरत पड़ने पर हर नागरिक सीमा पर सेना का साथ देने के लिए तैयार है।

# शारदा यूनिवर्सिटी ने तुर्की की यूनिवर्सिटी से किया संबंध समाप्त

**भारत-पाक तनाव में तुर्की के रुख के बाद लिया निर्णय, शैक्षणिक आदान-प्रदान बंद**

**नोएडा।** शारदा यूनिवर्सिटी ने तुर्की की दो प्रमुख यूनिवर्सिटी के साथ अपने सभी शैक्षणिक संबंध समाप्त कर दिए हैं। यह कदम भारत-पाकिस्तान तनाव के दौरान तुर्की द्वारा पाकिस्तान का समर्थन करने के कारण उठाया गया है। शारदा यूनिवर्सिटी ने इस्तांबुल आयदीन यूनिवर्सिटी और हसन कल्योंकु यूनिवर्सिटी के साथ चल रहे समझौता ज्ञापन (एमओयू) को तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया है।

यूनिवर्सिटी के जनसंपर्क निदेशक डॉ. अजित कुमार ने इस निर्णय की पुष्टि की है। पहले हर साल तुर्की से कई छात्र शोध और उच्च शिक्षा के लिए शारदा यूनिवर्सिटी आते थे। अब यह शैक्षणिक आदान-प्रदान पूरी तरह से बंद हो गया है।

इससे पहले जामिया मिलिया इस्लामिया, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय और लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी भी तुर्की की शैक्षणिक संस्थाओं से अपने संबंध समाप्त कर चुके हैं। शारदा यूनिवर्सिटी प्रशासन का कहना है कि राष्ट्रीय हित सर्वोपरि है और इस मामले में कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

## छात्रों को आपात स्थिति से बचने के उपाय बताए

**नोएडा।** सेक्टर - 12 स्थित राजकीय इंटर कॉलेज में शनिवार को जागरूक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों को मौसमी बीमारियों, वायु प्रदूषण और हाल ही में ओ तेज धूलभरे व्रान से बचाव के सतर्क रहने की जानकारी देते हुए जागरूक किया। इसमें मौसम विभाग द्वारा दिल्ली - एनसीआर में येलो अलर्ट जारी किया गया है, जिसमें तेज हवाएं, आंधी - तूफान और वायु गुणवत्ता में गिरावट की चेतावनी दी है। ऐसे में सभी को मास्क का उपयोग करने की सलाह भी दी गई। इसके बाद विद्यार्थियों को मास्क का वितरित किए गए।

# नोएडा में छात्रावास में शाकाहारी मेन्यू के दिन मिला मांस

## 100 से अधिक छात्रों ने किया विरोध, कैंटीन कर्मचारियों ने नाले में फेंका मांस; 2 हिरासत में

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क स्थित सनराइज छात्रावास में गुरुवार को एक विवाद खड़ा हो गया। कैंटीन में शाकाहारी मेन्यू के दिन मांस मिलने पर छात्रों ने विरोध प्रदर्शन किया।



सनराइज छात्रावास में 100 से अधिक छात्र रहते हैं। यहां शनिवार और रविवार को छोड़कर अन्य दिनों में केवल शाकाहारी भोजन परोसा जाता है। गुरुवार को छात्रों को कैंटीन के एक बड़े टब में मांस मिला। इस पर छात्रों ने हॉस्टल प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित किया और पशु चिकित्सा विभाग तथा खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम को बुलाया। आरोप है कि जांच टीम के पहुंचने से पहले ही कैंटीन कर्मचारियों ने मांस को नाले में फेंक दिया।

खाद्य विभाग ने कैंटीन के संचालक को सफाई का नोटिस जारी किया है। विभाग ने कैंटीन से मसालों के नमूने भी लिए हैं। पुलिस के अनुसार प्राथमिक जांच में पाया गया है कि बरामद मांस बकरे और मुर्गे का था। कैंटीन में काम करने वाले दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# रबूपुरा गोशाला में गोबर से बनेगी बिजली और गैस

## जेवर विधायक ने किया बायो गैस प्लांट का शुभारंभ, 8 घंटे मिलेगी 10 किलोवाट बिजली

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा में ग्रीन एनर्जी की दिशा में एक नई पहल शुरू हुई है। स्थानीय गोशाला में गायों के गोबर से बिजली और गैस का उत्पादन किया जाएगा। शनिवार को जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने शांति देवी कन्या विद्यालय की छात्राओं के साथ बायो गैस प्लांट का शुभारंभ किया। विधायक धीरेन्द्र सिंह ने कहा कि वैकल्पिक ऊर्जा का उपयोग समय की मांग है। देश को कार्बन मुक्त बनाने में सरकार के साथ नागरिकों की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने बताया कि इस प्लांट से प्रतिदिन 10 किलोवाट बिजली का उत्पादन होगा। यह बिजली लगातार 8 घंटे तक उपलब्ध रहेगी।

गोशाला को आत्मनिर्भर बनाने की योजना भी है। इस परियोजना के लिए एचसीएल टेक्नोलॉजी लिमिटेड ने तकनीकी सहयोग प्रदान किया है। यह प्रोजेक्ट न केवल गोबर के निपटान की समस्या का समाधान करेगा, बल्कि स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन में भी योगदान देगा।

## ग्रेटर नोएडा में किशोरी का किडनैप, आरोपी गिरफ्तार

**जेवर।** दनकौर कोतवाली पुलिस ने एक किशोरी के अपहरण मामले में मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने किशोरी को भी सकुशल बरामद कर लिया है। 10 मई को कनरसा गांव निवासी तपसी ने किशोरी का अपहरण किया था। पीड़िता के पिता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था। शनिवार दोपहर को पुलिस ने आरोपी तपसी को उसके गांव के पास से पकड़ा। आरोपी की निशानदेही पर किशोरी को एक कमरे से बरामद किया गया। पीड़िता के परिवार ने तपसी के साथियों चिंटू, नवाब और राकेश पर भी आरोप लगाए हैं। पुलिस ने इन तीनों के खिलाफ भी संगीन धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। किशोरी ने बताया कि उसे डरा-धमकाकर एक कमरे में बंद रखा गया था।

# शार्ट न्यूज

## नोएडा में तूफान का असर

जेवर। ग्रेटर नोएडा के जेवर क्षेत्र में स्थित सेक्टर 22 की ओएसिस सोसायटी में शुक्रवार को एक बड़ी घटना सामने आई। तूफान के कारण यहां एक बिल्डिंग ब्लॉक के ऊपरी फ्लैट का हिस्सा नीचे गिर गया। तेज धमाके की आवाज से सोसाइटी में अफरातफरी मच गई। सभी निवासी अपने घरों से बाहर निकल आए। सौभाग्य से इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। सोसाइटी के निवासियों ने बिल्डर पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि बिल्डिंग का निर्माण मात्र 3 साल पहले हुआ था। निवासियों ने सवाल उठाया कि इतनी नई बिल्डिंग का हिस्सा तूफान में कैसे गिर सकता है। उन्होंने बिल्डर पर निर्माण में घटिया सामग्री के इस्तेमाल का आरोप लगाया है। लोगों ने बताया कि उन्होंने अपनी पूरी जमा पूंजी लगाकर यहां घर खरीदा था। अब वे अपने ही घरों में असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। घटना के बाद बिल्डिंग के मेंटिनेंस विभाग ने तुरंत कार्रवाई करते हुए जेसीबी और मजदूरों की मदद से गिरे मलबे को हटवा दिया। शुक्रवार को आए तूफान से जहां काफी नुकसान हुआ, वहीं फ्लैट के हिस्से के गिरने की घटना ने बिल्डर की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## 200 गांवों में बिजली गुल, पेड़ और बिजली के खंभे गिरे

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में शुक्रवार को आए तेज तूफान ने भारी तबाही मचाई। जेवर क्षेत्र में कई पेड़ और बिजली के खंभे जड़ से उखड़ गए। इससे कई गांवों के संपर्क मार्ग बाधित हुए और बिजली आपूर्ति ठप हो गई है। पुलिस और बिजली विभाग की टीमें तुरंत हरकत में आईं। क्रेन और ट्रैक्टर की मदद से क्षतिग्रस्त पेड़ों और खंभों को रास्तों से हटाया गया। आवागमन को सुचारू किया गया। बिजली के खंभों के टूटने से करीब 200 गांवों की बिजली आपूर्ति प्रभावित हुई। बिजली विभाग के कर्मचारी शुक्रवार रात से ही मरम्मत कार्य में जुटे हैं। रबूपुरा बिजली उपकेंद्र के जई हरिचंद और दनकौर के जेई मनजीत जयंत के अनुसार, तूफान से एचटी और एलटी लाइन के पोल क्षतिग्रस्त हो गए। फलैदा, रौनिजा, रुस्तमपुर, मेंहदीपुर, भाईपुर, वीरमपुर और दनकौर सहित लगभग 200 गांवों के हजारों उपभोक्ता प्रभावित हुए हैं। बिजली विभाग आपूर्ति को जल्द से जल्द बहाल करने का प्रयास कर रहा है। बिजली विभाग के अधिकारी दावा कर रहे हैं कि शनिवार की शाम तक बिजली सुचारू रूप से चालू हो जाएगी।

## पुलिस अधिकारी बताकर 22 लाख की ठगी

**नोएडा।** साइबर अपराधियों ने कुरियर में विदेशी मुद्रा और ड्रग्स समेत अन्य सामान होने का डर दिखाकर एक व्यक्ति के साथ 22 लाख से अधिक की ठगी की। पुलिस अधिकारी बताकर ठगों ने पीड़ित से रकम ट्रांसफर कराई। पीड़ित की शिकायत पर साइबर क्राइम थाने की पुलिस ने अज्ञात ठगों के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। शिकायत में छलेरा गांव निवासी 35 वर्षीय ब्रिजेश मिश्रा ने बताया कि बीते साल 28 दिसंबर 2024 को उनके मोबाइल पर अनजान नंबर से फोन आया। कॉल करने वाली महिला राधिका शर्मा ने खुद को भारतीय डाक विभाग की कर्मचारी बताया। उसने ब्रिजेश को बताया कि उनके नाम से एक कुरियर भेजा गया है इसमें पासपोर्ट, विदेशी मुद्रा, ड्रग्स, एटीएम कार्ड और एक महंगा लैपटॉप है। कुरियर विदेश भेजा जा रहा था। महिला ने ब्रिजेश को डराया कि यह कुरियर अवैध है और अब उनके खिलाफ मामला दर्ज हो सकता है। जांच का हवाला देते हुए इसके बाद कथित राधिका शर्मा ने कॉल साइबर पुलिस स्टेशन मुंबई के अधिकारियों को ट्रांसफर कर दी। कॉल पर आए पुलिस अधिकारी ने शिकायतकर्ता को बताया कि उनके आधार कार्ड और डेबिट कार्ड का इस्तेमाल धन शोधन और ड्रग तस्करी के लिए हुआ है।

## सेक्टर-34 में कूड़ा उठाने के लिए 10 रिक्शा लोडर मिले

**नोएडा।** कूड़ा उठाने की चल रही समस्या को देखते हुए शनिवार से सेक्टर-34 में 10 रिक्शा लोडर की शुरुआत की गई है। ये रिक्शा सेक्टर-34 में स्थित सभी सोसाइटी से कूड़ा एकत्रित करने का काम करेंगी। नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ संजय खत्री और जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने शनिवार को सेक्टर-34 आरडब्ल्यूए के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में सेक्टर के लोगों ने अलग-अलग तरह की शिकायतें की। बैठक के बाद सेक्टर-34 में कूड़ा एकत्रित करने के लिए मैसर्स एचसीएल फाउंडेशन के द्वारा सीएसआर के माध्यम से प्राप्त 10 रिक्शा लोडर की शुरुआत की गई। इन रिक्शों के जरिए कूड़ा उठवाने की शुरुआत कर दी गई। बैठक में सेक्टर-34 आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष के के जैन, महासचिव धमेंद्र शर्मा व अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। सेक्टर-34 में बैठक के बाद प्राधिकरण अधिकारियों ने सेक्टर-52 में सफाई व्यवस्था, सेक्टर-53 गिझौड़, सेक्टर-62 में नालियों की सफाई, सड़क की सफाई का जायजा लिया। इसके अलावा सेक्टर-62 वेंडिंग जोन का भी अधिकारियों ने निरीक्षण किया।

## नोएडा और ग्रेनो डिपो कमाई के मामले में अव्वल

**नोएडा।** नोएडा और ग्रेटर नोएडा डिपो तीन साल में 5.56 अरब रुपये कमाई के साथ पूरे प्रदेश में सबसे ऊपर रहा। इस अवधि में बसों में 5.38 लाख यात्रियों ने सफर किया। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम गौतमबुद्ध नगर ने शनिवार को यह जानकारी जारी की। खास बात यह है कि नोएडा और ग्रेटर नोएडा डिपो में सभी सीएनजी से चलने वाली साधारण बसें हैं। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम गौतमबुद्ध नगर से मिली जानकारी के मुताबिक वित्तीय वर्ष 2022-23 में नोएडा और ग्रेटर नोएडा डिपो में 314 बसें थीं। इस दौरान दोनों डिपो की बसों में 1.86 करोड़ यात्रियों ने सफर किया, जबकि कमाई 165.48 रुपये हुई। वर्ष 2023-24 में 316 बसें थीं। इस अवधि में बसों में 1.81 करोड़ यात्रियों ने सफर किया और 193.25 करोड़ रुपये कमाई हुई। वर्ष 2024-25 में 306 बसें थीं। इन बसों में 1.71 करोड़ यात्रियों ने सफर किया। टिकट से 198.13 करोड़ रुपये कमाई हुई। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम गौतमबुद्ध नगर के क्षेत्रीय प्रबंधक मनोज कुमार ने कहा कि अच्छे राजस्व के तमाम कारण हैं।

## फर्नीचर बनाने वाली दो फर्मों में जीएसटी चोरी पकड़ी

**नोएडा।** राज्य जीएसटी विभाग गौतमबुद्ध नगर की विशेष अनुसंधान शाखा ने फर्नीचर बेचने वाली दो फर्मों में जीएसटी चोरी पकड़ी। दोनों फर्मों से 6.19 लाख रुपये जमा कराए। अपर आयुक्त राज्यकर ग्रेड टू गौतमबुद्ध नगर विवेक आर्य ने बताया कि 16 मई को शाहबेरी में फर्नीचर बेचने वाली दो फर्म पर छापा मारा था। दोनों फर्म फर्नीचर की खरीद और बिक्री का काम करती है। पांच दिन तक रेकी और जीएसटी पोर्टल पर किए गए डाटा विश्लेषण से पता लगा कि फर्मों ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में देय कर नकद में नहीं जमा किया। वहीं, सभी कर देयता को इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) से चुकाया गया। जांच में यह भी पता लगा कि खरीद रजिस्टर में जितनी आईटीसी थी, उससे अधिक आईटीसी का उपयोग कर देयता चुकाने में किया गया था। व्यापार स्थल पर रखे स्टॉक और दस्तावेजों में दर्ज जानकारी में 20.55 लाख और 13.90 लाख रुपये का अंतर पाया गया। तथ्यों की जानकारी देने के बाद कारोबारियों ने 3.69 लाख और 2.50 लाख कर के रूप में राजकोष में जमा कराए। देर रात तक चली जांच में संयुक्त आयुक्त संजय कुमार कुशवाहा, उपायुक्त रमेश कुमार, सहायक आयुक्त दिव्यांश आनंद समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## डिलीवरी बॉव्य पर हमले में नाइजीरियन गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा।** सेक्टर पी-3 में एक नाइजीरियाई नागरिक ने डिलीवरी बॉव्य के साथ मारपीट की। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। मामले की जांच की जा रही है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक सेक्टर पी-3 में नाइजीरियन नागरिक डेविड एंड्रयूज किराए के मकान में रहता है। आरोपी ने किसी कंपनी से ऑनलाइन जूते मंगवाए थे। एक कूरियर कंपनी का डिलीवरी बॉव्य शुक्रवार को सामान की डिलीवरी लेकर पहुंचा। इसी दौरान आरोपी का डिलीवरी ब्वॉय से विवाद हो गया। आरोप है कि आरोपी ने डिलीवरी बॉव्य पर किसी नुकीली चीज से हमला कर दिया। कार की चाबी भी छीन ली। पीड़ित ने किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाई और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस का कहना है कि आरोपी के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

विशाल इंडिया
हिन्दी दैनिक



गौतमबुद्ध नगर
रविवार 18 मई 2025
Www.vishalindia.in


# यूपी में तुर्किये का बायकॉट, 1300 करोड़ का व्यापार बंद

## कानपुर के कारोबारियों ने ऑर्डर कैंसिल किए, एएमयू ने संबंध खत्म किए

**कानपुर।** भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच पाक का साथ देने पर कानपुर के कारोबारियों ने तुर्किये से व्यापारिक संबंध खत्म कर दिए हैं। टर्किस मार्बल के करीब 80 फीसदी ऑर्डर कैंसिल कर दिए। लेदर और एग्रीकल्चर से जुड़ा सामान भी तुर्किये नहीं भेजेंगे।
कानपुर में तुर्किये से एक्सपोर्ट-इम्पोर्ट का करीब 1300 करोड़ का सालाना कारोबार होता है। इसमें अकेले मार्बल का सलाना कारोबार करीब 600 करोड़ रुपए का है। वहीं अलीगढ़ के कारोबारी भी तुर्किये को ताला और हार्डवेयर के सामान नहीं भेजेंगे।
मुस्लिम विश्वविद्यालय ने तुर्किये से अपने सभी शैक्षिक संबंध खत्म कर दिए। अब एएमयू का तुर्किये के किसी भी विश्वविद्यालय के साथ कोई संबंध नहीं रहेगा।

### कानपुर में 1300 करोड़ का सालाना होता है कारोबार

फेडरेशन ऑफ इंडिया एक्सपोर्ट ऑर्गेनाइजेशन (फियो) के सहायक निदेशक आलोक श्रीवास्तव ने बताया- तुर्किये में कानपुर के लेदर, एग्रीकल्चर, इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिक उत्पादों की ज्यादा डिमांड है। इसके अलावा मीट, डेयरी, प्लास्टिक, पशुओं के आहार संबंधी सामान भी भेजा जाता है। यह कारोबार सालाना 700 करोड़ का होता है।
कानपुर मार्बल एंड टाइल्स एसोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी व कारोबारी हिमांशु पाल ने बताया- कानपुर में मार्बल का बड़ा कारोबार है। जो सालाना 600 करोड़ रुपए का है। टर्किस मार्बल की कानपुर में बहुत डिमांड है। 700 से 1500 रुपए स्क्वायर फीट तक की मार्बल यहां आती है।



### भारतीय बाजार को 10 फीसदी नुकसान

मार्बल कारोबारी विजय गुप्ता ने बताया कि से भारतीय बाजार को 10 फीसदी का नुकसान हो सकता है। लेकिन सबसे ज्यादा नुकसान तुर्किये को होगा। तुर्किये से माल हम नहीं खरीदेंगे तो नुकसान उनको ज्यादा होगा। मार्बल में टर्किस मार्बल एक वैराइटी है। ऐसी दर्जनों वैराइटी इंडियन मार्केट में मौजूद है। इसलिए भारतीय बाजारों को कोई खास फर्क नहीं पड़ने वाला है।

### तुर्किये का न सेब लेंगे और न ताला भेजेंगे

कानपुर में रोजाना करीब 2 ट्रक सेब कानपुर की फल मंडियों में आता है। कानपुर फरूट एसोसिएशन के अध्यक्ष उमेश सिंह ने बताया कि दुश्मन के साथ किसी भी तरह का कारोबार नहीं करेंगे।
वहीं अलीगढ़ के हार्डवेयर कारोबारी वीरेंद्र गोस्वामी ने कहा- अलीगढ़ से तुर्किये के लिए हार्डवेयर नहीं भेजा जाएगा। ताला कारोबारी विशाल गुप्ता ने कहा- तुर्किये का विरोध हर स्तर पर किया जाएगा। यहां से ताला वहां नहीं भेजा जाएगा।

### एएमयू ने भी तुर्किये से तोड़े सभी शैक्षणिक संबंध

एएमयू का तुर्किये के साथ पुराना शैक्षणिक संबंध रहा है। पिछले कुछ सालों में भारत-तुर्किये के संबंधों पर केंद्रित सम्मेलन और कई संयुक्त रिसर्च कराए गए। तुर्किये के विद्वान और छात्र व्याख्यान देने आए। इस्तांबुल के आयडिन विश्वविद्यालय और अंकारा स्थित अंकारा मेडिपोल विश्वविद्यालय में एएमयू के शिक्षक और छात्र भ्रमण पर जाते रहे हैं। मगर अब यह सिलसिला खत्म हो गया है।
एएमयू के जनसंपर्क अधिकारी उमर पीरजादा ने बताया- वर्तमान में अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय का तुर्किये के साथ किसी भी प्रकार का कोई शैक्षणिक एग्रीमेंट नहीं है। पहले क्या रहा, उस पर कोई टिप्पणी नहीं की जा सकती। मगर अब सभी शैक्षणिक संबंध समाप्त कर दिए गए हैं।
कहा- एएमयू के विदेशी भाषा विभाग में तुर्की भाषा का एक वर्षीय डिप्लोमा कोर्स संचालित है। वर्तमान स्थिति में इस कोर्स के संचालन पर किसी प्रकार का प्रभाव नहीं पड़ेगा। क्योंकि यह सिर्फ एक भाषा है, जिसे छात्र सीखते हैं।

# संभल हिंसा : 50 आरोपियों पर आरोप तय

## कोर्ट ने डिस्चार्ज अर्जी खारिज की, तीन महिलाओं सहित 84 अभियुक्त जेल में बंद


**संभल।** संभल के विवादित स्थल के 24 नवंबर 2024 को सर्वे के दौरान हुई हिंसा के मामले में कोर्ट ने महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एससी-एसटी एक्ट कोर्ट की न्यायाधीश रागिनी सिंह ने 50 अभियुक्तों पर आरोप तय किए और बहस के बाद उनके प्रार्थना पत्र को खारिज कर दिया।
कुछ आरोपियों की ओर से अधिवक्ताओं ने डिस्चार्ज प्रार्थनापत्र दाखिल किए थे। उनका तर्क था कि उनके मुवक्किल नामजद नहीं थे और हिंसा में शामिल नहीं थे। पुलिस ने बिना सबूत के उन्हें घर से उठाकर जेल भेज दिया।



सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता हरिओम प्रकाश सैनी ने बताया कि 50 अभियुक्तों पर आरोपों के अनुसार लगाई गई धाराओं के अनुसार न्यायालय ने आरोप तय किए हैं। उन्होंने न्यायालय में बताया कि पुलिस पर पत्रावली पर साक्ष्य हैं पुख्ता सबूत है ऐसे में अभियुक्तों के प्रार्थना पत्र निरस्त किया जाना आवश्यक है।
दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कोर्ट ने डिस्चार्ज प्रार्थनापत्र खारिज कर दिए। इस मामले में पुलिस अब तक 84 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। आरोपियों की जमानत अर्जियां भी खारिज हो चुकी हैं।
अब अभियोजन पक्ष कोर्ट में गवाहों की गवाही और अन्य सबूत पेश करेगा।
इन्हीं के आधार पर कोर्ट अंतिम फैसला सुनाएगी। संभल हिंसा मामले में जल्द ही निर्णय आने की संभावना है।
आपको बता दें कि बीती 19 नवंबर को हिंदू पक्ष की ओर से सिविल सीनियर डिवीजन चंदौसी कोर्ट में दावा किया गया कि संभल की शाही जामा मस्जिद श्री हरिहर मंदिर है। 19 नवंबर की शाम को मस्जिद का पहले चरण का सर्वे हुआ और दूसरे चरण का सर्वे 24 नवंबर को हुआ।
मस्जिद में चल रहे सर्वे के दौरान हजारों की संख्या में इकट्ठा हुए लोगों ने पुलिस पर पथराव-फायरिंग शुरू कर दी, जिसमें चार मौतें हो गई, वहीं उग्र भीड़ ने गाड़ियों को फूंक दिया। पुलिस ने सदर की गिरफ्तारी से पहले तीन महिलाओं सहित कुल 84 अभियुक्तों को गिरफ्तार करने के बाद जेल भेजा है, इसमें मस्जिद इंतजामिया कमेटी के सदर जफर अली एडवोकेट भी शामिल है।

# बरेली में भाभी की धारदार हथियार से हत्या

## जमीन विवाद में देवर ने बेटों संग मिलकर मार डाला, खेत में फेंकी लाश




**बरेली।** बरेली में शनिवार को महिला की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। आरोप है कि वारदात को देवर और उसके बेटे ने अंजाम दिया।
दोनों में जमीन का विवाद चल रहा था। लाश को खेत में फेंक दिया। सूचना पर पुलिस और फोरेंसिक टीम पहुंची। घटनास्थल को सील कर दिया। ये मामला बिथरी चैनपुर के नवदिया हरकिशन गांव का है। बेटे अरविंद ने बताया-मां हरिप्यारी (58) और पिता रामकुमार मुर्गी फॉर्म हाउस में काम करते हैं। जो घर से 500 मीटर दूर है। 16 मई की रात को मां पापा की पैंट और तम्बाकू लेने के लिए घर आई थी। लौटते वक्त चाचा रामपाल और उनके बेटों राहुल और प्रियांशु ने हत्या कर दी। सुबह उनका शव खेत में मिला। उनसे जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। वो अक्सर घर पर आकर मारने की धमकी देते थे। अब मेरी भी हत्या कर सकते हैं।

# 42 हजार शिक्षकों से पूछेंगे क्यों नहीं जांची कापियां

**प्रयागराज।** यूपी बोर्ड 10वीं और 12वीं की कापियों के मूल्यांकन न करने वाले परीक्षकों पर कार्रवाई करने की तैयारी में है। 220 मूल्यांकन केंद्रों पर ऐसे 42 हजार परीक्षकों की सूची बन गई है। उनको यूपी बोर्ड मुख्यालय के 5 क्षेत्रीय कार्यालयों से नोटिस भेजी जाएगी। जबकि शेष 41 मूल्यांकन केंद्रों पर परीक्षकों की सूची आते ही स्पष्टीकरण के बाद उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई शुरू होगी। दरअसल, सचिव की ओर से सभी DIOS को पत्र भेजा गया था जिसमें मूल्यांकन कार्य न करने वाले शिक्षकों की पूरी डिटेल मांगी गई थी। अभी तक करीब 42,000 शिक्षकों डिटेल मिली है।
अब इन्हें नोटिस देकर पूछा जाएगा कि आखिर, आपने मूल्यांकन कार्य क्यों नहीं किया? क्या परिस्थितियां रहीं जो मूल्यांकन नहीं करने गए थे? मास्टर खुद बताएं...क्या कार्रवाई करें? जब एग्जाम के समय कक्ष निरीक्षक की पूरी ड्यूटी की, तो मूल्यांकन में क्यों गैरमौजूद रहें? ऐसे ही 5 से 6 सवालों का जवाब मांगा जाएगा।

# पिता लड़की भगा ले गया, बेटों ने पीटकर मार डाला

## प्रयागराज में बोले- बेइज्जती हो रही थी, पेड़ में बांधकर इतना पीटा कि मर गया

**प्रयागराज।** मेरा पिता बेटी की उम्र की लड़की को भगा ले गया। इससे गांव में बहुत बेइज्जती हुई। मां और मुझे लोग ताने देते। 2 साल पहले वह घर लौटकर आया। शराब पीकर रोज गाली-गलौज करता। 13 मई को मां को मारने दौड़ा। हम भाइयों ने पिता को नीम के पेड़ में बांधकर पीटा। यह नहीं पता था कि उनकी मौत हो जाएगी।
ये कबूलनामा प्रयागराज में पिता की हत्या करने वाले बेटे का है। मंगलवार को मांडा निवासी दिनेश को उसके बेटों अनिल और सुनील ने नीम के पेड़ में बांध दिया। फिर अनिल ने



प्लास्टिक के पाइप से दिनेश के पेट पर ताबड़तोड़ वार किए। इससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मां और दोनों बेटों को अरेस्ट कर जेल भेज दिया।
बेटे अनिल ने बताया कि मैंने पिता को पकड़ लिया। घर के बाहर लगे नीम के पेड़ में उसे रस्सी से बांध दिया और डंडे बरसाए। मैं अपने पिता को जान से नहीं मारना चाहता था। बस सबक सिखाना चाहता था। पिता की मौत की खबर किसी को न पता लगे, इसलिए हम दोनों भाइयों ने देर शाम होने का इंतजार किया। इसके बाद उसकी लाश को गंगा के किनारे गड्ढा खोदकर दफन कर दिया। फिर घर लौट आए। इसकी सूचना पुलिस को भी नहीं दी।

# श्याम बार में आबकारी विभाग ने मारा छापा, मचा हड़कंप

हरिनारायण यादव विशाल इंडिया

**गाजीपुर।** शहर के लंका स्थित श्याम बार में शुक्रवार की देर शाम आबकारी विभाग की टीम ने छापा मारा,इस दौरान बार में हड़कंप मच गया,छापेमारी में आबकारी टीम ने बार से 16 अंग्रेजी शराब की बोतल और 19 बीयर की कैन स्कैन करने के लिए साथ ले गई।शिकायत पर पहुंची टीम ने मौके पर बार के मालिक और सेल्समैनों से पूछताछ किया,इस दौरान करीब घंटों चली कार्रवाई से बार में हड़कंप मचा रहा।

### क्या थी शिकायत

शिकायत थी कि श्याम बार में तय सीमा से अधिक बीयर और शराब पर पैसे की वसूली की जाती है,130 रुपए की एक बीयर कैन 180 रुपए में खुलेआम बेची जा रही थी,वही शराब की एक पैग की कीमत भी काफी ज्यादा ली जा रही थी,शिकायत थी कि बार मालिक शराब और बीयर गोदामों से न उठा कर सीधा दुकानों से उठा कर बार में बेचता था,ग्राहक अगर विरोध करे तो बार के स्टॉफ झगड़ा करने पर उतारू हो जाते है,बार मालिक खुद कहता है कि इतने ही दामों पर बेचूंगा जिसको मेरा कुछ बिगाड़ना हो बिगाड़ ले।

### जीएसटी चोरी भी करता है बार मालिक

बार मालिक की तरफ से जो ग्राहकों को बिल दिया जाता है वह भी फर्जी बिल ही होता है,बिल पर जीएसटी नंबर तो अंकित रहता है लेकिन जीएसटी आइटम पर कितना जीएसटी लगता है वह अंकित नहीं होता है जिससे रोजाना सरकार को राजस्व घाटा भी उठाना पड़ रहा है,हद तो तब हो गई जब बार में ग्राहक जो ब्रांड की मांग करता है तो बीयर कुछ और मिलती है वहीं बिल पर कुछ अलग ब्रांड का नाम अंकित होता है।

> **बोले सदर आबकारी इंस्पेक्टर**
>
> शिकायत पर जांच करने पहुंचे सदर आबकारी इंस्पेक्टर चंद्रजीत सिंह ने बताया 16 बोतल अंग्रेजी शराब की और 19 बीयर की कैन स्कैन करने के लिए लाया गया है बार में नेटवर्क की समस्या की वजह से बोतले लाई गई है,कई बार से शिकायतें मिल रही थी जांच कर कार्रवाई अवश्य की जाएगी।

### ग्राहकों से झड़प करने पर भी आमादा रहते है बार मालिक

श्याम बार के मालिक अरुण सिंह से किसी बात को लेकर शिकायत की जाती है तो बार मालिक ग्राहकों पर उखड़ जाता है खुलेआम कहता है हमारा बार है हम चाहे जितने में बेचे,उसी भाषा में उसके स्टॉफ भी बात करते है।

# पत्नी से विवाद के बाद युवक ने किया सुसाइड

**शाहजहांपुर।** शाहजहांपुर में चौक कोतवाली के अजीजगंज में 21 वर्षीय कीरत ने कमरे में गोली मारकर आत्महत्या कर ली। घटना शनिवार की है। कीरत काम से लौटकर कमरे में गया था। गोली की आवाज सुनकर परिवार के लोग कमरे में पहुंचे। वहां कीरत का शव बेड पर पड़ा मिला।
कीरत की शादी एक साल पहले थाना निगोही के सतवां खुर्द की रहने वाली शैलेंद्री से हुई थी। शादी के बाद से ही दोनों के बीच घरेलू विवाद चल रहा था। मृतक की बहन के अनुसार, भाभी अलग रहने का दबाव बनाती थी। वह परिवार के लिए खाना बनाने से मना करती थी। साथ ही कीरत पर मजदूरी करने का दबाव भी बनाती थी।
पत्नी 23 मई से अपने मायके में रह रही थी। उसने महिला थाने में शिकायत भी दर्ज कराई थी। शुक्रवार को पुलिस ने कीरत को थाने बुलाया था। अगले दिन सुबह वह काम पर गया और लौटने के बाद उसने यह कदम उठा लिया। मृतक की बहन ने बताया कि कीरत अपनी पत्नी से बहुत प्यार करता था और उसकी हर इच्छा पूरी करता था। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# बुलडोजर एक्शन से कॉलोनाइजर्स में हड़कंप

**बरेली।** बरेली विकास प्राधिकरण की प्रवर्तन टीम ने शनिवार को थाना भोजीपुरा इलाके में बड़ी कार्रवाई की। रम्पुरा गांव में चार अलग-अलग जगहों पर बसाई जा रही अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त कर दिया गया। बिना किसी अप्रूवल के प्लॉटिंग, सड़कें, बाउंड्रीवाल और साइट ऑफिस बना दिए गए थे। टीम ने मौके पर पहुंचकर सब कुछ ध्वस्त कर दिया। सबसे बड़ी कॉलोनी अजय मिश्रा, रक्षपाल गुप्ता और अनस की तरफ से करीब 8000 वर्ग मीटर जमीन पर बसाई जा रही थी। यहां बिना प्राधिकरण की परमिशन के सड़कें, बाउंड्री और प्लॉट चिह्नित कर दिए गए थे। साइट ऑफिस भी बना दिया गया था। ये सब कुछ अब मलबे में तब्दील हो चुका है। इसके अलावा वीरू पटेल और लियाकत खान ने भी 3000 वर्ग मीटर में कॉलोनी खड़ी कर दी थी। दूसरी तरफ, मुजाहिद और फजरूद्दीन ने भी लगभग इतनी ही जमीन में अवैध डेवलपमेंट कर रखा था।

# मुख्य सचिव की अध्यक्षता में राज्य गंगा समिति की 15 वीं बैठक संपन्न

## जिला गंगा समितियां जिलों में छोटी नदियों के कायाकल्प पर करें ध्यान केंद्रित

**लखनऊ।** मुख्य सचिव श्री मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में राज्य गंगा समिति, उत्तर प्रदेश की 15वीं बैठक आयोजित की गई थी।
बैठक में गंगा नदी और उसकी सहायक नदियों के कायाकल्प, संरक्षण और प्रबंधन से संबंधित किये जा रहे मुख्य कार्यों पर विचार-विमर्श किया गया।
अपने संबोधन में मुख्य सचिव ने नगर विकास विभाग और राज्य स्वच्छ गंगा मिशन-उत्तर प्रदेश को कुकरैल नदी के कायाकल्प के लिए गाद निकालने के कार्य शुरू करने की अनुमति के लिए एनएमसीजी को आवश्यक दस्तावेज शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।
उन्होंने संबंधित जिला गंगा समितियों को निर्देश दिए कि वे नदियों से गाद और उनके किनारे विरासती कचरे को हटाने के लिए हस्तक्षेप के साथ अपने जिलों में छोटी नदियों के कायाकल्प पर ध्यान केंद्रित करें। प्राथमिकता के तौर पर गोमती, यमुना, आमी, वरुणा, काली ईस्ट, हरनंदी, आदि नदियों पर कार्य प्रारम्भ किया जाये।
उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि राज्य स्वच्छ गंगा मिशन द्वारा सभी सम्बंधित विभागों से समन्वय कर छोटी नदियों के कायाकल्प हेतु कार्ययोजना प्रस्तुत की जाये। यह कार्य कैंपेन मोड में क्रियान्वित की जाये जिसमे समुदाय की भागीदरी सुनिश्चित हो।
समिति ने अयोध्या में सरयू/घाघरा नदी पर गुप्तार घाट के समीप एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक पहल राम अनुभव केंद्र के विकास के लिए अयोध्या विकास प्राधिकरण द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव पर विशेष महत्व दिया।
परियोजना को अगले 7 वर्षों के लिए पहले दिए गए अनापत्ति के नवीनीकरण के लिए गंगा प्राधिकरण आदेश, 2016 की धारा 6 (3) के तहत राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (एनएमसीजी) को अग्रेसित करने की सिफारिश की गई।
समिति ने गंगा प्राधिकरण आदेश, 2016 की धारा 6 (1), 6 (2), 6 (3) और 42 के तहत राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन द्वारा एनओसी देने के लिए 18 परियोजना प्रस्तावों की समीक्षा की और उन्हें एनएमसीजी द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र देने की सिफारिश की। इनमें प्रयागराज, उन्नाव, अयोध्या, लखनऊ, आगरा और सीतापुर की परियोजनाएं शामिल हैं।

# शार्ट न्यूज

## संतकबीरनगर में नवविवाहिता की संदिग्ध मौत

**संतकबीर नगर।** संतकबीरनगर के धर्मसिंहवा थाना क्षेत्र के बौरव्यास गांव में एक नवविवाहिता की मौत का मामला सामने आया है। साधना नाम की महिला का शव शनिवार को उसके कमरे में पंखे से लटका हुआ मिला। साधना की शादी सोनू चौरसिया के साथ 23 अप्रैल 2023 को हुई थी। सोनू और उनके पिता हरिश्चंद्र अहमदाबाद में मजदूरी करते हैं। घटना के समय घर पर सिर्फ सास और नंद की बेटी थीं, जो भैंस चराने गई थीं। घटना का पता तब चला जब नातिन पानी लेने घर आई। कमरा खुला हुआ था और साधना ने श्रृंगार किया हुआ था। सूचना मिलते ही सीओ मेंहदावल सर्वदवन सिंह और नायब तहसीलदार प्रेम नारायण मौके पर पहुंचे। मृतका के मायके पक्ष के लोग घटना से नाराज हैं। सीओ सर्वदवन सिंह ने बताया कि मायके वालों से तहरीर मांगी गई है। तहरीर मिलते ही मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। साधना सिद्धार्थनगर के गोल्हौरा थाना क्षेत्र के जगरगठिया गांव निवासी बुद्धिसागर की बेटी थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## अलीगढ़ में पत्नी ने पति को मार डाला

**अलीगढ़।** अलीगढ़ में एक महिला ने अपने नंदोई के साथ मिलकर पति की हत्या कर दी। महिला का अपने नंदोई से अफेयर चल रहा था। पति उस पर रोक-टोक लगाता था। पुलिस ने शनिवार को महिला और उसके नंदोई को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। हत्या 6 अप्रैल को हुई थी। इसके बाद महिला ने 9 अप्रैल को थाना क्वार्सी में पति की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने पति की काफी तलाश की, लेकिन कुछ पता नहीं चला। इसी बीच पुलिस को पत्नी और उसके नंदोई के बीच अफेयर के बारे में पता चला। इसके बाद पुलिस ने पत्नी और उसके नंदोई से पूछताछ की। पहले तो दोनों मर्डर करने से इनकार करते रहे, लेकिन पुलिस की सख्ती के आगे टूट गए। नंदोई ने बताया- हम एक-दूसरे से प्यार करते थे। मेरे साले ने हम दोनों को गलत तरीके से देख लिया था। इसलिए उसे रास्ते से हटा दिया। इसके बाद 17 मई को पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामला क्वार्सी थाना क्षेत्र का है। वहीं, पुलिस ने पति का शव भी थाना दादरी क्षेत्र से बरामद कर लिया। शव को कुत्ते ने बुरी तरह नोच खाया था।

## बाजार से लौट रही महिलाओं से टप्पेबाजी

**लखनऊ।** लखनऊ के हसनगंज इलाके में बातों में उलझाकर दो महिलाओं से टप्पेबाजी की गई। कुसुम सिंह व उनकी पड़ोसी रेखा सब्जी मंडी गई थी। वहां से लौटते वक्त रास्ते में मिले महिला व पुरूष ने जेवर उतरवा लिए। बदले में रूमाल में कंकड़ लपेटकर थमा दिया। इसके बाद फरार हो गए। पुलिस टप्पेबाजों की तलाश कर रही है। हनुमत धाम मंदिर के पास रहने वाले रजत सिंह कारोबारी हैं। उन्होंने बताया उनकी मां कुसुम अपनी पड़ोसी रेखा के साथ डालीगंज सब्जी मंडी खरीदारी करने गई थी। शुक्रवार को शाम करीब सात बजे दोनों सब्जी खरीद कर घर वापस लौट रही थी। तभी रास्ते एक महिला और पुरूष मिले। उन्होंने मदद के बहाने हाथ से उनके झोले ले लिए। साथ चलते हुए बातचीत करने लगे। तभी एक अन्य व्यक्ति जिसने खाना खिलाने की बात कही। इस पर महिला टप्पेबाज ने साथी युवक को कुछ खिलाया। इसके बाद टप्पेबाजों ने दोनों महिलाओं को लूट का डर दिखाकर उनसे जेवर उतारकर अंदर रखने के लिए कहा। उनकी बातों में आकर दोनों ने जेवर उतार दिए।

## हाथरस में किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म

**हाथरस।** हाथरस में मुरसान क्षेत्र के एक गांव में भाई को शराब पिलाने के बाद किशोरी से 4-5 लोगों ने दुष्कर्म किया। इसकी शिकायत मुरसान पुलिस से की गई है। शिकायतकर्ता महिला का कहना है कि उसके मां व पिता की मौत हो चुकी है। वह तीन बहनें हैं। दो बहनों की शादी हो गई है। मां-पिता की मौत के बाद छोटी बहन उसी के पास रहती थी। करीब 15 दिन पहले एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए वह अपने गांव आई थी और अपने भाई के साथ रह रही थी। आरोप है कि 15 मई की रात को उसका भाई व छोटी बहन घर पर थे। जिसके बाद उसके 4-5 साथियों ने भाई को शराब पिलाकर बेहोश कर दिया और घर में सो रही उसकी बहन के साथ रेप किया। जब पीड़िता ने भाई से शिकायत की तो उसने मामले का टाल दिया। दो दिन बीत जाने के बाद पीड़िता ने फोन के माध्यम से अपनी बड़ी बहन को सारी बात बताई। जिसके चलते उसकी दोनों शादीशुदा बहन गांव में आ गईं और पीड़िता को मुरसान कोतवाली लेकर पहुंच गईं। शनिवार की शाम को इस महिला के द्वारा मुरसान पुलिस से शिकायत की गई।

## दो नाबालिग बहनों ने की आत्महत्या

**अम्बेडकरनगर।** अम्बेडकरनगर में दो नाबालिग बहनों ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने दोनों बहनों को कमरे में फंदे से लटकता देखा। उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शवों को कब्जे में लिया और पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पूरा मामला जलालपुर थाना क्षेत्र के मथुरा रसूलपुर गांव का है, जहां शनिवार शाम साढ़े सात बजे दो सगी बहनों ने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बड़ी बहन आंचल इंटर में पढ़ती थी और छोटी बहन पल्लवी हाईस्कूल की छात्रा थी। परिजनों ने दोनों बहनों को कमरे में फंदे से लटकता देखा। जिसके बाद शव को नीचे उतारा। जिसके बाद परिजनों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शवों को कब्जे में लिया और पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। आत्महत्या के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। पुलिस पारिवारिक और सामाजिक कारणों की जांच कर रही है। इस संबंध में ग्रामीणों और परिजनों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आत्महत्या के कारणों का पता चल सकेगा।

## लखनऊ-अयोध्या रेलमार्ग पर मिला महिला का शव

**बाराबंकी।** लखनऊ-अयोध्या रेलमार्ग पर दरियाबाद स्टेशन के पास शनिवार की देर शाम एक महिला का शव मिला है। लालपुर गुमान क्रॉसिंग से 200 मीटर पहले रेल पटरी पर यह शव क्षत-विक्षत अवस्था में पड़ा हुआ था। खेत की तरफ गए ग्रामीणों ने इस घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सोनकर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। लगभग 50 वर्षीय महिला का दाहिना हाथ और सिर धड़ से अलग मिला। महिला ने नीले रंग की साड़ी पहन रखी थी। पुलिस को मृतका के पास से एक बीड़ी का बंडल और 850 रुपये मिले। उसकी पहचान से जुड़ा कोई दस्तावेज नहीं मिला। पुलिस ने आसपास के ग्रामीणों से पूछताछ की और शव की पहचान के लिए फोटो सोशल मीडिया पर भी प्रसारित की। एसएचओ मनोज कुमार सोनकर ने बताया कि देर शाम तक शव की पहचान नहीं हो पाई। रात 8 बजे शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## हमीरपुर में नवविवाहिता की मौत

**हमीरपुर।** हमीरपुर जनपद के बिवांर थाना क्षेत्र के मवईजार गांव में शनिवार को एक नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका की पहचान शिवानी (22) पत्नी राकेश के रूप में हुई है, जिसकी शादी बीते दिसंबर माह में हुई थी। घटना को लेकर मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। मृतका के चचेरे भाई महेश मिश्रा ने बताया कि शिवानी मूल रूप से बांदा जनपद के ग्राम करहिया, पोस्ट लामा की रहने वाली थी। आरोप लगाया गया है कि ससुराल पक्ष ने पहले उसे खाने में ज़हर दिया, फिर फांसी के फंदे में लटकाकर घटना को आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की। परिजनों का कहना है कि शादी के वक्त ससुरालियों ने लड़के को पीसीएस की तैयारी कर रहा बताकर धोखे में रखा और करीब 15 लाख रुपये दहेज में लिए। यह रकम मृतका के पिता देवदत्त मिश्रा ने खेत बेचकर दी थी। इतना ही नहीं, कुछ दिन पहले ही ससुराल वालों की ओर से अतिरिक्त 50 हजार रुपये की मांग की गई थी, जिसे मजबूरी में भेजा भी गया था। लेकिन इसके बाद भी मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना का सिलसिला नहीं रुका। परिजनों का कहना है कि शिवानी की मौत आत्महत्या नहीं बल्कि सुनियोजित हत्या है और वे जल्द ही इस मामले में ससुराल पक्ष के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराएंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### आईसीसी के मुख्य अभियोजक पर ट्रंप की पाबंदी, कामकाज में रुकावट

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा फरवरी में लगाए गए प्रतिबंधों की पृष्ठभूमि में अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय (आईसीसी) के मुख्य अभियोजक अपने ईमेल नहीं देख पा रहे हैं और उनके बैंक खातों से लेनदेन पर रोक लगा दी गई है। ट्रंप द्वारा आईसीसी के मुख्य अभियोजक करीम खान पर फरवरी में लगाए गए प्रतिबंधों के बाद आईसीसी कर्मियों के सामने इस तरह की अड़चनें आ रही हैं। आईसीसी के वर्तमान और पूर्व अधिकारियों, अंतरराष्ट्रीय वकीलों और मानवाधिकार अधिवक्ताओं के साथ साक्षात्कारों में ये बातें सामने आई। हेग स्थित न्यायालय के अमेरिकी कर्मचारियों को कहा गया है कि अगर वे अमेरिका की यात्रा करते हैं तो उनकी गिरफ्तारी का खतरा है। कुछ गैर-सरकारी संगठनों ने आईसीसी के साथ काम करना बंद कर दिया है। ह्यूमन राइट्स वॉच की अंतरराष्ट्रीय न्याय निदेशक लिज ईवनसन ने कहा, ये प्रतिबंध पीड़ितों को न्याय पाने से रोकेंगे।

### फुटबॉल स्टेडियम के बाहर अनियंत्रित कार ने भीड़ को रौंदा

**मैड्रिड, एजेंसी।** स्पेन में एक अनियंत्रित कार ने फुटबॉल स्टेडियम के बाहर मौजूद भीड़ को रौंद दिया। इस हादसे में 13 लोग घायल हुए हैं। यह हादसा बार्सिलोना में उस वक्त हुआ, जब स्पेनिश लीग टूर्नामेंट में बार्सिलोना का मुकाबला एस्पेनोल से हो रहा था। मैच शुरू होने के कुछ मिनट बाद ही स्टेडियम के बाहर एक अनियंत्रित कार ने भीड़ को रौंद दिया। हादसे में घायल सात लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, वहीं बाकी लोगों का घटनास्थल पर ही इलाज किया गया। पुलिस ने कहा है कि यह जानबूझकर किया गया हमला नहीं था और कार चालक गाड़ी से नियंत्रण खो बैठा, जिससे यह हादसा हुआ।

### ट्रंप के यूएसएआईडी के फंड में कटौती से जा रही बच्चों की जान

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बीते दिनों यूएसएआईडी के फंड में कटौती करने का फैसला किया था। ट्रंप का यह फैसला दुनिया के कई बेहद गरीब इलाकों के बच्चों की जिंदगी पर भारी पड़ रहा है। गरीब देशों के कई कुपोषित बच्चों को यूएसएड के फंड में कटौती से खाना नहीं मिल पा रहा है, जिससे कई बच्चों की मौत हो चुकी है। खासकर बेहद गरीब अफ्रीकी देशों में इसका सबसे ज्यादा असर पड़ा है। ये देश जनकल्याणकारी कामों के लिए अमेरिकी मदद पर काफी निर्भर हैं। हालांकि इस साल ट्रंप प्रशासन द्वारा अमेरिकी मदद में 90 प्रतिशत की कटौती कर दी है, जिससे अफ्रीकी देशों में हालात बिगड़ गए हैं। बच्चों के पोषण के लिए चल रहीं योजनाएं सबसे ज्यादा प्रभावित हुई हैं।

### गाजा में इजराइली हमले में 114 लोगों की मौत

**गाजा, एजेंसी।** गाजा में बुधवार और गुरुवार को इजराइली हमले में कम से कम 114 लोगों की मौत हो गई। हमास से जुड़े स्वास्थ्य अधिकारियों ने यह दावा किया। अमेरिकी विदेश मंत्री ने कहा कि गाजा की इस स्थिति से अमेरिका परेशान है। रुबियो ने हमास से आत्मसमर्पण करने और बंधकों को रिहा करने को कहा। उन्होंने कहा कि जब तक यह समूह मौजूद है तब तक वहां शांति नहीं हो सकती। 7 अक्टूबर को गाजा में शुरू हुए इजराइली हमले के बाद वहां करीब 53 हजार लोगों की मौत हो चुकी है। इजराइल ने पिछले ढाई महीने से गाजा में राहत सामग्री के प्रवेश पर पाबंदी लगा रखी है। यहां तक कि इजराइल ने गाजा में पत्रकारों की एंट्री पर भी रोक लगा रखी है। इजराइल सरकार यह दावा कर रही है कि गाजा में खाने की कोई कमी नहीं है।

### लंदन में भगोड़े नीरव मोदी की जमानत याचिका खारिज

लंदन, एजेंसी। पीएनबी घोटाला मामले में मुख्य आरोपी भगोड़े नीरव मोदी की जमानत याचिका खारिज की गई है। लंदन की किंग्स बेंच डिवीजन हाईकोर्ट ने सुनवाई के बाद इसे खारिज किया। भारत की ओर से सीबीआई के वकील ने नीरव की दलीलों का विरोध किया था। नीरव मोदी पर पंजाब नेशनल बैंक से लोन लेकर करीब 14 हजार करोड़ रुपए की धोखाधड़ी करने का आरोप है। घोटाला सामने आने के बाद वह जनवरी 2018 में देश छोड़कर फरार हो गया था। नीरव को साउथ-वेस्ट लंदन से 19 मार्च, 2019 को गिरफ्तार किया गया था। तभी से वो वहां की जेल में है। भारत में नीरव के खिलाफ धोखाधड़ी के तीन केस हैं। पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के साथ धोखाधड़ी का सीबीआई मामला। दूसरा, पीएनबी मामले मनी लॉन्ड्रिंग का केस और तीसरा सीबीआई की कार्रवाई में सबूतों और गवाहों के साथ छेड़छाड़ का मामला है। फरवरी 2021 में ब्रिटेन की वेस्टमिन्सटर कोर्ट में नीरव के प्रत्यर्पण पर सुनवाई की थी। कोर्ट ने भी नीरव को भारत भेजने की मंजूरी दे दी थी। इसके बाद 15 अप्रैल 2021 को ब्रिटेन की होम सेक्रेटरी प्रीति पटेल ने भी नीरव के प्रत्यर्पण का आदेश दिया था। इसके बाद लंदन हाईकोर्ट ने नीरव के प्रत्यर्पण का फैसला सुनाया था। हालांकि, अन्य कानूनी प्रक्रिया के चलते नीरव का प्रत्यर्पण अब तक नहीं हो पाया है। घोटाले की शुरुआत पीएनबी की मुंबई स्थित ब्रेडी हाउस ब्रांच से 2011 में हुई। फर्जी लेटर ऑफ अंडरटेकिंग्स (एलओयू) के जरिए घोटाला किया गया।

# हांगकांग से लेकर सिंगापुर तक, एशिया में फिर बढ़े कोविड-19 के मामले, नई लहर का डर?

**विक्टोरिया, एजेंसी।** एशिया में एक बार फिर से कोविड-19 के मामलों में तेजी देखी जा रही है। घनी आबादी वाले हांगकांग और सिंगापुर में पिछले दिनों कोविड के मामले अचानक बढ़ गए। स्वास्थ्य अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि यह नया उछाल पूरे क्षेत्र में एक नई लहर का संकेत दे सकता है। हांगकांग में वायरस की गतिविधि काफी हाई स्तर पर पहुंच गई है, जबकि सिंगापुर में भी हाल के सप्ताह में मामलों और अस्पताल में भर्ती होने की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। लेकिन क्या यह स्थिति चिंता का कारण है? आइए विस्तार से जानते हैं।



## हांगकांग में कैसी है स्थिति

हांगकांग के सेंटर फॉर हेल्थ प्रोटेक्शन के प्रमुख अल्बर्ट औ ने स्थानीय मीडिया को बताया कि शहर में कोविड-19 की गतिविधि अब काफी हाई है। कोविड से संक्रमित लोगों के पॉजिटिव टेस्ट का प्रतिशत एक साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। सेंटर के आंकड़ों के अनुसार, 3 मई तक के सप्ताह में 31 गंभीर मामले दर्ज किए गए, जो पिछले एक साल में सबसे ज्यादा है। हालांकि, यह उछाल पिछले दो वर्षों के सबसे बड़े प्रकोपों जितना बड़ा नहीं है, लेकिन सीवेज पानी में वायरल लोड में वृद्धि और कोविड से संबंधित चिकित्सा परामर्शों और अस्पताल में भर्ती होने की संख्या में वृद्धि से संकेत मिलता है कि वायरस शहर के 70 लाख से अधिक निवासियों के बीच सक्रिय रूप से फैल रहा है। हांगकांग के मशहूर पॉप स्टार ईसन चैन को भी कोविड-19 पॉजिटिव पाया गया, जिसके कारण उन्हें ताइवान में अपने कॉन्सर्ट स्थगित करने पड़े। यह घटना इस बात का संकेत है कि वायरस कितनी तेजी से फैल रहा है।

## सिंगापुर में बढ़ते मामले

सिंगापुर में भी स्वास्थ्य मंत्रालय ने लगभग एक साल बाद पहली बार कोविड-19 संक्रमणों पर अपडेट जारी किया है। मंत्रालय के अनुसार, 3 मई को समाप्त हुए सप्ताह में अनुमानित मामलों में 28 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो 14,200 तक पहुंच गए। इसके साथ ही, दैनिक अस्पताल में भर्ती होने की संख्या में भी लगभग 30प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। सिंगापुर अब केवल तभी मामले की संख्या की रिपोर्ट करता है जब उनमें उल्लेखनीय वृद्धि होती है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि इस वृद्धि का कारण संभवतः जनसंख्या में कम होती प्रतिरक्षा हो सकती है, न कि अधिक संक्रामक या गंभीर वायरस वेरिएंट। वर्तमान में सिंगापुर में प्रचलित मुख्य कोविड वेरिएंट एलएफ.7 और एनबी.1.8 हैं, जो दोनों जेएन.1 स्ट्रेन के सब-वेरिएंट हैं।

हांगकांग और सिंगापुर के अलावा, चीन और थाइलैंड में भी कोविड-19 के मामलों में वृद्धि देखी जा रही है। चीन में नई लहर पिछले साल की गर्मियों जितनी तेज हो रही है। वहीं थाइलैंड में अप्रैल के सोंगक्रान उत्सव के बाद संक्रमण में वृद्धि देखी गई है। पूरे एशिया में पिछले कुछ महीनों से कोविड के नए मामले बढ़ रहे हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि अन्य सांस संबंधी वायरसों के विपरीत कोविड-19 का यह पुनरुत्थान गर्मियों के मौसम में भी बड़े पैमाने पर बीमारी फैलाने की इसकी क्षमता को दर्शाता है।

## क्या यह चिंता का कारण है?

स्वास्थ्य अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि वर्तमान में प्रचलित वेरिएंट अधिक संक्रामक या गंभीर नहीं हैं। सिंगापुर के स्वास्थ्य मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि वर्तमान में कोई संकेत नहीं है कि प्रचलित वेरिएंट महामारी के दौरान की तुलना में अधिक संक्रामक या गंभीर हैं। फिर भी, कम होती प्रतिरक्षा के कारण मामले बढ़ रहे हैं, जिसके लिए स्वास्थ्य अधिकारियों ने लोगों से अपनी टीकाकरण स्थिति को अपडेट रखने की अपील की है। विशेष रूप से उच्च जोखिम वाले व्यक्तियों, जैसे कि बुजुर्गों और पुरानी बीमारियों से ग्रस्त लोगों को बूस्टर शॉट लेने की सलाह दी गई है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन स्थिति पर नजर रख रहा है, और विशेषज्ञों का मानना है कि व्यापक टीकाकरण और उचित सावधानियों के साथ, इस लहर को नियंत्रित किया जा सकता है। हांगकांग और सिंगापुर में मास्क पहनने और सामाजिक दूरी जैसे उपायों को फिर से प्रोत्साहित किया जा रहा है।

# सऊदी अरब के अलावा कई मुसलमान देशों ने खदेड़े पाकिस्तानी भिखारी, 5000 है आंकड़ा, संसद में बताया

**रियाद, एजेंसी।** सऊदी अरब से बीते साल जनवरी से अब तक 5033 पाकिस्तानी भिखारियों को वापस भेजा गया है। यह जानकारी पाकिस्तान की संसद में गृह मंत्री मोहसिन नकवी की ओर से दी गई है। उन्होंने कहा कि यह आंकड़ा बीते 16 महीनों का है।

यही नहीं उनकी ओर से बताया गया कि सऊदी अरब के अलावा पाकिस्तान से लोग मलयेशिया, इराक, यूएई, ओमान और कतर जैसे देशों में भी भीख के लिए जाते हैं। ये सभी इस्लामिक मुल्क हैं और पाकिस्तान के गरीब तबके के लोगों को लगता है कि यहां भीख मांगकर भी गुजारा किया जा सकता है। सऊदी अरब तो हर साल ही हजारों पाकिस्तानी भिखारियों को वापस भेजता है। उसने पाक सरकार से भी कहा था कि इन्हें रोकने के लिए कदम उठाए।

मंत्री ने बताया कि सऊदी अरब, इराक, मलयेशिया, ओमान, कतर और यूएई से कुल 5402 भिखारियों को वापस भेजा गया है। यह आंकड़ा जनवरी 2024 से अब तक का है। इनमें से 4850 लोगों को सऊदी अरब समेत इन देशों ने 2024 में वापस भेज दिया था। इसके अलावा 552 पाकिस्तानी भिखारियों को इस साल ही लौटाया गया है। जानकारी के मुताबिक पाकिस्तान से गए ज्यादातर भिखारी सऊदी अरब ही जाते हैं। इसकी वजह यह है कि वे वहां मक्का और मदीना के आसपास बैठते हैं। वहां ये दुनिया भर से आने वाले जायरीनों से भीख मांगते हैं। मजहबी यात्रा पर निकले लोग अकसर उन्हें भीख दे भी देते हैं और इसके चलते पाकिस्तान से बड़ी संख्या में लोग भीख मांगने के मकसद से ही पहुंचते रहे हैं, जिस पर सऊदी अरब ने भी सख्त ऐतराज कई बार जताया है।

**पाकिस्तान के इस राज्य से सबसे ज्यादा सऊदी अरब जाते हैं भिखारी :** पाकिस्तान की संसद में जो आंकड़ा पेश किया गया है, उसके अनुसार भीख मांगने के लिए जाने वालों में सबसे ज्यादा लोग पाकिस्तान के सिंध प्रांत के हैं। सिंध से अकेले सऊदी अरब जाने वालों की संख्या ही 2,428 है। इसके अलावा पंजाब से 1098 गए और खैबर पख्तूनख्वा से 819 लोग चले गए। बलूचिस्तान से 117 लोग सऊदी अरब गए। यह उन भिखारियों का डेटा है, जिन्हें वापस भेजा गया है। माना जा रहा है कि संख्या और अधिक हो सकती है क्योंकि ऐसे भी लोग है, जो अब भी वहां भीख मांग रहे हैं। पाकिस्तान से लोग इराक जैसे देश में भी भीख मांगने के लिए गए, यह चौंकाने वाला तथ्य है। ऐसा इसलिए क्योंकि इराक खुद ही बुरे हालातों से गुजर रहा है और वहां भी पाकिस्तानियों का भीखना मांगना उनकी बदहाली को बयां करता है।

### रूस के विदेश मंत्री बोले- भारत-चीन को लड़ाने की कोशिश में पश्चिमी देश, एशिया-प्रशांत क्षेत्र का नाम बदला

**मास्को, एजेंसी।** रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने गुरुवार को कहा कि पश्चिमी देश भारत और चीन को आपस में भिड़ाने की कोशिश कर रहे हैं। लावरोव ने कल्चर विदआउट बॉर्डर्स क्लब के एक कार्यक्रम में यह बात कही।



उन्होंने कहा- एशिया-प्रशांत क्षेत्र को पश्चिमी देश अब इंडो-पैसिफिक कहने लगे हैं। ऐसा करके वे अपनी नीति को चीन के खिलाफ साफ तौर पर दिखा रहे हैं। इससे वे हमारे दोस्त और पड़ोसी देश भारत और चीन को आपस में टकराने की कोशिश कर रहे हैं। लावरोव ने कहा कि पश्चिमी देश एशिया में आसियान को भी कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं। आसियान दक्षिण-पूर्व एशिया के 10 देशों का समूह है, जो आर्थिक और सुरक्षा सहयोग को बढ़ावा देता है। इन देशों में इंडोनेशिया, मलेशिया, फिलीपींस, सिंगापुर, थाईलैंड, ब्रुनेई, म्यांमार, कंबोडिया, लाओस और वियतनाम शामिल हैं।

# पाक विदेश मंत्री ने संसद में किया फर्जी दावा, अब वहां की मीडिया ने ही कर दी बोलती बंद

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने जब पाकिस्तान पर ताबड़तोड़ एयरस्ट्राइक कीं तो फिर पाक की सेना की ओर से भी जवाब दिया गया था। कई दिनों तक तनाव अपने चरम पर रहा और इस दौरान भी भारत ने पाकिस्तान में कई ठिकानों पर जोरदार हमले बोले थे। पाकिस्तान की ओर से फतह मिसाइल, ड्रोन और छोटी मिसाइलों से कई हमले करने की कोशिश हुई, लेकिन भारत ने सभी को नाकाम कर दिया। इस तरह भारतीय वायुसेना ने न सिर्फ पाकिस्तान के कई शहरों में जोरदार अटैक किए, वहीं भारतीय जमीन की ओर बढ़ते हमलों को आसमान में ही रोक दिया। फिर भी पाकिस्तान में प्रोपेगेंडा चलता रहा।



पाकिस्तान में ब्रिटिश अखबार द टेलिग्राफ की एक कटिंग वायरल की गई, जिसका शीर्षक था- आसमान का राजा है पाकिस्तान की वायुसेना। इस हेडिंग वाली अखबार के फर्जी पेज को सोशल मीडिया पर खूब शेयर किया गया। यहां तक कि पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने तो इसी का जिक्र करते हुए संसद में वायुसेना की शान में कसीदे भी पढ़ डाले। अब पाकिस्तान के ही अखबार डॉन ने इसका फैक्ट चेक किया है, जिसमें यह पूरी तरह फर्जी पाया गया है। भारत की ओर से पहले ही ऐसे दावों की धज्जियां उड़ाई गई थीं। अब पाकिस्तान को वहीं की मीडिया ने आईना दिखाया है।

दरअसल द टेलिग्राफ की जो कटिंग सोशल मीडिया पर वायरल कराई गई थी, वह पूरी तरह फर्जी थी। 10 मई का अंक बताकर उसे शेयर किया जा रहा था, जबकि अखबार ने उस दिन भारत या पाकिस्तान पर कोई खबर ही फ्रंट पेज पर नहीं छापी थी। इसके अलावा एक प्रतिष्ठित अखबार का फ्रंट पेज बताकर जिस तस्वीर को शेयर किया जा रहा था, उसमें ऐसी स्पेलिंग की गलतियां थीं, जो साफ करती हैं कि कैसे नकल में भी अक्ल का इस्तेमाल नहीं किया गया। इशाक डार तक ने इसी फर्जी कटिंग के सहारे पाकिस्तानी वायुसेना की तारीफ कर डाली और जब फैक्ट चेक हुआ तो चुप्पी साध गए।

इस तरह पाकिस्तानी अखबार के ही फैक्ट चेक ने वहां झूठे दावे करने वालों की बोलती बंद कर दी है। यही नहीं एक और दावा यह था कि पाकिस्तान ने उधमपुर बेस को तबाह कर दिया है और ऐसे दावे के साथ एक वीडियो भी शेयर हो रहा था। यह दावा भी एकदम फर्जी निकला है क्योंकि वीडियो हनुमानगढ़ की एक केमिकल फैक्ट्री में आग लगने का है। वह उधमपुर एयरबेस का नहीं है।

# पूर्व एफबीआई डायरेक्टर के '86-47' पोस्ट पर बवाल, ट्रंप को जान से मारने की धमकी वाले एंगल से भी हो रही जांच

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के पूर्व एफबीआई निदेशक जेम्स कोमी की एक सोशल मीडिया पोस्ट ने बड़ा राजनीतिक तूफान खड़ा कर दिया है। ट्रंप प्रशासन से जुड़े कई अधिकारियों ने इस पोस्ट को पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ हिंसा की धमकी बताया है। अब इस मामले की जांच अमेरिकी सीक्रेट सर्विस कर रही है।

**क्या है पूरा मामला? :** गुरुवार को जेम्स कोमी ने इंस्टाग्राम पर समुद्र किनारे सीपियों की एक तस्वीर पोस्ट की। इस तस्वीर के साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा. मेरी बीच वॉक के दौरान एक अच्छी सीपियों की आकृति मिली। तस्वीर में सीपियों को इस तरह सजाया गया था कि उनमें 86 47 लिखा हुआ दिखाई दे रहा था।

**86 47 का मतलब क्या है? :** संख्या 47 का सीधा संबंध डोनाल्ड ट्रंप से जोड़ा जा रहा है, क्योंकि दोबारा राष्ट्रपति बनने के साथ ट्रंप अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति बनए हैं। वहीं संख्या 86 एक बोलचाल की भाषा है, जिसका मतलब हटा देना या निकाल फेंकना होता है। वहीं कुछ जगहों पर यह मृत्युदंड या मार डालना जैसे अर्थों में भी इस्तेमाल होता है।



**ट्रंप समर्थकों का आरोप - ये राष्ट्रपति की हत्या का इशारा है :** डिपार्टमेंट ऑफ होमलैंड सिक्योरिटी (डीएचएस) की सचिव क्रिस्टी नोएम ने कहा, सीक्रेट सर्विस और डीएचएस इस गंभीर खतरे की जांच कर रहे हैं और जल्द ही उचित कार्रवाई की जाएगी। वहीं ट्रंप के बेटे डोनाल्ड ट्रंप जूनियर ने भी कोमी पर अपने पिता की हत्या का संकेत देने का आरोप लगाया। इस मामले में व्हाइट हाउस के उप प्रमुख जेम्स ब्लेयर ने कहा कि यह पोस्ट एक बेहद संवेदनशील समय पर आई है, जब पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप मध्य पूर्व यात्रा पर हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि यह पोस्ट आतंकवादियों और दुश्मन देशों को राष्ट्रपति की हत्या के लिए प्रेरित करने वाली एक खुली अपील है।

**कोमी का स्पष्टीकरण- यह सिर्फ एक फोटो थी :** वहीं फोटो पर विवाद बढ़ने के बाद जेम्स कोमी ने अपनी पोस्ट डिलीट कर दी और सफाई देते हुए कहा- मैंने एक तस्वीर पोस्ट की जिसमें कुछ सीपियां थीं जो मैंने समुद्र किनारे देखीं। मुझे नहीं पता था कि कुछ लोग इन नंबरों को हिंसा से जोड़ते हैं। मेरे मन में कभी ऐसा कोई इरादा नहीं था। मैं किसी भी प्रकार की हिंसा के सख्त खिलाफ हूं, इसलिए पोस्ट हटा दी।

बता दें कि, जेम्स कोमी 2013 से 2017 तक एफबीआई निदेशक रहे थे। उन्हें ट्रंप ने तब बर्खास्त किया था जब वे रूस और ट्रंप की 2016 चुनावी मुहिम के बीच कथित संबंधों की जांच कर रहे थे। अब कोमी अपराध कथाओं (क्राइम फिक्शन) के लेखक हैं और उनकी नई किताब एफडीआर ड्राइव मंगलवार को रिलीज होने जा रही है।

# न्यूयॉर्क सीनेट में भारतीय संविधान का सम्मान, 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर प्रस्ताव पारित

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राज्य न्यूयॉर्क की सीनेट में औपचारिक रूप से भारतीय संविधान की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर इसका सम्मान करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया गया। प्रस्ताव में भारतीय संविधान को राष्ट्र के रूप में भारत की निरंतर प्रगति के लिए एक मार्गदर्शक ढांचे के रूप में मान्यता दी गई है और देश के लोकतांत्रिक मूल्यों का जश्न मनाया गया। न्यूयॉर्क स्टेट सीनेटर जेरेमी कूनी ने यह प्रस्ताव पेश किया। जेरेमी कूनी वर्तमान में न्यूयॉर्क स्टेट सीनेट में सेवारत भारतीय मूल के एकमात्र सदस्य हैं। कूनी के प्रस्ताव को बुधवार को एक समारोह में पारित किया गया। इस कार्यक्रम में न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्यदूत बिनय प्रधान के साथ-साथ न्यूयॉर्क में भारतीय-अमेरिकी समुदाय के लोग भी शामिल हुए।



**भारत ही नहीं पूरी दुनिया में मनाया जाना चाहिए भारतीय संविधान का जश्न :** जेरेमी कूनी ने कहा, मैं भारतीय संविधान की 75वीं वर्षगांठ के सम्मान में यह प्रस्ताव पेश कर रहा हूं, यह भारतीय स्वतंत्रता और उन कई बहादुर भारतीयों का जश्न मनाने का समय है, जिन्होंने अपने देशवासियों की भलाई के लिए अपनी जान जोखिम में डाल दी।

जेरेमी कूपर ने कहा कि यह दिन सिर्फ़ भारत में ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में मनाया जाना चाहिए। पूरी दुनिया में भारतीय अपने समुदायों में स्थायी प्रभाव डाल रहे हैं। यह हमारे साझा इतिहास, संस्कृति और विरासत का जश्न मनाने और उस पर विचार करने के लिए एक साथ आने का अवसर है। पूर्व में, भारतीय स्वतंत्रता, गणतंत्र दिवस, प्रमुख त्योहारों और अन्य अवसरों के पर कई प्रस्ताव पेश किए गए हैं, लेकिन यह पहली बार है कि भारतीय संविधान की स्मृति में कोई प्रस्ताव अमेरिका में किसी विधायी निकाय में पेश किया गया और अपनाया गया है।

**कूनी ने भारत से अपने संबंधों को किया याद :** कूनी ने भारत के कोलकाता में एक अनाथालय से गोद लिए जाने और न्यूयॉर्क के रोचेस्टर में एक अकेली मां द्वारा पाले जाने से लेकर अपनी यात्रा के बारे में भी बताया। कूनी ने कहा कि यह वर्षगांठ मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से भी विशेष महत्व रखती है। जैसा कि सीनेट में मेरे कई सहकर्मी जानते हैं, मुझे कलकत्ता के एक अनाथालय से गोद लिया गया था और अपने पूरे जीवन में, मैंने भारत और अपने समुदाय में भारतीयों के साथ एक मजबूत संबंध बनाए रखने के लिए बहुत मेहनत की है।

# पाकिस्तान के डिप्टी पीएम बोले- भारत-पाकिस्तान सीजफायर 18 मई तक बढ़ा

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने बृहस्पतिवार को संसद में दावा किया कि पाकिस्तान और भारत के सैन्य अभियान महानिदेशकों ने सीजफायर पर चर्चा के लिए हॉटलाइन पर बात की। द डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक उन्होंने कहा कि दोनों देशों के डीजीएमओ के बीच अब 18 मई को बातचीत होगी।

भारत और पाकिस्तान के बीच 4 दिन तक सीमा पार से ड्रोन और मिसाइल हमलों के बाद सैन्य संघर्ष रोकने के लिए 10 मई को सहमति बनी थी। इसे 12 मई तक बढ़ाया गया और फिर 14 मई और फिर 18 मई तक किया गया। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच राजनीतिक वार्ता होगी और सभी समस्याओं का हल निकालने पर बात की जाएगी। उन्होंने कहा- हमने पूरी दुनिया को साफ कर दिया है कि हम हर मुद्दे पर खुलकर और पूरी बातचीत करने के लिए तैयार हैं। डार ने यह भी दावा किया पाकिस्तान ने सीजफायर की कोई मांग नहीं की थी।

**डार बोले- यूएस विदेश मंत्री के फोन के बाद युद्धविराम किया :** एसोसिएटेड प्रेस ऑफ पाकिस्तान के मुताबिक, डिप्टी पीएम डार ने दावा किया हाल ही में भारत के साथ हुए तनाव के दौरान पाकिस्तान ने सीजफायर की कोई मांग नहीं की थी। उनके मुताबिक, यह युद्धविराम तब शुरू हुआ जब अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने फोन करके बताया कि भारत अब हमला रोकने के लिए तैयार है। डार ने कहा कि पाकिस्तान ने शुरू से ही संयम बरता और किसी भी तरह की सैन्य कार्रवाई से पहले अपने सभी मित्र देशों को सूचित कर दिया था। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने अपने दोस्तों से साफ कहा था कि वह पहले हमला नहीं करेगा, लेकिन अगर भारत उकसाएगा, तो निश्चित रूप से जवाब देगा।



**हमने भारत का घमंड धूल में मिलाया :** इससे पहले पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ ने बुधवार को पंजाब प्रांत के सियालकोट?पसरूर छावनी में पाकिस्तानी सैनिकों को संबोधित किया था। इस दौरान उन्होंने कहा कि हमने भारत के अहंकार को धूल में मिला दिया है।

डॉन न्यूज के मुताबिक पाक पीएम ने कहा- दुश्मन, जो हमसे बड़ा है, उसे इस बात पर घमंड था कि उसके पास अरबों डॉलर के मिलिट्री इक्विपमेंट हैं। हमने उसे बहुत बड़ा झटका दिया है। हम युद्ध और शांति दोनों के लिए तैयार हैं। चुनाव आपका (भारत) है। शहबाज शरीफ ने सिंधु जल संधि को स्थगित करने पर भारत को चेतावनी भी दी। उन्होंने कहा- अगर आप हमारा पानी रोकते हैं, तो यह हमारी रेड लाइन है। पानी पर हमारा हक है। हमारी सेना हमारे अधिकार के लिए लड़ेगी।

**यूएन प्रस्ताव के मुताबिक कश्मीर मुद्दे का हल निकले :** पाकिस्तान पीएम ने कहा कि कश्मीर मुद्दे को यूएन प्रस्ताव के मुताबिक सुलझाया जाना चाहिए और उसके बाद बिजनेस की बातचीत की जाएगी।

भारत ने नीलम, झेलम में पाकिस्तान के जल संसाधनों पर हमला किया, लेकिन सरकार ने संयम दिखाया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने पहलगाम हमले के जांच की मांग की थी और सहयोग करने पर सहमति जताई थी, लेकिन भारत ने रात के अंधेरे में हमला किया।

**पाकिस्तान के राष्ट्रपति जरदारी घायल सैनिकों से हॉस्पिटल में मिले :** पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने रावलपिंडी के मिलिट्री हॉस्पिटल में भारतीय हमले के दौरान घायल सैनिकों से मुलाकात की। उन्होंने इन सैनिकों की बहादुरी और देशभक्ति की प्रशंसा की। डॉन न्यूज के मुताबिक जरदारी ने कहा कि देश ने दुश्मन के हमलों का डटकर मुकाबला किया।

# दोहा डायमंड लीग में नीरज चोपड़ा ने रचा इतिहास, पार की 90 मीटर की बाधा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के स्वर्णिम नायक नीरज चोपड़ा ने आखिरकार वह कर दिखाया, जिसका इंतजार प्रशंसक और विशेषज्ञ वर्षों से कर रहे थे–उन्होंने भाला फेंक में 90 मीटर की पौराणिक रेखा को पार कर लिया। 2025 दोहा डायमंड लीग में, दो बार के ओलंपिक पदक विजेता चोपड़ा ने अपनी तीसरी कोशिश में भाले को 90.23 मीटर की शानदार दूरी तक फेंका, जिसने तुरंत उन्हें बढ़त दिलाई और स्टेडियम में मौजूद माहौल को विद्युतीकृत कर दिया। 90 मीटर की दूरी केवल संख्याओं तक सीमित नहीं थी। यह चोपड़ा के लिए एक पर्वत बन गई थी। वह इसके पास कई पहुंचे, लेकिन अक्सर 88 और 89 मीटर के उच्च स्कोर के साथ थोड़ा पीछे रह गए। टोक्यो में ओलंपिक स्वर्ण, बुडापेस्ट में विश्व चैंपियनशिप स्वर्ण, और डायमंड लीग में वर्चस्व के बावजूद, एक सवाल हमेशा बना रहा~ नीरज 90 मीटर की दूरी कब पार करेंगे? अब इस सवाल का जवाब मिल गया है–और वह भी पूरे दमखम के साथ। भीड़ से भरे स्टेडियम और विश्व-स्तरीय भाला फेंक खिलाड़ियों की मौजूदगी में, चोपड़ा ने तब शानदार प्रदर्शन किया, जब इसकी सबसे ज्यादा जरूरत थी। नए कोच, जान जेलेजनी, का प्रभाव स्पष्ट था, क्योंकि नीरज ने आखिरकार उस लक्ष्य को हासिल कर लिया, जिसे वह पिछले कुछ वर्षों में कई बार आजमा चुके थे। चोपड़ा ने हाल ही में चेक गणराज्य के तीन बार के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता जेलेजनी को अपना कोच नियुक्त किया है, जो डॉ. क्लाउस बार्टोनिएट्ज की जगह ले चुके हैं। पहले दो प्रयासों में स्थिर शुरुआत के बाद नीरज ने तीसरे प्रयास में वह करिश्मा कर दिखाया। उनका भाला दोहा की रात के आकाश को चीरता हुआ उस पवित्र निशान से परे जा गिरा। भीड़ से एक जोरदार गर्जना उठी, और यह उत्साह केवल स्टेडियम तक सीमित नहीं रहा, बल्कि भारत और दुनिया भर में सोशल मीडिया और खेल जगत में भी फैल गया। इस थ्रो के साथ, नीरज ने 90 मीटर से अधिक दूरी हासिल करने वाले विशिष्ट भाला फेंक खिलाड़ियों के क्लब में प्रवेश कर लिया, जिसमें मौजूदा ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता अरशद नदीम भी शामिल हैं, और इसने उन्हें खेल के सर्वकालिक महान खिलाड़ियों में से एक के रूप में उनकी स्थिति को और मजबूत किया। उनके चेहरे पर राहत और खुशी साफ झलक रही थी–यह केवल एक आंकड़ा नहीं था; यह एक व्यक्तिगत मील का पत्थर था। दोहा इस सीजन का उनका पहला बड़ा टूर्नामेंट है, जहां नीरज का सामना शीर्ष सितारों जैसे दो बार के विश्व चैंपियन और




2024 ओलंपिक कांस्य पदक विजेता ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स, 2024 में यहां जीतने वाले चेकिया के जैकब वाडलेच, जर्मनी के जूलियन वेबर और मैक्स डेहनिंग, केन्या के जूलियस येगो, और जापान के रॉड्रिक जेनकी डीन से हुआ।

# रोस्टन चेज बने वेस्टइंडीज के नए कप्तान, 2016 में किया था डेब्यू



**बर्मिंघम (एजेंसी)।**
नई दिल्ली,(ईएमएस)। वेस्टइंडीज ने रोस्टन चेज को नया टेस्ट कप्तान बनाया है। बारबाडोस में जन्मे चेज दाएं हाथ के बल्लेबाज और दाएं हाथ के ऑफ-ब्रेक गेंदबाज हैं। 6 फीट 5 इंच लंबे चेज मैदान पर अपने शांत स्वभाव के लिए जाने जाते हैं और खेल के सभी फॉर्मेट में वेस्टइंडीज के लिए प्रमुख खिलाड़ी हैं। क्रैग ब्रैथवेट ने इस साल के शुरू में मार्च में अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। अब उनकी जगह चेज लेंगे।

साल 2016 में चेज ने टेस्ट मैच से डेब्यू किया था। उन्होंने 21 जुलाई 2016 में भारत के खिलाफ पहला मैच खेला था। दूसरे ही टेस्ट मैच में उन्होंने भारतीय टीम के खिलाफ शतक ठोक था। इसके अलावा उन्होंने पांच विकेट लेने की उपलब्धि हासिल की थी। ऐसा करने वाले वे वेस्टइंडीज के चौथे खिलाड़ी बन गए थे। हालांकि, इसके बावजूद यह टेस्ट सीरीज भारत ने जीती थी।

रोस्टन चेज ने वेस्टइंडीज के लिए अब तक 49 टेस्ट मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 26.33 की औसत से 2265 रन बनाए हैं, जिसमें पांच शतक शामिल हैं। उन्होंने 85 विकेट भी लिए हैं। जनवरी 2019 में इंग्लैंड के खिलाफ एक टेस्ट मैच में चेज ने चौथी पारी में 60 रन देकर 8 विकेट लिए थे जो एक शानदार प्रदर्शन था। कोच डैरन सैमी ने एक बयान में कहा कि हमारे नए कप्तान चेज ने अपने साथियों का सम्मान अर्जित किया है, वह इस भूमिका के साथ आने वाली जिम्मेदारी को समझते हैं। टीम को अब आगे ले जाने की जरूरत है।

चेस के सामने पहले चुनौती ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज होगी, जो नए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप सेशन में दोनों टीमों के लिए पहला मैच होगा। यह सीरीज 25 जून से शुरू होकर 17 जुलाई तक चलेगी। वेस्टइंडीज दौरे पर ऑस्ट्रेलिया को कुल 3 टेस्ट मैच खेलने हैं। दोनों टीमों का ऐलान होना है। वेस्टइंडीज के जोमेल वारिकन को टीम का उप-कप्तान बनाया गया है।

# आरसीबी के लिए इस सीजन में क्या कर सकते हैं इस पर विचार करे कोहली: बोबाट




**बेंगलुरु (एजेंसी)।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) के टीम निदेशक मो बोबाट ने कहा कि टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद भी विराट कोहली की प्रतिस्पर्धी क्षमता कम नहीं हुई है और कोहली इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इस चरण में आरसीबी के साथ क्या हासिल कर सकता है, इस पर विचार करे है। कोहली ने इस सप्ताह क्रिकेट के पारंपरिक प्रारूप को अलविदा कहा था, उन्होंने 123 टेस्ट मैचों में 30 शतक की मदद से 9230 रन बनाए हैं।

बोबाट ने कहा कि पहली बात यह है कि विराट वैसे ही खेल रहे हैं, जैसे वे पहले खेलते थे। वे इस साल आरसीबी के साथ क्या हासिल कर सकते हैं, इस बारे में ही ध्यान लगाए हैं। वह हमेशा यही करते हैं। बोबाट कोहली की टेस्ट में बल्लेबाजी से बहुत प्रभावित थे जो हमेशा विपक्षी टीमों पर हावी रहते थे। उन्होंने कहा कि उन्होंने भारत के लिए बतौर टेस्ट खिलाड़ी जो किया है, उस पर उन्हें बेहद फक्र होना चाहिए। बोबाट ने कहा कि 120 से ज्यादा टेस्ट मैच खेलना और करीब 10,000 रन बनाना कोई मामूली उपलब्धि नहीं है। साथ ही कप्तान के तौर पर उनका रिकॉर्ड (60 प्रतिशत जीत) प्रतिशत या इसी तरह कप्तान के तौर रिकॉर्ड कोई मामूली उपलब्धि नहीं है। बतौर कोच बोबाट ने कोहली को आरसीबी में शामिल होने से पहले भी देखा था। जब बोबाट 2018 में इंग्लैंड के कोचिंग 'सेट-अप में शामिल थे, तब उन्होंने कोहली की प्रतिभा को करीब से देखा था।

# प्लेऑफ की उम्मीदें बरकरार रखने जीटी के सामने उतरेगी डीसी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल 2025 में अब मुकाबले अपने अंतिम चरण में पहुंच चुके हैं और हर मैच प्लेऑफ की तस्वीर को बदल सकता है। इसी कड़ी में रविवार को दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) और गुजरात टाइटन्स (जीटी) के बीच अरुण जेटली स्टेडियम में एक बेहद अहम मुकाबला खेला जाएगा। दिल्ली कैपिटल्स ने इस सीजन की शुरुआत दमदार अंदाज में की थी और पहले छह में से पांच मैच जीते थे, लेकिन फिर प्रदर्शन में उतार-चढ़ाव आया। अब टीम 11 मैचों में 13 अंकों के साथ अंक तालिका में पांचवें स्थान पर है और प्लेऑफ की दौड़ में बने रहने के लिए उसे अपने बाकी तीनों मैच जीतने होंगे, खासकर गुजरात जैसी मज़बूत टीम के खिलाफ।

दिल्ली के लिए चिंता का सबसे बड़ा कारण उसके प्रमुख तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क का टूर्नामेंट से बाहर हो जाना है, जिससे गेंदबाजी इकाई पर दबाव बढ़ गया है। उनकी गैरहाजरी में तेज गेंदबाज दुष्मंथा चमीरा, मुकेश कुमार और टी नटराजन को अब




अतिरिक्त जिम्मेदारी उठानी होगी। स्पिन विभाग में कुलदीप यादव ने अब तक सबसे शानदार प्रदर्शन किया है, जिन्होंने 12 विकेट झटके हैं और उनकी इकॉनमी रेट 6.74 रही है। बल्लेबाजी में केएल राहुल टीम के सबसे भरोसेमंद खिलाड़ी साबित हुए हैं। उन्होंने अब तक 381 रन बनाए हैं और उनका स्ट्राइक रेट 142.16 का रहा है। उनके साथ अभिषेक पोरेल ने भी शीर्ष क्रम में अच्छा साथ निभाया है। अक्षर पटेल और आशुतोष शर्मा जैसे ऑलराउंडरों ने निचले क्रम में अहम योगदान दिए हैं।

वहीं, गुजरात टाइटन्स इस सीजन की सबसे संतुलित और सफल टीमों में से एक रही है। टीम ने 11 में से 8 मुकाबले जीते हैं और 16 अंकों के साथ शीर्ष दो में शामिल होने के करीब है। बल्लेबाजी में शुभमन गिल, साई सुदर्शन और जोस बटलर लगातार रन बना रहे हैं और सभी ने 500 से अधिक रन बना लिए हैं। शेरफेन रदरफोर्ड और राहुल तेवतिया ने भी मध्यक्रम में शानदार खेल दिखाया है। गेंदबाजी में मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा की जोड़ी अब तक 35 विकेट ले चुकी है और कगिसो रबाडा की वापसी से गेंदबाजी और मज़बूत हो सकती है। स्पिन विभाग में राशिद खान और साई किशोर लगातार प्रभावशाली प्रदर्शन कर रहे हैं।

अरुण जेटली स्टेडियम की पिच इस सीजन हाई-स्कोरिंग रही है और टॉस का रोल अहम हो सकता है। ऐसे में दिल्ली को वापसी की राह पर लौटने के लिए हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी, जबकि गुजरात टाइटन्स अपनी स्थिति और मज़बूत करना चाहेगी।

**दिल्ली कैपिटल्स की संभावित प्लेइंग इलेवनः** फाफ डु प्लेसिस/करुण नायर, अभिषेक पोरेल (विकेट कीपर), केएल राहुल, समीर रिजवी, अक्षर पटेल (कप्तान), ट्रिस्टन स्टब्स/डोनोवन फरेरा, माधव तिवारी, मुकेश कुमार, दुष्मंथा चमीरा/मुस्तफिजुर रहमान, कुलदीप यादव, टी नटराजन। इंपेक्ट प्लेयर~ आशुतोष शर्मा

**गुजरात टाइटन्स की संभावित प्लेइंग इलेवनः** साई सुदर्शन, शुभमन गिल (कप्तान), जोस बटलर (विकेट कीपर), राहुल तेवतिया, शाहरुख खान, राशिद खान, साई किशोर, अरशद खान, कागिसो रबाडा/गेराल्ड कोएत्ज़ी, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा। इंपेक्ट खिलाड़ी~वाशिंगटन सुंदर।

# विराट को इस कारण पसंद नहीं करते थे डीविलियर्स

नई दिल्ली । दक्षिण अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटर एबी डीविलियर्स ने भारतीय टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली से दोस्ती को लेकर एक अहम खुलासा किया है। डीविलियर्स ने कहा कि वह शुरुआत में विराट को पसंद नहीं करते थे पर आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स



बेंगलुरु (आरसीबी) से खेलने के दौरान उनकी अच्छी दोस्ती हो गयी। डी विलियर्स के अनुसार वह कोहली को उनके प्रतिस्पर्धी रैवेये की वजह से पंद नहीं करते थे क्योंकि वह भी वैसे ही थे। दक्षिण अफ्रीका के इस खिलाड़ी ने माना है कि कोहली एक कठिन प्रतिद्वंद्वी थे और उनके खिलाफ खेलना उनके लिए कठिन था क्योंकि वे बहुत तेजी से प्रतिस्पर्धा करते थे। विलियर्स ने कहा कि विराट मेरा क्रिकेट वाला भाई है। जब मैंने उसे जाना, तब मैं उसे धीरे–धीरे काफी पसंद करने लगा। उसके खिलाफ खेलना बहुत कठिन है। साथ ही कहा कि जब मैं उसे नहीं जानता था तब मैं उसे पसंद नहीं करता था, क्योंकि वह बहुत बेहतरीन व प्रतिस्पर्धी था। वह बिल्कुल मेरी ही तरह था। मैच में अपनी टीम के लिए खेलते हुए पूरी ताकत झौंक देना। इसी खूबी के कारण हम दोनो की दोस्ती अच्छी होती गयी।

# शुभमन पर सवाल उठाने वाले देखें उन्होंने कितने रन बनाए हैं : रवि शास्त्री

मुंबई ~ भारतीय टीम के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने रोहित शर्मा के संन्यास के बाद शुभमन गिल और ऋषभ पंत का समर्थन करते हुए कहा कि इनमें से किसी एक को टेस्ट टीम के कप्तान की जिम्मेदारी दी जानी चाहिए। आईसीसी पोटर्ल से बातचीत में शास्त्री ने चयनकर्ताओं से भविष्य की सोच अपनाने




का आग्रह किया और कहा कि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पर नेतृत्व का दबाव नहीं डाले जाना चाहिए। शास्त्री ने कहा कि मेरे लिए, ऑस्ट्रेलिया के बाद जसप्रीत स्पष्ट विकल्प होता। लेकिन मैं नहीं चाहता कि जसप्रीत को कप्तान बनाया जाए और फिर आप उसे गेंदबाज के रूप में खो दें। उन्होंने तेज गेंदबाज की पीठ की चोट का जिक्र करते हुए कहा कि उन्हें एक बार में एक खेल के लिए अपने शरीर पर ध्यान देना होगा... और आखिरी चीज जो आप चाहते हैं वह यह है कि कप्तान होने के नाते उनके दिमाग पर दबाव न हो। उन्होंने कहा कि बुमराह की बजाय 25 वर्षीय गिल और 26 वर्षीय पंत के लिए पिच की, दोनों के पास एक दशक का क्रिकेट और आईपीएल कप्तानी का अनुभव है 'गिल गुजरात टाइटन्स का नेतृत्व कर रहे हैं और पंत लखनऊ सुपर जायंट्स की कप्तानी कर रहे हैं। पूर्व भारतीय ऑलराउंडर ने कहा कि आप किसी को तैयार करते हैं शुभमन बहुत अच्छा लग रहा है। उसे मौका दें। ऋषभ भी है। इन दोनों पर मैं उनकी उम्र के कारण स्पष्ट रूप से विचार कर रहा हूं।' गिल के स्वभाव और धैर्य की प्रशंसा करते हुए शास्त्री ने युवा बल्लेबाज के विदेशी परिस्थितियों में प्रदर्शन को लेकर चिंताओं को खारिज कर दिया।

# चेल्सी और एस्टन विला ने घर में जीत के साथ चैंपियंस लीग की उम्मीदें जिंदा रखीं

**बर्मिंघम (एजेंसी)।** चेल्सी और एस्टन विला ने शुक्रवार को अपने-अपने घरेलू मुकाबलों में जीत दर्ज कर अगली चैंपियंस लीग के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीदें बरकरार रखीं। एस्टन विला ने टॉटनहैम हॉटस्पर को 2-0 से हराया, जबकि चेल्सी ने मैनचेस्टर यूनाइटेड के खिलाफ 1-0 की कड़ी जीत दर्ज की।

विला पार्क में खेले गए मुकाबले में मेज़बान टीम ने शुरुआत से ही दबदबा बनाए रखा, लेकिन पहला गोल करने में उन्हें 59वें मिनट तक का इंतजार करना पड़ा। जॉन मैकगिन के कॉर्नर पर ओली वॉटकिंस ने हेडर से गेंद को आगे बढ़ाया जिसे बिना किसी मार्किंग के खड़े एज़्री कोंसा ने गोल में बदल दिया। इसके बाद 76वें मिनट में बूबाकार कमारा ने पेनल्टी बॉक्स के किनारे से लो ड्राइव मारकर विला की बढ़त को दोगुना कर दिया। यह कमारा का प्रीमियर लीग में 69वें मैच में पहला गोल था। फ्रेंच मिडफील्डर कमारा ने स्काई




स्पोर्ट्स से कहा, हम जानते थे कि आज जीतना बेहद ज़रूरी है। हम फिर से चैंपियंस लीग खेलना चाहते हैं।


**चेल्सी की जीत में कुकरेला का गोल**

दूसरी ओर स्टैमफोर्ड ब्रिज पर चेल्सी और मैनचेस्टर यूनाइटेड के बीच मुकाबला पहले हाफ में फीका रहा। लेकिन दूसरे हाफ में चेल्सी ने रफ्तार पकड़ी और 71वें मिनट में रीस जेम्स के क्रॉस पर स्पैनिश डिफेंडर मार्क कुकरेला ने हेडर से गोल करते हुए टीम को जीत दिलाई। इस जीत के साथ चेल्सी 66 अंकों के साथ चौथे स्थान पर पहुंच गई, जबकि एस्टन विला गोल अंतर के आधार पर पांचवें स्थान पर है। लीग विजेता लिवरपूल के अलावा बाकी चैंपियंस लीग की चार जगहों के लिए आर्सेनल (68), न्यूकैसल (66), मैनचेस्टर सिटी (65) और नॉटिंघम फॉरेस्ट (62) की टीमें भी दौड़ में बनी हुई हैं।

**यूरोपा लीग फाइनल की तैयारी में जुटी टीमें**

स्पर्स और मैनचेस्टर यूनाइटेड दोनों ही टीमें अगले हफ्ते होने वाले यूरोपा लीग फाइनल को ध्यान में रखते हुए कुछ प्रमुख खिलाड़ियों को आराम दिया। हालांकि, अच्छी खबर यह रही कि दोनों ही टीमों को कोई नई चोट की समस्या नहीं हुई। गौरतलब है कि ये दोनों मैच बुधवार को बिलबाओ में होने वाले फाइनल की तैयारी के चलते 48 घंटे पहले खेले गए।

# फ्रेंच ओपन में नडाल का सम्मान होगा : मौरेस्मो



पेरिस । स्पेन के टेनिस स्टार रफेल नडाल को फ्रेंच ओपन टेनिस के पहले दिन 25 मई को कोर्ट फिलिप चैट्रियर में सम्मानित किया जाएगा। नडाल बाईस बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन फ्रेंच हैं। 14 बार के विजेता नडाल ने पिछले साल नवंबर में खेल को अलविदा कह दिया था। फ्रेंच ओपन की निदेशक एमिली मौरेस्मो ने कहा कि नडाल ने कई प्रकार से फ्रेंच ओपन को प्रभावित किया है। इसलिए उनके सम्मान में एक समारोह आयोजित किया जाएगा। नडाल वह टूर्नामेंट संग्रहालय में एक प्रदर्शनी में भी शामिल होंगे और आधिकारिक फ्रेंच ओपन ट्रेलर में अपनी आवाज देंगे। नडाल फ्रेंच ओपन में अंतिम बार 2024 में खेले थे पर इसमें वह पहले दौर में ही एलेक्जेंडर ज्वेरेव से हार गए थे। उनके नाम चारों ग्रैंड स्लैम खिताब हैं। नडाल ने पुरुष टेनिस में सबसे अधिक 22 ग्रैंड स्लैम खिताब जीते हैं। इसमें 14 फ्रेंच ओपन दो ऑस्ट्रेलियाई ओपन और दो विम्बलन खिताब के अलावा 4 अमेरिकी ओपन खिताब हैं। इसके अलावा उन्होंने 2008 बीजिंग ओलंपिक में पुरुष एकल में स्वर्ण पदक जीता था। इसके अलावा एटीपी टूर्नामेंट खिताब~ 92 एकल खिताब, जिसमें 36 मास्टर्स 1000 खिताब और 23 एटीपी 500 खिताब शामिल हैं। डेविस कप~ स्पेन के लिए 5 बार (2004, 2008, 2009, 2011, 2019) डेविस कप जीता। वह 209 हफ्तों तक एटीपी रैंकिंग में नंबर 1 रहे, पहली बार 2008 में शीर्ष स्थान हासिल किया।

# 20 जून से शुरु होगी भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज, रोहित-विराट के बगैर उतरेगी टीम

**–अब तक हुए 136 टेस्ट मैचों में भारत 35 और इंग्लैंड ने जीते हैं 51 मैच**

**नई दिल्ली (एजेंसी) ।** भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट सीरीज 20 जून से शुरु होने वाली है। रोहित शर्मा और विराट कोहली के बगैर भारत यह सीरीज में उतरेगा। भारत का रिकॉर्ड इंग्लैंड के खिलाफ खराब रहा है। आंकड़ों पर नजर डालें तो भारतीय टीम इंग्लैंड से बहुत पीछे है। भारत और इंग्लैंड की टीमें टेस्ट फॉर्मेट में अब तक 136 मुकाबले खेल चुकी हैं। इन 136 मैचों में भारत ने 35 जीते मैच हैं जबकि इंग्लैंड ने 51 मैचों में जीत हासिल की है, जबकि 50 मैच ड्रॉ पर खत्म हुए हैं। दोनों टीमों के बीच जीत हार का अंतर काफी ज्यादा है। ऐसे में टीम इंडिया को इंग्लैंड के खिलाफ मजबूती से खेलना होगा। इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए टीम इंडिया का ऐलान होना बाकी है। इससे पहले 2024 में इंग्लैंड पांच टेस्ट मैचों की सीरीज खेलने भारत आई थी, जिसमें भारत ने 4-1 से जीत दर्ज की थी। इस सीरीज में यशस्वी जायसवाल ने 712 रन बनाए और रविचंद्रन अश्विन ने 26 विकेट लिए थे। इंग्लैंड के जैक क्रॉली और टॉम हार्टले ने 407 रन और 22 विकेट लेकर अपनी टीम के लिए बेहतर प्रदर्शन किया था। इस बार कौन बेहतर प्रदर्शन करेगा ये देखना दिलचस्प होगा। इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट टीम का चयन पैनल 23 या 24 मई तक हो सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक शुभमन गिल को टीम इंडिया का कप्तान बनाया जा सकता है। गिल को अभी तक टेस्ट क्रिकेट में नेतृत्व की भूमिका नहीं दी गई है। वह लिमिटेड ओवरों के क्रिकेट में उप-कप्तान हैं और पिछले साल जिम्बाब्वे में पांच मैचों की टी20 सीरीज के दौरान उन्होंने भारत का नेतृत्व किया था।

# ओलिंपिक खेलों को लेकर वेस्टइंडीज बोर्ड ने आईसीसी और आयोजकों से पूछे सवाल

जमैका ( । क्रिकेट की 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक से वापसी हो रही है। इसी को लेकर वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड (सीडब्ल्यूआई) ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) और ओलंपिक आयोजकों से कुछ सवाल पूछे हैं। सीडब्ल्यूआई ने पूछा है कि इन खेलों के लिए प्रवेश प्रणाली क्या होगी ये अभी साफ नहीं हुआ है। साल ही कहा है कि इन खेलों में पुरुष और महिला वर्ग में 6–6 टीमों को ही भाग लेना है पर किस प्रकार से प्रवेश मिलेगा ये भी साफ नहीं किया गया है।

वहीं अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक कमेटी आईओसी के अनुसार पुरुष और महिला वर्ग में 6–6 टीमें खेलेंगी पर उसने ये नहीं बताया कि वे कौन सी टीमें होंगी। इसके लिए रैंकिंग को आधार बनाया जाएगा या पाथवे टूर्नामेंट के जरिए या फिर हर महाद्वीप को बर्थ आवंटित की जाएगी। वहीं ओलंपिक आयोजकों ने इस मामले में हाल ही में ये भी कहा कि इस प्रकार के निर्णय आईसीसी लेगी। ये भी कहा जा रहा है कि शायद ओलंपिक में बारबाडोस की टीम के रूप में खेलना पड़ सकता है। इंग्लैंड की टीम के साथ भी इसी प्रकार होगा क्योंकि इंग्लैंड, स्कॉटलैंड, वेल्स और नोर्दन आयरलैंड यूके के रूप में खेलते हैं।

सीडब्ल्यूआई के सीईओ क्रिस डेहरिंग ने कहा कि कहा, यदि रैंकिंग का प्रयोगआईसीसी द्वारा अपनाया जाता है जैसे शीर्ष 6 और वेस्टइंडीज पुरुष टीम को 5वां स्थान दिया जाता है, तो हमें यह चुनने का अवसर मिलता है कि हमारे देशों में से कौन सा देश (जैसे जमैका, बारबाडोस, आदि) ओलंपिक में वेस्टइंडीज का प्रतिनिधित्व करेगा और हम सिर्फ इसलिए बाहर नहीं रह जाएंगे, क्योंकि वेस्टइंडीज एक टीम के रूप में भाग नहीं ले सकता।

# रोहित के नाम पर बना स्टैंड, गद्गद हुए साथी, लिखा- बधाई हो आरओ !

**मुंबई (महाराष्ट्र) (एजेंसी)।** मुंबई के प्रतिष्ठित वानखेड़े स्टेडियम में एक स्टैंड का नाम उनके नाम पर रखे जाने पर रोहित शर्मा को टीम के साथियों और साथी क्रिकेटरों से भावभीनी श्रद्धांजलि मिली। यह भारतीय क्रिकेट में उनके उल्लेखनीय योगदान को मान्यता देता है। मुंबई इंडियंस ने एक वीडियो शेयर किया, जिसमें सभी ने अपनी शुभकामनाएं दी। भारत के टी20 कप्तान और मुंबई इंडियंस के बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने इसे गर्व का क्षण बताया। मैं रोहित भाई के बारे में क्या कह सकता हूं? मैं वास्तव में खुश हूं। उन्होंने कहा कि जब वर्तमान में अच्छा प्रदर्शन कर रहे क्रिकेटर के नाम पर स्टेडियम में स्टैंड होता है, तो मुझे लगता है कि यह बहुत बड़ी उपलब्धि है। भारत के प्रमुख तेज गेंदबाज और मुंबई इंडियंस टीम के उनके साथी जसप्रीत बुमराह ने भी इसी भावना को दोहराया।

बुमराह ने उस वीडियो संदेश में कहा कि हाय रोहित, मैं बस तुम्हें शुभकामनाएं देना चाहता था। बधाई हो। उन्होंने कहा कि अपने नाम के बाद एक स्टैंड होना एक विशेष एहसास है और हां, आगे आने वाली हर चीज के लिए शुभकामनाएं। मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या, जिन्होंने सालों तक रोहित के साथ ड्रेसिंग रूम साझा किया है, ने कहा कि बधाई हो आरओ ! अपना स्टैंड पाना एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। आपने अपनी क्रिकेट यात्रा यहीं से शुरू की और आखिरकार स्टैंड में अपना नाम दर्ज कराना एक शानदार उपलब्धि है। आपको ढेर सारी सफलता मिले और बहुत-बहुत बधाई !

मुंबई के पूर्व ऑलराउंडर और करीबी दोस्त अभिषेक नायर ने अपने शुरुआती दिनों को याद किया। नायर ने कहा कि 2011 में कर्मा में आपके सोफे पर बैठकर मैंने कभी नहीं सोचा था कि एक दिन वानखेड़े में रोहित शर्मा स्टैंड होगा। उन्होंने कहा कि मैं वानखेड़े में वापस आने और रोहित शर्मा स्टैंड देखने और कुछ मुफ्त टिकट पाने का इंतजार कर रहा हूं। भारत और मुंबई के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर ने अगली पीढ़ी पर रोहित के प्रभाव को उजागर किया।

अय्यर ने कहा कि आप निश्चित रूप से जानते हैं कि सभी युवा आपसे प्रेरणा लेते हैं और आप हम सभी के लिए प्रेरणा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कुल मिलाकर, आपके नेतृत्व में खेलना बहुत मजेदार रहा और मैं गर्व से कह




सकता हूं कि मैं आपके युग का हिस्सा बनने के लिए काफी भाग्यशाली था। मुंबई के लिए घरेलू क्रिकेट खेलने वाले युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने कहा कि मैं आपके नाम पर बने स्टैंड में बहुत सारी सफलता पाकर वास्तव में उत्साहित हूं। वानखेड़े में नया नाम ÷रोहित शर्मा स्टैंड÷ भारत के सबसे सफल कप्तानों और बल्लेबाजों में से एक को श्रद्धांजलि है, जिन्होंने उसी शहर से अपनी क्रिकेट यात्रा शुरू की जो अब उनका सम्मान करता है।

# बेलराइज आईपीओ से पहले ऑटोमोबाइल सेगमेंट में मजबूती की तैयारी में

## कंपनी का आईपीओ 21 मई को खुलेगा

**नई दिल्ली।**

वाहनों के लिए चेसिस सिस्टम से लेकर एग्जॉस्ट और पॉलीमर पुर्जों सहित उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला वाली कंपनी बेलराइज इंडस्ट्रीज 2,150 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) की पेशकश से पहले अब चार पहिया और यात्री वाहन खंड में विस्तार करना चाह रही है। कंपनी का आईपीओ 21 मई को खुलने वाला है। फिलहाल, कंपनी के कारोबार में दोपहिया वाहन श्रेणी की बड़ी हिस्सेदारी है।

कंपनी चेन्नई (तमिलनाडु), पुणे (महाराष्ट्र) और भिवाड़ी (राजस्थान) में तीन नए विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने की योजना बना रही है। इनमें से चेन्नई का संयंत्र प्रमुख केंद्र रहेगा, जो रॉयल एन्फील्ड और अशोक लीलैंड जैसे मूल उपकरण विनिर्माता (ओईएम) के साथ-साथ दोपहिया, इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) स्टार्टअप और वाणिज्यिक वाहन विनिर्माताओं की एक बड़ी श्रृंखला की सेवा करेगा। फिलहाल, बेलराइज के पास मेटल पुर्जा दोपहिया खंड में 24 फीसदी बाजार हिस्सेदारी है और यह बजाज ऑटो, हीरो मोटोकॉर्प और होंडा जैसे ओईएम की आपूर्तिकर्ता है। मगर चार पहिया वाहनों और वाणिज्यिक वाहन खंड में इसकी हिस्सेदारी काफी कम है। कंपनी अब मूल उपकरण विनिर्माताओं के साथ गहन एकीकरण और अपने उत्पादों का विस्तार कर इस अंतर को पाटना चाह रही है। हालांकि, आने वाले संयंत्रों की क्या क्षमता रहेगी और कंपनी इन पर कितना निवेश करेगी इसका खुलासा अभी नहीं हुआ है, लेकिन उम्मीद जताई जा रही है कि वे वाहन खंडों की एक बड़ी श्रृंखला को पूरा करने की कंपनी के लक्ष्य को हासिल करने मददगार होंगे। कंपनी के भविष्य की रोडमैप के लिए इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) महत्त्वपूर्ण हिस्सा हैं। कंपनी सीएनजी से चलने वाली गाड़ियों खासकर वाणिज्यिक वाहनों और छोटी कार खंड में बढ़ते अवसर देख रही है।

# हाइब्रिड कारों को पेश करने की योजना बना रही कंपनियां

**नई दिल्ली।**

कई प्रमुख कार निर्माता अपनी हाइब्रिड कारों को भारतीय बाजार में पेश करने की योजना बना रहे हैं। यहां हम उन कुछ मोस्ट-अवेटेड हाइब्रिड कारों के बारे में जानते हैं, जो जल्द ही भारत में लॉन्च हो सकती हैं। किआ भारत में अपनी आगामी अगली पीढ़ी की किआ सेल्टोस हाइब्रिड को 2026 की शुरुआत में ग्लोबल मार्केट में पेश करने की तैयारी कर रही है। भारत में इसे उसी साल के अंत तक लॉन्च किया जा सकता है।

नई सेल्टोस में आक्रामक डिजाइन, नया केबिन और अपग्रेडेड टेक्नोलॉजी की उम्मीद जताई जा रही है। इसके अलावा, यह हाइब्रिड पेट्रोल पावरट्रेन से लैस हो सकती है, जो इसे और भी अधिक ईंधन दक्ष बना सकता है। हुंडई अपनी पॉपुलर एसयूवी क्रेटा की अगली पीढ़ी को हुंडई क्रेटा हाइब्रिड पावरट्रेन के साथ लॉन्च करने की योजना बना रही है। क्रेटा फेसलिफ्ट में पेट्रोल-हाइब्रिड विकल्प होने की संभावना है। हालांकि, लॉन्च टाइम को लेकर फिलहाल कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है, लेकिन यह कार अगले दो वर्षों में भारतीय बाजार में दस्तक दे सकती है।

मारुति सुजुकी ने अपनी फास्टेस्ट सेलिंग मारुति फ्रोंक्स हाइब्रिड वेरिएंट को लॉन्च करने की योजना बनाई है। हाल ही में, हाइब्रिड बैज



वाली मारुति फ्रोंक्स का प्रोटोटाइप टेस्टिंग के दौरान देखा गया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह हाइब्रिड मॉडल जल्द ही भारतीय बाजार में उपलब्ध हो सकता है, जो कि फ्रोंक्स के पहले से ही पॉपुलर होने के बाद और अधिक ग्राहकों को आकर्षित करेगा।

# आधार ऑथेंटिकेशन ट्रांजैक्शन की संख्या 150 बिलियन के पार

**नई दिल्ली।**

केंद्र सरकार ने कहा है कि आधार ऑथेंटिकेशन ट्रांजैक्शन की कुल संख्या 150 बिलियन (15,011.82 करोड़) को पार कर गई है। इसमें अप्रैल के दौरान किए गए 37.3 करोड़ ई-केवाईसी ट्रांजैक्शन भी शामिल हैं, जो पिछले वर्ष के तुलनात्मक वृद्धि को दर्शाते हैं। इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय के अनुसार, अप्रैल तक ई-केवाईसी ट्रांजैक्शन की संचयी संख्या 2,393 करोड़ को पार कर गई है। इस सफलता में यूआईडीएआई और व्यापक आधार इकोसिस्टम का महत्वपूर्ण योगदान है। आधार-आधारित प्रमाणीकरण के माध्यम से जीवन को सरल बनाने, कल्याण वितरण को प्रभावी बनाने, और विभिन्न सेवाओं का लाभ उठाने में आधारित भूमिका को मान्यता मिल रही है। यूआईडीएआई द्वारा विकसित आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस-मशीन लर्निंग-आधारित फेस प्रमाणीकरण भी लोकप्रिय हो रहा है, जिससे उपयोगकर्ताओं को अधिक सुरक्षित और सहज अनुभव मिल रहा है। व्यापारिक क्षेत्रों के साथ-साथ बैंकिंग और गैर-बैंकिंग वित्तीय सेवाओं में भी इसका महत्वपूर्ण योगदान हो रहा है। आधार का उच्चतम सम्मान भी यूआईडीएआई को मिला, जिसे लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। इस साल की इंवोवेटिव केटेगरी में यह विजेता डेवलपमेंट को खिलाड़ीयों का सर्वोत्तम अभिगमकारी बनाता है।

# ट्रंप प्रशासन ने विदेश में भेजे जाने वाले धन पर पांच फीसदी टैक्स लगाया

## भारतीयों पर सालाना 1.6 अरब डॉलर से अधिक का पड़ सकता है बोझ



**नई दिल्ली।**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की प्रशासन ने विदेश में भेजे जाने वाले धन पर पांच फीसदी टैक्स लगाने का फैसला लिया है, जिसका प्रभाव भारतीयों को भार पड़ेगा। इसके अनुसार अमेरिका में रहने वाले भारतीयों पर सालाना 1.6 अरब डॉलर से अधिक का बोझ पड़ सकता है। डोनाल्ड ट्रंप ने रेमिटेंस (धन प्रेषण) पर पांच फीसदी उत्पाद शुल्क लगाने का प्रस्ताव दिया है, जो ग्रीन कार्ड और एच1बी वीजा रखने वाले चार करोड़ से अधिक लोगों को प्रभावित करेगा। यह प्रस्ताव अमेरिकी नागरिकों पर लागू नहीं होगा। आरबीआई के मार्च बुलेटिन के अनुसार विदेश में रहने वाले भारतीयों ने 2023-24 में भारत भेजी गई कुल राशि में वृद्धि दर्ज की है, जिसमें अमेरिका की हिस्सेदारी 27.7 फीसदी पहुंच गई है। इस निर्णय से भारतीयों का परिवार के भरण-पोषण में लागत महंगी हो सकती है, जिससे सामाजिक-आर्थिक प्रभाव हो सकता है। अब अमेरिका से अधिक राशि भेजने पर भारतीय समुदाय को नए आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। विश्व बैंक के मुताबिक भारत 2008 से ही रेमिटेंस प्राप्त करने वाला शीर्ष देश बना हुआ है। वैश्विक स्तर पर धन प्रेषण में भारत की हिस्सेदारी 2001 के 11 फीसदी से बढ़कर 2024 में करीब 14 फीसदी पहुंच गई है। 2024 में जिन पांच देशों में विदेश से सबसे ज्यादा धन आया, उनमें 129 अरब डॉलर के साथ भारत शीर्ष पर रहा। अन्य देशों में मेक्सिको (68 अरब डॉलर), चीन (48 अरब डॉलर), फिलिपीन (40 अरब डॉलर) और पाकिस्तान (33 अरब डॉलर) शामिल हैं।


# बेलराइज आईपीओ से पहले ऑटोमोबाइल सेगमेंट में मजबूती की तैयारी में

## कंपनी का आईपीओ 21 मई को खुलेगा

**नई दिल्ली।**

वाहनों के लिए चेसिस सिस्टम से लेकर एग्जॉस्ट और पॉलीमर पुर्जों सहित उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला वाली कंपनी बेलराइज इंडस्ट्रीज 2,150 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) की पेशकश से पहले अब चार पहिया और यात्री वाहन खंड में विस्तार करना चाह रही है। कंपनी का आईपीओ 21 मई को खुलने वाला है। फिलहाल, कंपनी के कारोबार में दोपहिया वाहन श्रेणी की बड़ी हिस्सेदारी है। कंपनी चेन्नई (तमिलनाडु), पुणे (महाराष्ट्र) और भिवाड़ी (राजस्थान) में तीन नए विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने की योजना बना रही है। इनमें से चेन्नई का संयंत्र प्रमुख केंद्र रहेगा, जो रॉयल एन्फील्ड और अशोक लीलैंड जैसे मूल उपकरण विनिर्माता (ओईएम) के साथ-साथ दोपहिया, इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) स्टार्टअप और वाणिज्यिक वाहन विनिर्माताओं की एक बड़ी श्रृंखला की सेवा करेगा। फिलहाल, बेलराइज के पास मेटल पुर्जा दोपहिया खंड में 24 फीसदी बाजार हिस्सेदारी है और यह बजाज ऑटो, हीरो मोटोकॉर्प और होंडा जैसे ओईएम की आपूर्तिकर्ता है। मगर चार पहिया वाहनों और वाणिज्यिक वाहन खंड में इसकी हिस्सेदारी काफी कम है। कंपनी अब मूल उपकरण विनिर्माताओं के साथ गहन एकीकरण और अपने उत्पादों का विस्तार कर इस अंतर को पाटना चाह रही है। हालांकि, आने वाले संयंत्रों की क्या क्षमता रहेगी और कंपनी इन पर कितना निवेश करेगी इसका खुलासा अभी नहीं हुआ है, लेकिन उम्मीद जताई जा रही है कि वे वाहन खंडों की एक बड़ी श्रृंखला को पूरा करने की कंपनी के लक्ष्य को हासिल करने मददगार होंगे।


# दिल्ली सरकार गिग वर्कर्स के लिए कल्याण बोर्ड बनाएगी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के श्रम मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा कि सरकार गिग और मंच श्रमिक के लिए कल्याण बोर्ड और योजनाएं बनाने पर` विचार कर रही है। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि मिश्रा ने गिग श्रमिकों (अस्थायी तौर पर काम करने वाले कर्मचारियों) और स्विगी, जोमैटो, ब्लिंकिट, उबर, अर्बनक्लैप और बिगबास्केट सहित प्रमुख मंचों और एग्रीगेटर के प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक की। इस सत्र ने गिग श्रमिकों को सरकार और एग्रीगेटर के सामने सीधे अपनी चिंताओं को रखने के लिए एक मंच दिया। बयान के मुताबिक श्रमिकों ने अधिक काम के घंटे, अपर्याप्त भुगतान और प्रभावी शिकायत निवारण प्रणाली के अभाव जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों का जिक्र किया। मिश्रा ने कहा` कि इन सभी समस्याओं का समाधान मंच और एग्रीगेटर के सहयोग से किया जाएगा। सरकार गिग और मंच श्रमिकों के लिए कल्याण बोर्ड बनाएगी और उनके लिए योजनाएं बनाएगी। मिश्रा ने यह भी बताया कि दिल्ली सरकार ने इन पहलों के लिए वित्त वर्ष 2025-26 के बजट में 10 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। गिग अर्थव्यवस्था भारत में सबसे तेजी से बढ़ते क्षेत्रों में से एक है, जो वर्तमान में देश भर में लगभग एक करोड़ लोगों को रोजगार दे रही है।



# फसल आते ही प्याज के दामों में भारी गिरावट

## मंडियों में 1 से 14 रुपए किलो बिक रही है,प्याज

**नासिक।** महाराष्ट्र की मंडियों में प्याज की आवक शुरू हो गई है। नई प्याज के आते ही मंडियों में प्याज की कीमत में भारी गिरावट देखने को मिल रही है। महाराष्ट्र की थोक मंडी में 1 से लेकर 14 किलो तक की प्याज बिक रही है। अभी प्याज के दाम 25 से 40 किलो के दाम किसानों को मिल रहे थे। जो अब घटकर एक से 14 के बीच में रह गए हैं।

### एशिया की सबसे बड़ी प्याज मंडी

लासलगांव में प्याज न्यूनतम 500 प्रति क्विंटल तथा अधिकतम 1400 प्रति क्विंटल पर बिकी है। अभी नई फसल आई है,आवक कम है। जैसे ही मंडियों में प्याज की आवक बढ़ेगी। कीमतें और भी गिर सकती हैं। इसको लेकर किसानों की नाराजी और नाउम्मीदी बढ़ रही है।

# भारत में तुर्की और अज़रबैजान के उत्पादों का हो रहा बहिष्कार

## तुर्की और अज़रबैजान ने पाकिस्तान की मदद की थी, जिसके कारण नाराजगी में आक्रोश

**लखनऊ।**

भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान अयोध्या में तुर्की और अज़रबैजान के उत्पादों का बहिष्कार शुरू हो गया है। पाकिस्तान का समर्थन करने वाले तुर्की का भारत में बहिष्कार बढ़ रहा है। व्यापार मंच के अध्यक्ष ने बताया कि उनके साथी व्यापारियों ने साथ मिलकर उन उत्पादों का विरोध किया है। लोगों में तुर्की के प्रति आक्रोश बढ़ रहा है। युद्ध के दौरान तुर्की और अज़रबैजान ने पाकिस्तान की मदद की थी, जिसके कारण भारत के अनेक लोगों में तुर्की के प्रति नाराजगी और आक्रोश है। एक फल व्यापारी ने कहा कि उन्हें भारत का दुश्मन मानने वाले किसी से गहरा नफरत है। सेना के ऑपरेशन सिंदूर के दौरान तुर्की की मदद की वजह से लोगों को देशद्रोही उत्पादों का बहिष्कार करने की सलाह दी जा रही है। अयोध्या में व्यापारियों के साथ आम जनता भी तुर्की और अज़रबैजान के उत्पादों का बहिष्कार कर रही है। लोगों ने एकजुट होकर इस मुहिम का साथ दिया है और उन्हें बेचने और खरीदने से इनकार किया है। यह एक सामाजिक बदलाव का पहल है जो देश भर में फैल रहा है। इस प्रकार भारत-पाकिस्तान युद्ध के संघर्ष के परिणाम स्पष्ट रूप से व्यापार और सामाजिक स्तर पर महसूस हो रहे हैं। तुर्की और अज़रबैजान के उत्पादों का बहिष्कार एक महत्वपूर्ण संकेत है कि देश के नागरिक एकजुट होकर अपने संविधानिक उत्कृष्टता को बचाने के लिए तत्पर हैं।

# मुनाफावसूली से शेयर बाजार में रहा उतार-चढ़ाव

## सेंसेक्स 200 अंक गिरकर 82,330.59 अंक पर बंद

### निफ्टी बैंक 42 अंक गिरकर 25,019.80 पर बंद

मुंबई (ईएमएस)। बीते सप्ताह घरेलू शेयर बाजार में मुनाफावसूली के चलते सप्ताह भर उतार-चढ़ाव भरा कारोबार दर्ज` किया गया। सप्ताह की शुरुआत में तेजी के साथ खुलने वाला शेयर बाजार ओ खिर में` गिरावट के साथ बंद हुआ। बीते सप्ताह के पांच कारोबारी` दिनों पर नजर डालें तो ऑपरेशन सिंदूर के बाद चार दिन तक चले संघर्ष के थमने के बाद सोमवार को घरेलू शेयर बाजार में रौनक लौटी। भारत और पाकिस्तान के बीच शनिवार को हुए सीफफायर से निवेशकों की चिंताए कुछ हद कम हुईं, जिसका असर सोमवार को देखने को मिला। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 2,256.91 अंक चढ़कर 81,716.13 अंकों के स्तर पर खुला और 2,975.43 अंक की बढ़त के साथ 82,429.90 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 705.16 अंक उछलकर 24,713.15 के स्तर पर खुला और 916.70 अंक की बढ़त के साथ 24,924.70 अंक पर बंद हुआ। मंगलवार को बीते दिन की बंपर उछाल खोते हुए शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 497.5 अंक गिरकर 81,932.40 अंक पर खुला और 1,281.68 अंक गिरकर 81,148.22 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 117.2 अंक गिरकर 24,807.50 अंक पर खुला और 346.35 अंक गिरकर 24,578.35 अंक पर बंद हुआ। बुधवार को सेंसेक्स 281.43 अंक चढ़कर 81,429.65 अंक पर खुला और 182.34 अंक की बढ़त के साथ 81,330.56 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 96.65 अंक चढ़कर 24,675 अंक पर खुला और 88.55 अंक की तेजी के साथ 24,666.90 अंक पर बंद हुआ। गुरुवार को सेंसेक्स 254.58 अंक की गिरावट लेकर 81,075.98 पर खुला और 1,200.18 अंक उछलकर सात महीने के उच्चतम स्तर 82,530.74 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी-50 भी 64.70 अंक की गिरावट लेकर 24,602.20 पर खुला और 395.20 अंक बढ़कर सात महीने के उच्चतम स्तर 25,062.10 पर बंद हुआ। शुरुआती कारोबार में आईटी, फाइनेंशियल सर्विस और फार्मा सेक्टर में बिकवाली देखी गई। सुबह शुरुआत के बाद सेंसेक्स 231.64 अंक की गिरावट के साथ 82,299.10 पर खुला और 200.15 अंक गिरकर 82,330.59 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी बैंक 52.40 अंक की गिरावट के साथ 55,303.20 पर खुला और 42.30 अंक गिरकर 25,019.80 पर बंद हुआ।




# यस बैंक पर 29.6 लाख का जुर्माना

## ग्राहकों की शिकायतों की जानकारी छुपाने का आरोप

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने येस बैंक पर 29 लाख 60 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। आरबीआई ने बताया कि यह जुर्माना वित्तीय विवरण प्रस्तुति और प्रकटीकरण से संबंधित निर्देशों के उल्लंघन के चलते लगाया गया है। बैंक के वित्त वर्ष 2023-24 की समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि उसने ग्राहकों की शिकायतों के आंकड़ों को अधूरी या गलत तरह से पेश किया। केंद्रीय बैंक ने निरीक्षण के बाद बैंक को कारण बताओ नोटिस जारी किया था, जिसमें पूछा गया था कि नियमों के उल्लंघन पर उस पर जुर्माना क्यों न लगाया जाए। बैंक की ओर से जवाब और सुनवाई के दौरान दी गई दलीलों के बावजूद आरबीआई ने नियमों के उल्लंघन को सही पाया और जुर्माना लगाने का निर्णय लिया।

# इलान मस्क और बेजोस के बीच सेटेलाइट क्षेत्र में होगा मुकाबला

## स्टार लिंक को मंजूरी के बाद अब अमेजन ने सेटेलाइट सेवा शुरु करने किया आवेदन

**नई दिल्ली।** दुनिया के अमीर व्यक्तियों इलान मस्क और जेफ बेजोस के बीच सेटेलाइट कम्युनिकेशन क्षेत्र में मुकाबला हो सकता है। अमेजन के नेतृत्व वाली कंपनी ने भारत में सेटेलाइट इंटरनेट सेवा शुरू करने के लिए मंजूरी की मांग की है। अमेजन ने कुइपर प्रोजेक्ट के तहत दूरसंचार विभाग को आवेदन दिया है और माना जा रहा है कि यह कंपनी इस साल के अंत तक भारत में कमर्शियल सेवा शुरू करना चाहती है। 2019 में शुरू किए गए 'कुइपर प्रोजेक्ट' के तहत कंपनी 3236 सेटेलाइट्स को धरती की निचली कक्षा में स्थापित करेगी। इसके अलावा, 27 सेटेलाइट्स की लांचिंग पहले ही हो चुकी है और बाकी की लांचिंग आगामी महीनों में होगी। अगर अमेजन को मंजूरी मिल गई, तो इसका सीधा मुकाबला मस्क के स्टारलिंक से होगा। कंपनियों के बीच इस क्षेत्र में होने वाले महायुद्ध से भारतीय उपभोक्ताओं को आने वाले दिनों में बेहतर इंटरनेट सेवाएं मिलने की उम्मीद है।

# ऑपरेशन सिंदूर के बाद साइबर खतरे के निशाने पर भारत!

## अंतरराष्ट्रीय रैनसमवेयर और पाकिस्तान समर्थित हैकरों के संभावित जोखिम पर सरकार की नजर

**नई दिल्ली।**

सरकार देश के डिजिटल प्रतिष्ठानों और संसाधनों के खिलाफ साइबर युद्ध छिड़ने की आशंका को देखते हुए हाई अलर्ट पर है। सूत्रों ने बताया कि भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव कम होने के बावजूद सरकार अंतरराष्ट्रीय रैनसमवेयर समूहों और पाकिस्तान समर्थित हैकरों के संभावित जोखिम पर नजर रख रही है। आशंका है कि आने वाले दिनों या हफ्तों में ये साइबर हमलों की कोशिश तेज कर सकते हैं। सूत्रों के अनुसार इस खतरे से निपटने के लिए इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय सॉफ्टवेयर कंपनियों, साइबर सुरक्षा विशेषज्ञों, बड़े औद्योगिक समूहों के मुख्य सूचना अधिकारियों के साथ-साथ सूक्ष्म, लघु और मध्यम उपक्रमों (एमएसएमई) से संपर्क कर रहा है। मंत्रालय ने उद्योगों को साइबर सुरक्षा नियमों का पालन करने के लिए दिशानिर्देशों का एक नया सेट भी भेजा है। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने कहा कि दिशानिर्देशों में किसी भी छोटी या बड़ी घटना की सूचना तत्काल सरकार को देने के निर्देश दिए गए हैं, साथ ही अनुपालन की नियमित ऑडिट करना भी जरूरी है। अधिकारी ने बताया कि साइबर हमले की स्थिति में कंपनियों को 'वेबसाइट छेड़छाड़ करने वाले हमलों' का तेजी से पता लगाने और उसे



तत्काल दुरुस्त करने के लिए कहा गया है और आवश्यक होने पर तीसरे पक्ष से ऑडिट कराने लिए घटना के समूचे रिकॉर्ड को संरक्षित रखने का भी निर्देश दिया गया है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान और उसके बाद साइबर हमलों के बढ़ते मामलों को देखते हुए सरकार ने यह चेतावनी जारी की है। ईवाई इंडिया में पार्टनर, साइबर सुरक्षा कंसल्टिंग प्रैक्टिस ने कहा कि ऊर्जा और दूरसंचार कंपनियों, बैंकिंग, वित्तीय सेवाओं और बीमा जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय बुनियादी ढांचे को विशेष सतर्कता बरतनी होगी। एक अधिकारी ने कहा` कि हमने सभी बड़ी कंपनियों और उद्यमों से आने और बाहर जाने वाले डेटा की निगरानी करने, डेटा ट्रांसमिशन के दौरान यथासंभव एन्क्रिप्शन का उपयोग करने और उन्नत डीएलपी (डेटा हानि रोकथाम) समाधान लागू करने के लिए कहा है।

# अडानी और अंबानी की संपत्ति पांच दिन में अरबों डॉलर बढ़ी

## अंबानी ने भी पार किया 100 अरब डॉलर का आंकड़ा

**मुंबई।**

भारत और पाकिस्तान के बीच हाल ही में सीजफायर के बाद एशिया के दो सबसे अमीर कारोबो रियों मुकेश अंबानी और गौतम अडानी की संपत्ति में जोरदार बढ़ोतरी देखी गई। दोनों अरबपति वैश्विक रैंकिंग में तेज़ी से बढ़े हैं और उनके कारोबार में बढ़ोते री देखी जा रही है। एक` रिपोर्ट के मुतो बिक दोनों की संपत्ति में सिर्फ पांच कारोबारी दिनों में अरबों डॉलर का इजाफा हुआ है। रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी की नेटवर्थ 9 मई को जहां 99 अरब डॉलर थी, वह पांच` दिनों में बढ़कर 105 अरब डॉलर हो गई। इसके साथ ही अंबानी एक बार फिर उन चुनिंदा वैश्विक अरबपतियों के क्लब में शामिल हो गए हैं जिनकी संपत्ति 100 अरब डॉलर से अधिक है। विशेषज्ञों का मानना है कि संघर्ष विराम के बाद रिलायंस के शेयरों में आई मजबूती ने अंबानी की कुल संपत्ति को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। वहीं गौतम अडानी की नेटवर्थ में अंबानी से भी अधिक बढ़त देखी गई है। 9 मई को उनकी संपत्ति 74.4 अरब डॉलर थी, जो पांच` दिनों में बढ़कर 83.6 अरब डॉलर पर पहुंच गई। इस वृद्धि के साथ अडानी दुनिया के टॉप 20 अमीरों में शुमार हो गए हैं। यदि यह रफ्तार जारी रही, तो निकट भविष्य में वह भी 100 अरब डॉलर क्लब के सदस्य बन सकते हैं।

# गूगल वर्कस्पेस के यूजर्स की संख्या बढ़कर 1.1 करोड़ के पार

**नई दिल्ली।** गूगल के वर्कस्पेस के यूजर्स की कुल संख्या 1.1 करोड़ से अधिक हो गई। दिग्गज कंपनियों से लेकर स्टार्टअप्स तक सभी अब वर्कस्पेस का उपयोग कर रहे हैं। भारत में भी वर्कस्पेस का प्रयोग तेजी से बढ़ रहा है। गूगल वर्कस्पेस के एक अे धिकारी ने इस बढ़ोतरी पर चर्चा की। उन्होंने बताया` कि जेनरेटिव एआई का अवश्यकता महसूस करने से कंपनियों का लाभ भी बढ़ रहा है। अे धिकारी ने यह भी बताया कि वर्कस्पेस के आर्किटेक्चर ने साइबर सुरक्षा की चिंताओं को भी दूर कर दिया है। उन्होंने कहा` कि कंपनी की क्लाउड इन्फ्रास्ट्रक्चर ने अब खतरों का नियंत्रण करने में सफलता प्राप्त की है। इस बढ़ती तादाद में भारत के उद्यमों का योगदान बहुत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। यूनिकॉर्न कंपनियों की संख्या भी वर्कस्पेस पर आधारित कारोबार के बढ़ने का साक्षात्कार कराती है। इस बारे में जानकारी मिलती रहेगी।



# कान फेस्टिवल में नजर आएंगी एक्ट्रेस नितांशी गोयल

कान फिल्म फेस्टिवल 2025 के रेड कॉर्पेट पर इस बार कई बॉलीवुड सेलिब्रिटीज नजर आने वाले हैं। इस लिस्ट में आलिया भट्ट, ऐश्वर्या राय बच्चन, जान्हवी कपूर, ईशान खट्टर और करण जौहर के अलावा कुछ और कलाकार भी शामिल होंगे। इस लिस्ट में 'लापता लेडीज' की एक्ट्रेस नितांशी गोयल और इंफ्लुएंसर पारुल गुलाटी के नाम भी दर्ज हैं। पारुल और नितांशी पहली बार इस फिल्म फेस्टिवल का हिस्सा बन रही हैं।

**नितांशी कान फेस्टिवल में करेंगी डेब्यू**

आमिर खान प्रोडक्शन की फिल्म 'लापता लेडीज' से मशहूर हुईं एक्ट्रेस नितांशी गोयल कान फिल्म फेस्टिवल 2025 में डेब्यू कर रही हैं। वह कान फिल्म फेस्टिवल में डेब्यू करने वाली अब तक की सबसे कम उम्र की एक्ट्रेस हैं। यह एक्ट्रेस एक नामी मेकअप ब्रैंड की तरफ से इस फिल्म फेस्टिवल के रेड कार्पेट पर वॉक करेंगी।

**इंफ्लुएसंर पारुल गुलाटी भी होंगी शामिल**

नितांशी गोयल के अलावा कान फिल्म फेस्टिवल में इंफ्लुएंसर, एक्ट्रेस और बिजनेस वूमेन पारुल गुलाटी भी शामिल होंगी, उनका भी इस फिल्म फेस्टिवल में यह डेब्यू है। पारुल गुलाटी 15 से 18 मई तक रेड कार्पेट पर नजर आएंगी। पारुल गुलाटी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर फ्रांस से कुछ तस्वीरें भी हैं। साथ ही एक कैप्शन भी लिखा है, 'दिसंबर 2021 में मैं फ्रांस में वेब सीरीज 'मेड इन हेवन' की शूटिंग कर रही थी और मेरे पास शूटिंग से एक दिन की छुट्टी थी। मुझे पता चला कि कान फिल्म फेस्टिवल वाली जगह बस एक घंटे की दूरी पर है। मैं एक बस में चढ़ गई और वहां पहुंच गई। दुख की बात है कि उस दिन वहां बैरिकेड्स लगे हुए थे और मैं रेड कार्पेट या कान थिएटर की सीढ़ियों पर कदम नहीं रख सकी। उस वक्त मैंने मन में सोचा एक दिन यहां जरूर आऊंगी। अब देखिए, इस साल आपकी लड़की कान फेस्टिवल के रेड कार्पेट पर जा रही है।'



## बतौर निर्देशित पहली फिल्म में अभिनय भी करेंगे अनुपम खेर, निभाएंगे कर्नल प्रताप रैना की भूमिका

दिग्गज अभिनेता अनुपम खेर इन दिनों अपनी पहली निर्देशित फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। एक्टर फिल्म को लेकर लगातार नए-नए अपडेट साझा कर रहे हैं और फिल्म की स्टारकास्ट से परिचय करा रहे हैं। अब तक कई एक्टर्स के पोस्टर वो जारी कर चुके हैं। अब अनुपम खेर ने फिल्म से अपने किरदार को जारी किया है। अनुपम खेर स्टूडियो की ओर से अनुपम के किरदार के बारे में जानकारी देते हुए इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट की गई है। इस पोस्ट में अनुपम खेर के किरदार 'कर्नल प्रताप रैना' के बारे में जानकारी देते हुए लिखा गया, 'तन्वी द ग्रेट' के अभिनेता अनुपम खेर ने चार दशकों से हमें हंसाया, रुलाया, खुश किया और भारत और विदेश दोनों की फिल्मों में कई यादगार किरदार दिए। अब वह एक ऐसे किरदार को निभाने जा रहे हैं जिसकी कहानी उन्होंने खुद लिखी है। कर्नल प्रताप रैना, जो अपनी चुप्पी को अपने शब्दों से ज्यादा जोर से बोलने देते हैं। लेकिन फिर उनकी दुनिया में कोई और आता है। कोई ऐसा जिसकी चुप्पी की अपनी एक कहानी है। जब परिस्थितियां इन दो ताकतों को एक साथ लाती हैं, तो उनकी दुनिया थोड़ी हिल जाती है। कभी-कभी यह आपको हंसाता है और कभी-कभी आप अपने आंसू रोक लेते हैं। कर्नल प्रताप रैना और तन्वी एक ही सिक्के के दो पहलू हैं।

### नजर आएगी भारी स्टारकास्ट

तन्वी द ग्रेट में एक बड़ी स्टारकास्ट नजर आने वाली है। जिसके बारे में पहले ही जानकारी दी जा चुकी है। फिल्म में इससे पहले तन्वी के किरदार में शुभांगी दत्त के अलावा बोमन ईरानी, इयान ग्लेन, जैकी श्रॉफ, नासिर, पल्लवी जोशी, करन ठक्कर और अरविंद स्वामी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। 'तन्वी द ग्रेट' की अभी तक रिलीज डेट सामने नहीं आई है।



## कोरिया की टूरिज्म एंबेसडर बनीं हिना

टीवी की मशहूर अभिनेत्री हिना खान को एक बड़ी जिम्मेदारी और उपलब्धि मिली है। हिना खान को कोरिया का टूरिज्म एम्बेस्डर बनाया गया है। हिना ने इसकी जानकारी अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के जरिए दी है। इस पोस्ट में हिना खान ने कई सारी फोटोज और कुछ वीडियो साझा करें। इन फोटोज में हिना खान को सम्मान दिया जा रहा है और कोरिया टूरिज्म के एंबेसडर की जिम्मेदारी सौंपी जा रही है। हिना ने एक तस्वीर उस प्रतिमा की भी साझा की है, जो उन्हें टूरिज्म एंबेसडर नियुक्त करते समय प्रदान की गई है। एक फोटो में हिना सम्मान में मिले बुके को लिए खड़ी हैं और एक तस्वीर में वो मीटिंग हॉल में बैठी कुछ बता रही हैं। हिना ने उन्हें मिले गिफ्ट्स की फोटो भी साझा की है। इन फोटोज को शेयर कर इस उपलब्धि पर हिना ने खुशी जताई है। साथ ही धन्यवाद भी जताया। कोरिया टूरिज्म का एंबेसडर बनना हिना ने अपने लिए गर्व और सम्मान की बात बताया।



## 500 जूनियर आर्टिस्ट के सामने घबरा गईं सामंथा?


सामंथा रूथ साउथ की मशहूर एक्ट्रेस हैं, अब वह हिंदी वेब सीरीज में भी नजर आती हैं। साउथ फिल्मों में उनकी इमेज चुलबुले किरदार निभाने वाली एक्ट्रेस की रही लेकिन एक फिल्म में आइटम डांस करके एक्ट्रेस ने अपनी इमेज को बदल दिया। इसी गाने की शूटिंग करना सामंथा के लिए काफी मुश्किल रहा। शूटिंग से जुड़े एक्सपीरियंस को साझा कर रही हैं, सामंथा। हाल ही में बातचीत में सामंथा कहती हैं, 'अपनी पूरी जिंदगी में मैंने खुद को एक हॉट लड़की नहीं माना। लेकिन फिल्म 'पुष्पा' के ऊ अंटावा आइटम सॉन्ग का जब ऑफर मिला तो मुझे लगा कि हां मैं ऐसी दिख सकती हूं। दरअसल, मैंने पहले कभी ऐसा नहीं किया था। यह गाना मेरे लिए एक चुनौती था।' सामंथा आगे कहती हैं, 'मुझे असल में हॉट दिखना था? मैं हमेशा क्यूट, चुलबुली लड़की का किरदार निभाती थी। लेकिन यह आइटम डांस अलग था, इस डांस में मैं ऐसी दिखी, जो मैं असल में नहीं हूं। वैसे इसे गाने को करते हुए मैं बहुत नर्वस थीं। मैं शॉट से पहले 500 जूनियर आर्टिस्ट के सामने कांप रही थी।'

एक्ट्रेस सामंथा के करियर फ्रंट की बात करें तो पिछले साल वह एक वेब सीरीज 'सिटाडेल हनी बनी' में दिखीं, इसमें वरुण धवन भी थे। वह एक वेब सीरीज 'रक्त ब्रह्मांड' भी कर रही हैं। बतौर प्रोड्यूसर भी सामंथा की एक फिल्म इस साल रिलीज होगी। सामंथा ने यह भी घोषणा की थी, उनके प्रोडक्शन हाउस तले बनने वाली फिल्मों में सभी को समान वेतन मिलेगा।




## पाकिस्तानी यूजर ने किया अनफॉलो तो भुवन बाम ने दिया करारा जवाब

भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के कारण कई पाकिस्तानी लोग भारतीय इंफ्लुएंसर को अनफॉलो कर रहे हैं। इस लिस्ट में अब भुवन बाम का नाम भी शामिल हो गया। भुवन को एक पाकिस्तानी यूजर ने अनफॉलो करने की बात कही तो इंफ्लुएंसर ने उसे करारा जवाब दिया। इसके बाद से ही भुवन की सोशल मीडिया पर खूब तारीफ हो रही है। एक पाकिस्तानी फॉलोअर ने भुवन बाम को इंस्टाग्राम पर मैसेज किया, 'सॉरी भुवन भैया, अनफॉलो।' इस शख्स के प्रोफाइल पर पाकिस्तानी झंडा लगा था। इस पाकिस्तानी फॉलोअर को भुवन बाम ने भी जवाब दिया। वह लिखते हैं, 'भाई, अपने देश के साथ खड़े रहने पर अगर फॉलोअर्स कम होते हैं, तो ऐसा ही सही।' इस बात के जरिए भुवन ने साबित कर दिया कि उन्हें फर्क नहीं पड़ता है कि पाकिस्तानी लोग उन्हें अनफॉलो कर रहे हैं। भुवन बाम का जब यह मैसेज वायरल हुआ तो इंडियन यूजर्स ने उनकी खूब तारीफ की। कई यूजर्स ने कहा, 'ये डिजिटल देशभक्ति है।' वहीं कई यूजर्स ने लिखा है, ' भुवन, एक ही दिल है कितनी बार जीतोगे।' इस तरह के कई कमेंट्स इंडियन यूजर्स भुवन बाम को लेकर किए। भुवन बाम ने यूट्यूब के जरिए अपना करियर शुरू किया, वह इस प्लेटफॉर्म पर फनी वीडियो बनाते थे। अब बतौर एक्टर वेब सीरीज में काम कर रहे हैं। 'ढिंढोरा' और 'ताजा खबर' जैसी सीरीज की हैं। इन सीरीज में भुवन ने लीड रोल निभाए हैं।



## ओटीटी ने मुझे एक एक्टर के तौर पर बचाया है

इन दिनों अभिनेता अमित सियाल फिल्म 'रेड 2' को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म में उन्होंने अजय देवगन के साथी का रोल किया है। हाल ही में अमित सियाल ने अमर उजाला से एक खास बातचीत की। इस बातचीत में अपने करियर को लेकर कई सारी बातें साझा कीं। बताते चलें कि अमित सियाल फिल्मों में काम करने के अलावा ओटीटी पर भी काफी काम कर चुके हैं। वेब सीरीज 'महारानी' में उन्होंने नवीन कुमार का किरदार किया था। वेब सीरीज 'महारानी' से अमित सियाल काफी मशहूर हुए। वह कहते हैं, 'जब उन्हें फिल्मों में काम नहीं मिल रहा था तो ओटीटी ने उन्हें एक एक्टर के तौर पर बचाया।' अमित सियाल बताते हैं कि पहले वह सोचते हैं थे उन्हें स्टार बनना है। आगे चलकर अहसास हुआ कि इस रास्ते पर चलते हुए उन्हें हर तरह के किरदार करने होंगे। यही कारण है कि ओटीटी पर अलग-अलग किस्म के रोल अमित ने किए हैं। अमित सियाल ने अब तक 'इन साइड एज', 'जमतारा', 'मिर्जापुर' और 'इंस्पेक्टर अविनाश' जैसी कई और चर्चित वेब सीरीज की हैं। अमित सियाल ने नागेश कुकुनूर के साथ एक वेब सीरीज की है जो इस साल रिलीज होने वाली है। इस सीरीज को लेकर अमित सियाल काफी उत्साहित हैं।



## रिश्ते में दोस्ती ढूंढ लें तो वो लंबा चलेंगे

राजकुमार राव अपनी जबरदस्त ऐक्टिंग की बदौलत फैंस के दिलों में राज कर रहे हैं। उन्होंने हमेशा अपने काम में विविधता रखी है, इसी वजह से उन्हें ढेर सारे कॉमिक किरदार निभाने के बावजूद कभी टाइपकास्ट होने का डर नहीं सताया। एक ओर जहां तमाम बॉलिवुड स्टार्स, साउथवालों के साथ मिलकर कोलैब कर रहे तो वहीं राजकुमार भी अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं। अपने पार्टनर के साथ दोस्ती बनाए रखना क्यों जरूरी है।

### अपने काम में हमेशा विविधता रखी है

राज ने अपने करियर में कई कॉमिक किरदार किए हैं। ऐसे में क्या उनके मन में कभी टाइपकास्ट होने का खयाल आया? इसके जवाब में ऐक्टर कहते हैं कि ऐसा कभी नहीं हुआ। पिछले साल मैंने श्रीकांत बोल्ला की बायॉपिक की थी। इस साल 'मालिक' आएगी, जो कि ऐक्शन पैक्ड फिल्म है। हमेशा मैंने अपने काम में विविधता रखी है। रही बात कॉमिडी की तो उसके लिए अच्छा लिखा होना बेहद जरूरी है। उसके बिना एक ऐक्टर को आप बोलें कि किसी सीन को फनी बना दो तो वो बहुत मुश्किल हो जाएगा। जब तक राइटिंग में कॉमिडी नहीं होगी, तब तक एक ऐक्टर के बस में नहीं है कि वो अकेले इतना कुछ कर सके।

### मौका मिला तो साउथ इंडस्ट्री में काम करूंगा

तमाम बॉलिवुड स्टार्स, साउथ ऐक्टर, डायरेक्टर के साथ कोलैब कर रहे हैं। इस बातचीत में अभिनेता ने अपना इरादा भी स्पष्ट किया। उन्होंने बताया कि ईमानदारी से कहूं तो अभी तक मेरे पास ऐसा कोई मौका आया नहीं है। साउथ इंडस्ट्री में बहुत टैलंट है। बहुत सारे अच्छे-अच्छे ऐक्टर-डायरेक्टर हैं, जिसमें लिजो और मणिरत्नम जैसे नाम शामिल हैं। भ?विष्य में अगर मुझे मौका मिलता है तो मैं जरूर उनके साथ काम करना चाहूंगा।

### अपने पार्टनर के साथ दोस्ती बनाए रखना जरूरी है

मेरा और पत्रलेखा का दिल तो कई साल से जुड़ा हुआ है। हमारे रिश्ते के 15 साल पूरे होने वाले हैं। मैं यही मानता हूं कि समय कम मिले चलेगा लेकिन दिल हमेशा मिले रहना ज्यादा जरूरी है। अब हम एक अलग मुकाम पर पहुंच चुके हैं। काम में व्यस्त होने की वजह से कई बार हम एक महीने तक नहीं मिल पाते लेकिन हमें एक-दूसरे की अहमियत पता है। हर रिश्ते की शुरुआत प्रेम से होती है। कई बार यही शादी में बदल जाती है जैसा कि हमारे साथ हुआ। हालांकि, अपने पार्टनर के साथ दोस्ती बनाए रखना बहुत जरूरी है। जैसे हम कई बार दोस्तों के साथ होते हैं तो समय का पता नहीं चलता, उसी तरह अगर आप अपने रिश्ते में भी दोस्ती ढूंढ लें तो वो लंबा चल जाता है।

### टाइटल का रोचक होना मायने रखता है

मुझे फिल्म के टाइटल नहीं, कहानी आकर्षित करती है। हालांकि, मेरी फिल्मों के टाइटल काफी रोचक होते हैं। यह बात एकदम सच है कि टाइटल का रोचक होना बहुत मायने रखता है क्योंकि वही पहली चीज होती है, जो ऑडियंस के पास जाती है। ऐसे में आपकी जिम्मेदारी बनती है कि मजेदार टाइटल सोचा जाए, जिससे वो ज्यादा से ज्यादा लोगों के जेहन में बस सके। बाकी मेरी लिए कहानी का मजबूत होना ज्यादा अहम है। अगर मुझे कहानी पसंद आ जाती है तो फिर मैं फिल्म करने के लिए हां कर देता हूं।

### सरकारी नौकरी करता तो आईएएस बनता

राजकुमार राव की फिल्म भूल चूक माफ का एक डायलॉग है कि दो महीने में सरकारी नौकरी ले आओ। ऐसे में जब उनसे यह सवाल किया गया कि वाकई में अगर आपको सरकारी नौकरी मिलती तो आप क्या बनते? इस पर ऐक्टर ने कहा कि मुझे फिल्म शादी में जरूर आना में डीएम सत्येंद्र शुक्ला (आईएएस अफसर) बनकर बड़ा मजा आया था। हकीकत में, मुझे मौका मिलता तो आईएएस अफसर ही बनता। उनकी फिल्म की कहानी टाइम लूप पर आधारित है। ऐसे में जब राजकुमार से पूछा गया कि अगर आपको पीछे जाकर कुछ बदलने का मौका मिले तो क्या बदलना चाहेंगे। इस पर अभिनेता ने कहा कि मैं अपने पैरंट्स का लॉस बदलना चाहूंगा। इसके अलावा, मेरे फिल्म स्कूल (एफटीआईआई) के दिन हमेशा जेहन में रहते हैं। पत्रलेखा के साथ गुजारे ट्रैवलिंग के दिनों को मैं बहुत याद करता हूं। साथ ही हमारी शादी के जो तीन दिन के कार्यक्रम थे, उन्हें भी मैं कभी नहीं भूल सकता हूं। चाहता हूं कि वो दिन बार-बार लौटकर आएं।

### अनुभव सिन्हा से इस बारे में बात करूंगा

फिल्म निर्देशक अनुभव सिन्हा के साथ राज ने फिल्म भीड़ में काम किया था। हाल ही में फिल्ममेकर ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया कि फिल्में दो तरह की बन रही हैं। एक बड़े पर्दे तो दूसरी ओटीटी के लिए। इस पर राज ने कहा कि वह मेरे बहुत अच्छे दोस्त हैं लेकिन इस मामले पर अभी मेरी उनके कोई बात नहीं हुई है। अभी उस पोस्ट में उन्होंने पूरी जानकारी भी नहीं दी है। वह इस बारे में आगे और भी बात करेंगे। उनसे बात करके ही बता पाऊंगा आखिर उन्होंने ऐसा क्या सोच कर लिखा है। हो सकता है कि कुछ ऐसा हुआ हो उनके साथ तो उन्हें लगा हो कि ऐसा लिखना चाहिए या हो सकता है कि उन्होंने किसी को स्पष्ट करने के लिए ऐसा किया हो।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादक: जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in